इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2019/78560
दैनिक
# विनय उजाला
आलीराजपुर
शुक्रवार, 15 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- 13
वर्ष : 07 | अंक : 167
कुल पृष्ठ : 12
न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!



वीनस विलियम्स 45 की उम्र में करेंगी फ्रेंच ओपन में वापसी ...10

## फर्स्ट कॉलम

### क्राइम ब्रांच में पवन खेड़ा से दूसरे दिन भी हुई लंबी पूछताछ

**गुवाहाटी, (हि.स.)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा गुरुवार को लगातार दूसरे दिन असम पुलिस की क्राइम ब्रांच के समक्ष पेश हुए। यह पूछताछ असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा से जुड़े कथित बहु-विदेशी पासपोर्ट मामले को लेकर चल रही जांच के संबंध में की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को पवन खेड़ा से करीब 8 घंटे तक मैराथन पूछताछ की गई। हालांकि, क्राइम ब्रांच कार्यालय में प्रवेश करते समय और बाहर निकलने के बाद मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### असम में घुसपैठ कर रहे 12 बांग्लादेशियों को पुलिस नेरोका

**गुवाहाटी, (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि बीएसएफ और असम पुलिस ने 12 कथित घुसपैठियों को असम में घुसपैठ करने से रोक दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह अभियान बीती मध्य रात्रि के ठीक बाद चलाया गया था, मध्य रात्रि करीब 12 :20 बजे, असम पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर घुसपैठियों की हलचल को रोका और 12 अवैध लोगों को असम में घुसने से रोक दिया। हालांकि, राज्य के किस हिस्से से घुसपैठ हो रही थी, इसका उन्होंने खुलासा नहीं किया है।

### 21 करोड़ की हेरोइन व अफीम के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी, (हि.स.)।** असम में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कामरूप पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 21 करोड़ 36 लाख मूल्य की हेरोइन और अफीम बरामद की है। इस मामले में पांच कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस के सीपीआरओ ने बताया कि, गुप्त सूचना मिली थी कि मणिपुर के क्वाक्टा से पड़ोसी राज्य की ओर जा रही बस संख्या एएस 06 एसी 7555 के जरिए भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर बस को रोककर तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान बस में बने गुप्त खाने से 197 साबुन के डिब्बों में छिपाकर रखी गई 2.561 किलो हेरोइन और 8 किलो अफीम बरामद की गई।

### अनिल अंबानी की कंपनियों पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने गुरुवार को कहा कि उसने रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों में से एक रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ दर्ज एक मामले के संबंध में सात परिसरों पर तलाशी ली है। ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि ये परिसर मुंबई, गुरुग्राम और बंगलूरू में फैले हुए थे। सीबीआई ने बताया, 'यह तलाशी अभियान कंपनी के तत्कालीन सीईओ, सीएफओ और निदेशकों के आवासीय परिसरों पर चलाया गया, जिन्होंने 2015-2017 की अवधि के दौरान अपनी सेवाएं दीं। यह तलाशी अभियान मुंबई स्थित सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की ओर से जारी तलाशी वारंट के आधार पर चलाया गया। तलाशी के परिणामस्वरूप आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आगे की जांच जारी है।

### Cartoon Corner




मध्यप्रदेश में भू-जल स्तर बढ़ाने की बड़ी पहल

# डग वेल रिचार्ज और खेत तालाबों के निर्माण में मिली अभूतपूर्व सफलता

विनय उजाला

**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश 'जल आत्मनिर्भरता' का एक नया इतिहास लिख रहा है। प्रदेश की जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और नवीन जल स्त्रोतों के निर्माण के उद्देश्य से शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अब अपने निर्णायक दौर में है। अभियान में न केवल लुप्त हो रही जल संरचनाओं को जीवनदान मिल रहा है, बल्कि वैज्ञानिक पद्धतियों से वर्षा जल के संग्रहण की क्षमता में भी ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 77 हजार 121 जल संरक्षण संबंधी कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जो राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरणीय संतुलन के लिए एक सुखद संकेत है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) के समन्वय से संचालित इस विशाल अभियान के लिए राज्य सरकार ने व्यापक वित्तीय प्रावधान किए हैं। पूरे प्रदेश में कुल 2 लाख 42 हजार 188 कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 6,201.81 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में अब तक 4,443.85 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है। अभियान का मुख्य उद्देश्य 'खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में' रोकने की अवधारणा पर है।




### सूक्ष्म स्तर पर हो रही मॉनिटरिंग

अभियान के अंतर्गत कार्यों को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर सूक्ष्म स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। विशेष रूप से 'डग वेल रिचार्ज' (सूखे कुओं का पुनर्भरण) में प्रदेश ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जहाँ 88,123 से अधिक कुओं को रिचार्ज करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और पशुपालन की सुविधा के लिए 53,568 खेत तालाबों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जल संरक्षण और पुनर्भरण की अन्य विधियों के तहत 27,332 कार्य संपन्न हुए हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण को मजबूती देने के लिए वृक्षारोपण और स्कूलों में जल टैंकों की सफाई जैसे रचनात्मक कार्यों को भी इस अभियान का हिस्सा बनाया गया है। जेएसजेबी 2.0 (जल संचयन जल भागीदारी) पहल के तहत भी 10 लाख से अधिक कार्यों का पंजीकरण राज्य की सक्रियता को दर्शाता है।

### खंडवा अग्रणी जिलों में शामिल

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिलों के प्रदर्शन की नवीनतम रैंकिंग (14 मई, 2026) के अनुसार, खंडवा जिला 7.51 के स्कोर के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। खंडवा में अब तक कुल 9,131 कार्य प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें से 2,944 कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 5,400 कार्यों की भौतिक पूर्णता (फिजीकल कॉम्पीटीशन) सुनिश्चित की गई है। रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खरगोन जिला (स्कोर 7.38) है, जिसने 81.17 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक 'बुक्ड एक्सपेंडिचर' (वित्तीय प्रगति) दर्ज की है। इसके पश्चात बड़वानी 7.23 के स्कोर के साथ तीसरे, उज्जैन 7.08 के स्कोर के साथ चौथे और राजगढ़ 6.90 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए जांच के आदेश

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 की मौत; 25 घायल

विनय उजाला

**देवास। मध्य प्रदेश के देवास जिले के ग्राम टोंककला के समीप स्थित एक पटाखा फैक्टरी में गुरुवार को जोरदार विस्फोट होने के बाद भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं।**

घटना के बाद प्रशासन ने फैक्टरी को सील कर दिया है, जबकि पुलिस ने फैक्टरी मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया और घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्राम टोंककला स्थित पटाखा फैक्टरी में गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे दो केमिकल मिलाकर बारूद बनाया जा रहा था। इसी दौरान केमिकल की मात्रा सही नहीं मिलने से विस्फोट हो गया। इसके बाद फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे अंदर मौजूद मजदूरों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राहत-बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंच गए और घायलों को तत्काल एंबुलेंस और अन्य वाहनों से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।





### गंभीर रूप से झुलसे मजदूरों को इंदौर रैफर किया

जिला प्रशासन ने हादसे में तीन श्रमिकों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों के नाम धीरज, सनी और सुमित बताए गए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से झुलसे मजदूरों को इंदौर के टी. चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तीन घायलों का उपचार एमवाय अस्पताल में चल रहा है, जबकि कुछ मरीजों को अरविंदो अस्पताल रेफर किया गया है। इसके अलावा लगभग नौ घायल देवास के अमलतास अस्पताल में भर्ती हैं। घायलों में पांच की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### 15 दिन पहले ही छोटे पटाखे बनाने का काम शुरू किया गया था

देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि यह फैक्टरी अनिल मालवीय नाम के व्यक्ति की है। यहां करीब 15 दिन पहले ही छोटे पटाखे बनाने का काम शुरू किया गया था और फैक्टरी के नाम लाइसेंस भी जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि फैक्टरी में हुए हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है। संभागायुक्त आशीष सिंह भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

### जांच के आदेश और आर्थिक सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने का समाचार हृदय विदारक है। उन्होंने बताया कि जिले के प्रभारी एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, गृह सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। घटना की जांच के आदेश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने एवं घायलों का नि:शुल्क इलाज करने के लिए निर्देश दिए हैं।

कोर्ट के बाहर लगे बुआ चोर-भतीजा चोर के नारे

# ममता काला कोट पहनकर हाईकोर्ट पहुंचीं, चुनावी हिंसा से जुड़े मामले में पैरवी की

कोलकता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी एक बार फिर काला कोट पहनकर कोर्ट में दलीलें देने पहुंची। ममता गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस पार्थसारथी सेन के सामने पेश हुईं।

मामला हाल के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई चुनावी हिंसा से जुड़ी जनहित याचिका का था। सुनवाई के दौरान ममता ने कोर्ट को बताया कि राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इसमें बुलडोजर एक्शन भी शामिल है। पुलिस एफआईआर दर्ज करने की परमिशन नहीं दे रही है। उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले, आगजनी और हत्याओं के आरोप लगाते हुए कोर्ट से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की। इधर, सुनवाई के बाद जब ममता कोर्ट रूम से बाहर निकलीं, तो गलियारों में मौजूद वकीलों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। ये सभी ममता को देखकर बुआ चोर-भतीजे चोर के नारे लगाने लगे।



### बार काउंसिल ने ममता के वकालत के रिकॉर्ड मांगे

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल बार काउंसिल से पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पंजीकरण और पेशेवर वकालत की स्थिति के संबंध में 48 घंटों के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने को कहा है। प्रचलित प्रथा के अनुसार, कोई भी व्यक्ति, जो संवैधानिक पद पर है या लाभकारी रूप से नियोजित है, उसे अपना बार लाइसेंस सेवा के दौरान निलंबित करवाना पड़ता है और फिर से वकालत करने के लिए इसे पुन: सक्रिय कराना होता है। एक पत्र में, बीसीआई ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल के सचिव को बनर्जी के वकील के रूप में पंजीकरण से संबंधित पूरी जानकारी और 2011 से 2026 तक उनके मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान और उसके बाद वकालत के संबंध में विवरण दो दिन के भीतर भेजने का निर्देश दिया।

मंत्री-विधायक मेट्रो-बस से चलेंगे

# दिल्ली में हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू, 50% ऑनलाइन मीटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि प्राइवेट कंपनियों से भी ऐसा करने के लिए कहेंगे। अब 50 फीसदी ऑनलाइन मीटिंग होगी। श्रम विभाग और अन्य विभागों को 20 फीसदी कम फ्यूल मिलेगा। सरकार के मंत्री, विधायक मेट्रो, डीटीसी से चलेंगे। मंत्रियों की विदेशी यात्राएं स्थगित कर दी गई हैं। दिल्ली सरकार तीन महीने तक



बड़े पब्लिक इवेंट नहीं करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऊर्जा संरक्षण और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की हैं। जिसमें मॉल और बाजार में 'मेड इन इंडिया' उत्पादों के लिए अलग स्थान बनेंगे। सरकार 90 दिन तक यह अभियान चलाएगी। इसमें स्कूल, अस्पताल और बाजार में कार्यक्रम होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बड़ा एक्शन

# 200 वाहनों के साथ पदभार ग्रहण करने पहुंचे पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर के अधिकार छीने

विनय उजाला

**भोपाल।** मप्र पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उन पर पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पेट्रोल-डीजल बचत संबंधी अपील के बावजूद विशाल वाहन रैली निकालने का आरोप है। ठाकुर ने हाल ही में पदभार ग्रहण करते समय 200 से भी अधिक वाहनों की विशाल रैली का आयोजन किया। इस आयोजन को



शासन के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन माना गया है। इस प्रकार की वाहन रैली न केवल राष्ट्रीय संसाधनों के अपव्यय को दर्शाती है, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और ईंधन बचत के प्रति सरकार की अपील की भी अवहेलना है। ठाकुर से इस संबंध में लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही मामले में अंतिम निर्णय होने तक उनके प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। आदेश के अनुसार, अब वे मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के कार्यालय अथवा परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे, निगम की किसी भी सुविध का उपयोग नहीं कर सकेंगे और न ही किसी प्रशासनिक निर्णय में भाग ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त उनके निगम से संबंधित बैठकों में भाग लेने एवं अध्यक्षता करने पर भी रोक लगा दी गई है।

# कांग्रेस ने किया ऐलान... केरलम के मुख्यमंत्री बनेंगे वीडी सतीशन, 18 मई को शपथ लेंगे

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

कांग्रेस नेता वीडी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे। कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन परावूर सीट से विधायक हैं। घोषणा के बाद सतीशन गुरुवार को केरलम के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया। वे 18 मई को केरलम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल



गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम मुख्यमंत्री वीडी सतीशन होंगे। नाम के ऐलान होने का बाद सतीशन ने कहा- मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं। मैं वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला समेत सभी नेताओं को अपने विश्वास में लूंगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला का नाम चल रहा था।

ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची की अपील

# ब्रिक्स के मंच पर यूएन चार्टर का उल्लंघन करने वालों की खुलकर करें निंदा

नई दिल्ली, एजेंसी

**ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ब्रिक्स मंच से संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उल्लंघन करने वालों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।**

उन्होंने सदस्य देशों से अपील की कि अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन करने वालों की निंदा करने में अब किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। गुरुवार को ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए अराघची ने कहा कि पिछले एक साल में ईरान पर दो बार 'क्रूर और गैरकानूनी' आक्रमण हुए हैं।



उन्होंने कहा कि इन हमलों को झूठे आरोपों के आधार पर उचित ठहराने की कोशिश की गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के आकलन इससे अलग तस्वीर पेश करते हैं। उनके अनुसार, ईरान को 'गैरकानूनी विस्तारवाद और युद्धोन्माद' का शिकार बनाया जा रहा है। अराघची ने कहा कि भारी दबाव और हिंसा के बावजूद ईरानी जनता ने अपनी स्वतंत्रता, संप्रभुता और आत्मसम्मान से कोई समझौता नहीं किया है। उन्होंने दोहराया, 'ईरान न कभी दबाव के आगे झुका है और न ही झुकेगा।' अपने संबोधन में उन्होंने ईरान की सेना, डॉक्टरों, शिक्षकों और सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि इन सभी ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपने जीवन को जोखिम में डाला है। उन्होंने युद्ध से प्रभावित परिवारों, विशेषकर माताओं और युवाओं के साहस का भी उल्लेख किया।

### ईरान ऐसा देश नहीं है जो दबाव में टूट जाए

अराघची ने कहा कि ईरान ऐसा देश नहीं है जो दबाव में टूट जाए, बल्कि हर संकट के बाद और अधिक मजबूत होकर सामने आता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तेहरान कूटनीति और बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अपनी स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान से जुड़े किसी भी विवाद का सैन्य समाधान संभव नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि यदि किसी विदेशी ताकत ने हमला किया, तो ईरानी सशस्त्र बल उसका 'कड़ा और निर्णायक जवाब' देने के लिए तैयार हैं, जबकि ईरान की आम जनता युद्ध नहीं चाहती।

**ब्रिक्स देशों से अब्बास अराघची की अपील...** ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ब्रिक्स देशों से अपील की कि वे अमेरिका और इस्राइल की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानून के कथित उल्लंघनों की खुलकर निंदा करें, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के राजनीतिक इस्तेमाल को रोकें और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करने वालों को जवाबदेह ठहराने की दिशा में कदम उठाएं। अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा कि ब्रिक्स को एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था बनाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए जो अधिक न्यायपूर्ण, संतुलित और मानवीय हो।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उप मुख्यमंत्री देवड़ा फटाखा फैक्ट्री में हुए घायल मरीजों से मिलने अस्पताल पहुंचे

# सभी घायलों को बेहतर उपचार के चिकित्सकों को दिए निर्देश : उप मुख्यमंत्री

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** देवास जिले में स्थित टोंककला के पास आज फटाखा फैक्ट्री में हुए दु:खद अग्निकांड में घायल मरीजों से मिलने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इंदौर के चोईथराम और एमवाय अस्पताल पहुंचे।

यहां उन्होंने चिकित्सा विशेषज्ञों से घायलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने चोईथराम अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती मरीजों से मिले और उनके स्वास्थ्य उपचार की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों का उचित उपचार किया जाए। किसी भी मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। घायल मरीजों के परिजनों से भी संवाद किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि अस्पताल में मरीजों का नि:शुल्क और बेहतर उपचार किया जा रहा है। इस मौके पर इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, चोईथराम अस्पताल के प्रबंधन से जुड़े श्री लखवानी, देवास के चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य डॉक्टर्स उपस्थित रहें। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा चोईथराम अस्पताल से एमवाय अस्पताल गए। वहाँ उन्होंने बर्न यूनिट में उपचार के लिए भर्ती घायल मरीजों से मिले और उन्हें विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सभी घायलों का अस्पताल में नि:शुल्क उपचार किया जा रहा है। इस मौके पर एमवाय के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव एवं अन्य चिकित्सक विशेषज्ञ उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा के पहुँचने के पूर्व उज्जैन संभागायुक्त श्री आशीष सिंह और उज्जैन आईजी श्री राकेश गुप्ता, इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा घायलों से मिले और चिकित्सा विशेषज्ञों से उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की।





### जल संसाधन मंत्री सिलावट घायलों से मिलने एमवाय अस्पताल पहुंचे

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एमवाय अस्पताल में घायलों से मिलने पहुँचे। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर उज्जैन संभागायुक्त श्री आशीष सिंह, उज्जैन आईजी श्री राकेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी एवं संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

### संवेदनशील मुख्यमंत्री





इंदौर (विनय उजाला)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देर शाम चोइथराम हॉस्पिटल पहुँचे। उन्होंने यहां देवास में हुई घटना में प्रभावितों से मिले और उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### चोइथराम हॉस्पिटल में राष्ट्रीय एनआरपी दिवस का आयोजन






**इंदौर, ( विनय उजाला )।** चोइथराम हॉस्पिटल में दिनांक 10 मई 2026 को राष्ट्रीय एनआरपी दिवस (Neonatal Resuscitation Program Day) उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 40 डेलीगेट्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन कोर्स कोऑर्डिनेटर एवं लीड इंस्ट्रक्टर डॉ. जेनिशा जैन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में फैकल्टी के रूप में डॉ. रश्मि शाद, डॉ. उज्ज्वला मावी, प्रो. श्रीजा विजयन एवं प्रो. राखी चंदेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रियेश विश्वकर्मा थे, जिन्होंने नवजात शिशु पुनर्जीवन (Neonatal Resuscitation) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आयोजन की सराहना की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों में नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल एवं पुनर्जीवन संबंधी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रायोगिक सत्रों का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सफलतापूर्वक हुआ।

### नगरीय निकाय एवं पंचायत मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए 15 से 25 मई तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 मई से 25 मई 2026 तक निर्धारित केन्द्रों पर मतदाता सूची संबंधी दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले के नगरीय निकायों एवं पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित नागरिक निर्धारित अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा विलोपन संबंधी दावे-आपत्तियां प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आयोग के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

### सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को इंदौर के 27 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी

## निर्देशों पालन करना सभी के लिए जरूरी : संभागायुक्त डॉ. खाड़े

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2026 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उन्होंने इस परीक्षा में संलग्न हों रहे अधिकारियों और केन्द्राध्यक्षों से कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित निर्देशों का अक्षरश: पालन करना सभी के लिए आवश्यक है। आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं व सुविधाओं के लिये संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने जानकारी प्राप्त करने के निर्देश है। बैठक में उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद सिंह सहित नगर निगम, एमपीईबी, पोस्ट ऑफिस और कोषालय अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए इंदौर में 27 केंद्र बनाए गए है। इसमें एक केंद्र पीडब्ल्यूडी के लिए निर्धारित किया गया है। इन केंद्रों पर 12 हजार 104 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 24 मई, रविवार को दो सत्रों में आयोजित होगी। पहला सत्र सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2.30 से शाम 4.30 तक रहेगा। परीक्षा केंद्र में प्रवेश केवल आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए ई-एडमिट कार्ड के आधार पर ही दिया जाएगा। उक्त परीक्षा के संचालन हेतु संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को परीक्षा समन्वयक अधिकारी बनाया गया है तथा संयुक्त आयुक्त, लिटिगेशन एवं समन्वय श्रीमती शैली कनाश को प्रभारी परीक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



### प्रतिबंधित वस्तुएं

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा हाल में कैलकुलेटर, मोबाइल फ़ोन/ आईटी. गैजेट्स/ डिजिटल घड़ियाँ/ स्मार्ट घड़ियाँ/ब्लूटूथ/कोई भी अन्य संचार उपकरण, बैग आदि अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षार्थियों को ई-एडमिट कार्ड में बताए गए स्थान (Venue) के अलावा किसी अन्य स्थान पर परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र के अंदर केवल पेन, पेंसिल, ई-एडमिट कार्ड, स्वयं की तस्वीरें, आईडी प्रूफ या ई-एडमिट कार्ड में बताई गई कोई अन्य चीज़ ही ले जाने की अनुमति रहेगी।

## 20 हजार 499 रुपए की मशरुका के साथ चोर गिरफ्तार

मनोहर राजपूत

**इंदौर ( विनय उजाला )।** द्वारकापुरी थाना पुलिस ने मकान का नकुचा तोड़कर मोबाइल, घड़ी और नगदी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 20 हजार 499 रुपये कीमत का मशरुका जब्त किया है। इंदौर शहर में चोरी और नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस उपायुक्त जोन-4 सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग अन्नपूर्णा शिवेन्दु जोशी के नेतृत्व में थाना प्रभारी द्वारकापुरी को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे।



घटना दिग्विजय मल्टी क्षेत्र की है, जहां 13 मई 2026 की रात अज्ञात बदमाश ने मकान का नकुचा तोड़कर घर में रखा मोबाइल, घड़ी और पर्स में रखी नगदी चोरी कर ली थी। फरियादी की शिकायत पर थाना द्वारकापुरी में अपराध क्रमांक 341/26 धारा 305(), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान थाना प्रभारी मनीष मिश्र की टीम ने सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विजय उर्फ बिरजू पिता हिरालाल डावर उम्र 19 वर्ष निवासी आई-40 दिग्विजय मल्टी इंदौर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल, घड़ी और नगदी सहित कुल 20,499 रुपये का सामान बरामद किया है।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्र, उपनिरीक्षक कमलेश डावर तथा प्रधान आरक्षक नाहरसिंह भंवर की सराहनीय भूमिका रही।

### एमडी सिंह ने की सिंहस्थ कार्य की समीक्षा

**इंदौर (विनय उजाला)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने गुरुवार को उज्जैन दौरे के दौरान स्काडा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर की सप्लाई व्यवस्था पर 24 घंटे निगरानी रखी जाए, किसी भी फॉल्ट या ब्रेकडाउन की स्थिति में उसे तत्काल अटेंड किया जाए। इसके उपरांत प्रबंध निदेशक श्री सिंह द्वारा सिंहस्थ के कार्यों की समीक्षा की गई तथा कार्यों को समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने हेतु निर्देशित किया।

## अटल गृह ज्योति योजना अंतर्गत लाखों घरों में रियायती बिजली का उजियारा...

### एक माह में दी 152.61 करोड़ रूपए की सब्सिडी



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक निश्चित खपत होने पर प्रभावी रूप से लागू अटल गृह ज्योति योजना का पश्चिम मप्र में प्रभावी क्रियान्वयन कर लाखों उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा रहा है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पिछले एक बिल माह के दौरान मालवा निमाड़ में 30 लाख आठ हजार से ज्यादा उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। इन उपभोक्ताओं प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट की दर से प्रदान की गई है।

इन उपभोक्ताओं को मप्र शासन की ओर से एक माह के दौरान कुल 152.61 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में सबसे ज्यादा सब्सिडी इंदौर जिले में 18 करोड़ रूपए से ज्यादा की सब्सिडी प्रदान की गई है। मप्र के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान के बाद फीडबैंक भी नियमित रूप से लिया जा रहा हैं। योजना के तहत औसतन रूप से तीस दिन के दौरान 150 यूनिट व प्रतिदिन औसत पांच यूनिट की खपत वाले घरेलू उपभोक्ता इस योजना की पात्रता में आते है। बीते एक बिल माह में माह कंपनी क्षेत्र में करीब 30.08 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। इंदौर जिले सबसे ज्यादा पौने चार लाख उपभोक्ता बीते एक माह के दौरान गृह ज्योति योजना से लाभान्वित हुए है। इंदौर जिले के इन पात्र उपभोक्ताओं को करीब करीब अठारह करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई हैं। धार जिले में करीब पौने तीन लाख उपभोक्ताओं को पंद्रह करोड़ की सब्सिडी, उज्जैन जिले में 2.85 लाख को 14.53 करोड़ की सब्सिडी, खरगोन जिले में 2.68 लाख उपभोक्ता 13.68 करोड़ की सब्सिडी से लाभान्वित हुए है। इसी तरह रतलाम जिले में 2.38 लाख उपभोक्ताओं को 11.62 करोड़ की, देवास जिले में 2.08 लाख उपभोक्ताओं को 11.28 करोड़ की, , मंदसौर जिले में 2.21 लाख उपभोक्ताओं को 11.13 करोड़ की सब्सिडी, बड़वानी जिले में 2.02 लाख को 10,78 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई है।

### सीए, डॉक्टर के साथ महापौर का स्वच्छता संवाद

## डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने दिए भविष्य के इंदौर के लिए दूरदर्शी सुझाव

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित 'स्वच्छता संवाद' में शहर के विकास, यातायात सुधार, स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण, पर्यटन और नगर वित्तीय स्वावलंबन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर डॉक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) के साथ विस्तृत चर्चा हुई। सिटी बस कार्यालय के सभागार में आयोजित इस संवाद में बड़ी संख्या में दोनों पेशों से जुड़े नागरिकों ने भाग लिया और भविष्य के इंदौर के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर की निरंतर प्रगति का आधार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है। आप सभी लोगों के प्रयासों से आपकी जन भागीदारी और जागरूकता से शहर आठ बार लगातार नंबर बनवाया है और अब नवी बार शहर को नंबर वन लाने की जिम्मेदारी आपकी और हम सब की है डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स जैसे जागरूक एवं विशेषज्ञ वर्गों के सुझाव शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, यातायात सुधार और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।





### नागरिकों के प्रमुख सुझाव

**डॉ. अरुण अग्रवाल :** उन्होंने कहा कि नागरिकों को वॉकिंग और साइक्लिंग के प्रति प्रेरित किया जाना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक रविवार को 'वॉकिंग एवं साइक्लिंग डे' के रूप में मनाया जा सकता है।

**डॉ. शिवाजीराव :** उन्होंने ट्रैफिक अनुशासन को सुदृढ़ करने, यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने की आवश्यकता बताई।

**डॉ. सतीश लाहोटी, डॉ महेश राठी :** उन्होंने कहा कि शहर में लगातार विकास हो रहा है लेकिन ट्रैफिक को लेकर कुछ मजबूत कदम उठाने की आवश्यकता है कुछ सख्त नियम बनाने की आवश्यकता है

**डॉ. दीपक जाजू :** उन्होंने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। नाबालिग वाहन चालकों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

**डॉ. राई सिंघानी :** उन्होंने लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इसके प्रभावी उपयोग के लिए नागरिकों को जागरूक करना जरूरी है। साथ ही निर्माण कार्यों के बाद सड़कों की समय पर मरम्मत सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**डॉ. रवि वर्मा :** उन्होंने बड़े संस्थानों और अस्पतालों में सोलर पैनल तथा सोलर पार्किंग को बढ़ावा देने का सुझाव दिया।

**एस.एन.गोयल सीए :** उन्होंने स्मार्ट स्ट्रीट लाइट के लिए लागू सीसीएमएस (Centralized Control and Monitoring System) की सराहना करते हुए नगर निगम की दस्तावेज़ी सत्यापन और निगरानी प्रणाली को और मजबूत बनाने का सुझाव दिया।

**पूजा शर्मासीए :** उन्होंने कहा कि बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए शहर में फ्लाईओवरों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। साथ ही नशे के बढ़ते कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है।

**दीपिका अग्रवाल सीए :** उन्होंने महिला ऑटो चालकों को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें पर्यटन-अनुकूल बनाने तथा युवाओं में बेहतर ट्रैफिक सेंस विकसित करने के लिए अभियान चलाने का सुझाव दिया।

**अनिल गर्ग सीए :** उन्होंने कहा कि शहर को और अधिक आकर्षक और सौंदर्यपूर्ण बनाने की आवश्यकता है। खाली प्लॉटों में जमा स्क्रैप और कचरे को हटाकर उनका बेहतर उपयोग किया जा सकता है। अन्य डॉक्टरों और सीए ने सुझाव दिया कि शहरहित में कई बार कठोर निर्णय लेना आवश्यक होता है। भारी वाहनों तथा तेज आवाज करने वाले वाहनों के संचालन को नियंत्रित करने की जरूरत बताई गई, ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### महापौर ने रखी नगर वित्तीय स्वावलंबन की रूपरेखा

संवाद के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि 74वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम के बाद देश में नगर निकायों को संवैधानिक मान्यता मिली, लेकिन आज भी बहुत कम शहर ऐसे हैं जो पूर्ण रूप से वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर मॉडल पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम इंदौर अपने राजस्व संग्रह को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है और आने वाले वर्षों में शहर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी के चौथे चरण की योजना के माध्यम से शहर को अतिरिक्त जल उपलब्ध कराया जाएगा। आने वाले वर्षों में इंदौर को प्रतिदिन लगभग 900 एमएलडी पानी उपलब्ध होगा, जिससे वर्ष 2040 तक शहर की पेयजल आवश्यकता पूरी होने का मार्ग प्रशस्त होगा।


## कार्यालय नगर परिषद कसरावद, जिला-खरगोन (म.प्र.)

Telephone No. 07285-231360 E-mail ID : cmokasrawad@mpurban.gov.in

क्रमांक/1072/सामग्री/ई-टेंडरिंग/2026 कसरावद, दिनांक : 13.05.2026

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

एतद् द्वारा समस्त एजेन्सी/एनजीओ/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कसरावद को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये स्वच्छता शाखा अन्तर्गत, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, वाहनों के लिये अस्थाई वाहन चालक श्रमिक/हेल्पर/सफाई संरक्षक श्रमिक एवं जल प्रदाय व्यवस्था अन्तर्गत, लेबर श्रमिक कलेक्टर दर उपलब्ध कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 2000/- तथा अमानत राशि (ई.एम.डी.) की राशि रू. 50,000/- निर्धारित है। इच्छुक एजेन्सी/एनजीओ/ठेकेदार आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी निविदा दर ई-टेण्डरिंग प्रणाली के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर E-tender id No. 2026_UAD_507391_1 से देखा जा सकता है। निविदादाता को मेन पॉवर के लिए मासिक सेवा शुल्क (सर्विस चॉर्ज) प्रति व्यक्ति के मान से शासन से निर्धारित न्यूनतम मानदेय पर उसके द्वारा प्रस्तुत ऑफर/बिड की प्रतिशत दर से भुगतान किया जावेगा।

उपरोक्त वेबसाईट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 30.05.2026 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारी होगी। विस्तृत निविदा उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

( कमलेश गोले )
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कसरावद

## कार्यालय जेल अधीक्षक, शहीद जननायक टंट्या भील, जिला जेल खण्डवा (म.प्र.)

क्रमांक 751/निर्वाह/2026 खण्डवा, दिनांक : 08/05/2026

:: वार्षिक ई-निविदा सूचना ::
वित्तीय वर्ष 2026-27

मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अधीन जिला जेल खण्डवा के लिए वर्ष 2025-26 में खाद्यान्न, सब्जी एवं विविध सामग्रियों की आपूर्ति हेतु वार्षिक ई-निविदा विज्ञप्ति (द्वितीय आमंत्रण) निम्नानुसार जारी की जाती है।

:: निविदा कार्यक्रम का विवरण :-

| क्रं. | विवरण | दिनांक / समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 14/05/2026 दोपहर 11.00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल खण्डवा |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 28/05/2026 शाम 17.00 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किए जा सकेंगे। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 28/05/2026 शाम 17.00 बजे तक | वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किए जा सकेंगे। |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 28/05/2026 शाम 17.00 बजे तक | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल खण्डवा |
| 5. | नमूनों का गुणवत्ता परीक्षण की तिथि | 30/05/2026 दोपहर 12.00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल खण्डवा |
| 6. | तकनीकी ई-निविदा खोलने की तिथि | 30/05/2026 दोपहर 01.00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल खण्डवा |
| 7. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 30/05/2026 शाम 17.00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल खण्डवा |

निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, जिसकी सूचना जिला जेल खण्डवा के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी।

जी-12852/26

''बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल''

जेल अधीक्षक
जिला जेल खण्डवा
( मध्यप्रदेश )

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



# दैनिक विनय उजाला

शुक्रवार, 15 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- 13

बैलेट पेपर से वोटिंग में एनडीए कहीं नहीं टिकेगा ...05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

## फर्स्ट कॉलम

### कर्नाटक : शिक्षण संस्थानों में हिजाब चलेगा, लेकिन भगवा शॉल नहीं



**मैसूर, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनकी सरकार के धार्मिक प्रतीकों से जुड़े आदेश के तहत शिक्षण संस्थानों में भगवा शॉल की अनुमति नहीं होगी, जबकि पहले से चली आ रही परंपराएं जैसे हिजाब, पगड़ी, रुद्राक्ष और जनेऊ की अनुमति जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि जो धार्मिक परिधान पहले से प्रचलन में हैं, उन्हें अनुमति दी जाएगी। विपक्ष ने इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे 'तुष्टिकरण की राजनीति' बताया था। कुछ हिंदू संगठनों ने स्कूलों में भगवा शॉल पहनने की धमकी भी दी थी। अब मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भगवा शॉल की अनुमति नहीं होगी।

### पेट्रोल पंप पर टैंकर में लगी आग, बड़ा हादसा टला



**इंदौर।** इंदौर के मांगलिया इलाके में गुरुवार सुबह एक पेट्रोल पंप पर खड़े टैंकर में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने सूझबूझ से जलते टैंकर को तुरंत पंप से दूर कर दिया, जिससे आग फैलने से बच गई। फायर ब्रिगेड के मुताबिक घटना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे की है। अशोक लेलैंड शोरूम के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर खाली हो चुके टैंकर के केबिन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब एक टैंकर पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया।

### बॉर्डर पर मिला पाकिस्तानी ड्रोन, हथियार और हेरोइन तस्करी की आशंका

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए नशा और हथियार तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं, लेकिन सीमा पार से ड्रोन गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार देर रात फाजिल्का के भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार गांव चक्क बाजीदा के खेतों में ड्रोन गिरने की सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने तुरंत इलाके को सील कर संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान खेतों से एक ड्रोन बरामद किया गया। इस मामले में थाना सदर जलालाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोयला खदान में एयर ब्लास्ट, 40 से ज्यादा श्रमिक घायल

**कोलकाता, (हि. स.)।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में कोलियरी की भूमिगत खदान में हुए भयावह एयर ब्लास्ट हुआ है। हादसे में 40 से अधिक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि एक श्रमिक की मौत हो गई है। हालांकि, खदान प्रबंधन की ओर से खबर लिखे जाने तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह पहली शिफ्ट के दौरान करीब 10 :30 बजे खदान के 27 नंबर विभाग में श्रमिक कोयला कटाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक खदान की एक परत से तेज एयर ब्लास्ट हुआ, जिससे भीतर जबरदस्त वायु दबाव बन गया। विस्फोट से श्रमिक दूर जा गिरे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उस समय उक्त खदान में करीब 20-25 कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें दो अधिकारी भी शामिल थे।

---

ईरान ने यूएई तट के पास एक जहाज को किया जब्त

# ओमान में भारतीय झंडा लगा जहाज हमले के बाद डूबा, 14 क्रू मेंबर्स को बचाया

नई दिल्ली, एजेंसी



**ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। 'हाजी अली' नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे कोई ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार टकरा गया। हादसे के बाद जहाज में आग लग गई, हालांकि ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया।**

गुजरात के द्वारका निवासी और जहाज मालिक सुलतान अहमद अंसार ने बताया कि एमएसवी हाजी अली जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हो गया। क्रू मेंबर्स ने बताया कि जहाज से किसी विस्फोटक जैसी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद जहाज में आग लग गई। हालात बिगड़ने पर सभी 14 क्रू मेंबर्स ने लाइफ बोट की मदद से जहाज छोड़ा। इससे पहले 7 मई को होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा गुजरात के द्वारका का एक और मालवाहक जहाज एमएसवी एएल फैज नूरे सुलेमानी-१ भी अमेरिका और ईरान नेवी के बीच फायररिंग का शिकार हुआ था।

### भारत ने ओमान में भारतीय जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की

ओमान के तट बुधवार को भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुए हमले की भारत ने कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर रहा कि ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा, हमला अस्वीकार्य है और हम इस बात की निंदा करते हैं कि कमर्शियल जहाजों और आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहाज पर सवार सभी भारतीय क्रू सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। भारत ने बचाव अभियान के लिए ओमान के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने, निर्दोष आम क्रू सदस्यों की जान जोखिम में डालने या किसी भी तरह से जहाजों के आने-जाने और व्यापार की आजादी में रुकावट डालने से बचा जाना चाहिए।

### होर्मुज जलडमरूमध्य में रणनीतिक चिंता

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग एक-चौथाई हिस्सा गुजरता है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता सीधे तौर पर वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित करती है। इन घटनाओं के बीच पश्चिम एशिया में पहले से ही राजनीतिक तनाव चरम पर है।

### होर्मुज नाकाबंदी के बाद 70 जहाजों का रास्ता बदला

अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा है कि होर्मुज की नाकाबंदी शुरू होने के बाद अब तक 70 व्यापारिक जहाजों का रास्ता बदला गया है। सेंटकॉम के मुताबिक, अमेरिकी नौसेना ने चार जहाजों को डिएक्टिव भी किया है। हालांकि, यह साफ नहीं बताया गया कि इन जहाजों के साथ क्या कार्रवाई की गई। यह बयान ऐसे समय आया है जब आईआरजीसी ने दावा किया कि पिछले 24 घंटों में उसने कई व्यापारिक जहाजों को होर्मुज से गुजरने की इजाजत दी है। इनमें चीन से जुड़े जहाज भी शामिल थे।

---

अमेरिका-चीनी राष्ट्रपतियों के बीच द्विपक्षीय बैठक

# जिनपिंग बोले- पार्टनर बनें, कॉम्पटीटर नहीं ट्रम्प ने कहा- आपसे दोस्ती सम्मान की बात

बीजिंग, एजेंसी



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में जिनपिंग ने ट्रम्प का स्वागत किया। इस दौरान ट्रम्प को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया।**

दोनों नेताओं के बीच 2 घंटे बैठक चली। बैठक की शुरुआत में जिनपिंग ने कहा कि पूरी दुनिया इस बैठक पर नजर लगाए हुए है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और अमेरिका-चीन रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम हैं। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि पार्टनर बनना चाहिए। उन्होंने कहा, बार-बार साबित हुआ है कि ट्रेड वॉर में कोई विजेता नहीं होता। चीन-अमेरिका आर्थिक संबंधों का आधार आपसी लाभ और विन-विन सहयोग है।

वहीं ट्रम्प ने जिनपिंग की तारीफ करते हुए कहा, आपका दोस्त होना सम्मान की बात है।' ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी नेताओं को अपने साथ लेकर चीन आए हैं।

### जिनपिंग को मिला व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की राष्ट्रपति शी जिनपिंग आगामी 24 सितंबर को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे। ट्रंप ने कहा कि यह एक पारस्परिक आधिकारिक यात्रा होगी। अपने संबोधन में उन्होंने शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन को अमेरिका आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि वे इस वर्ष सितंबर में व्हाइट हाउस में उनके स्वागत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ट्रंप ने दोनों देशों के बीच संबंधों को 'गहरे और लंबे समय से चले आ रहे' बताते हुए कहा कि अमेरिका और चीन के लोगों के बीच रिश्ते बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बैठक को विशेष और सकारात्मक अनुभव भी बताया और दोनों देशों के बीच सहयोग की सराहना की।

### ऊर्जा, व्यापार और नशीली दवाओं पर चर्चा

एक चीनी अधिकारी के मुताबिक दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना जरूरी है। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के युद्ध की वजह से यह समुद्री रास्ता लंबे समय से बंद है। शी जिनपिंग ने इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का टैक्स या टोल लगाने का विरोध किया है। अधिकारी के अनुसार, शी जिनपिंग ने अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने की रुचि दिखाई है। चीन चाहता है कि भविष्य में खाड़ी देशों के तेल पर उसकी निर्भरता कम हो जाए। बैठक में नशीली दवाओं (फेंटानिल) को बनाने वाले रसायनों की सप्लाई रोकने पर भी बात हुई।

### दोनों देशों के बीच रिश्ते ऐतिहासिक हैं

अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का चीन के साथ संबंध देश की स्थापना के समय से ही जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि 1784 में अमेरिका के पहले कॉन्सुल सैमुअल शॉ चीन पहुंचे थे, जब पहला अमेरिकी व्यापारिक जहाज यहां आया था। ट्रंप ने कहा कि तब से लेकर आज तक यह संबंध और भी मजबूत हुआ है और यह वैश्विक इतिहास के सबसे प्रभावशाली संबंधों में से एक बन चुका है।

### बातचीत को बताया सकारात्मक और उत्पादक

बीजिंग में हुई बैठकों का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी और चीनी प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत बेहद सकारात्मक और उत्पादक रही। उन्होंने कहा 'आज हमारी चर्चाएं बहुत ही उपयोगी और अच्छे माहौल में हुईं। यह दोनों देशों के हित में है और भविष्य में भी ऐसे संवाद जारी रहने चाहिए।' ट्रंप ने आगे कहा कि यह मुलाकात दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### ताइवान मुद्दे पर शी जिनपिंग की ट्रंप को सलाह

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि ताइवान मुद्दे को गलत तरीके से संभालने से दोनों देशों के बीच गंभीर टकराव और यहां तक कि सैन्य संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है। यह बयान ऐसे समय आया है जब दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, ईरान युद्ध और वैश्विक रणनीतिक संतुलन जैसे कई संवेदनशील मुद्दों पर बातचीत कर रही हैं।

### शी जिनपिंग ने ट्रंप के स्वागत को बताया ऐतिहासिक

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे के दौरान आयोजित राजकीय भोज में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करना चीन के लिए सम्मान की बात है। शी जिनपिंग ने अपने संबोधन में इस दौरे को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब चीन अपने आर्थिक और सामाजिक विकास की 15वीं पंचवर्षीय योजना की शुरुआत कर रहा है।

---

वैश्विक मुद्दों पर हुई अहम बातचीत

# प्रधानमंत्री मोदी से रूसी विदेश मंत्री की मुलाकात



नई दिल्ली, एजेंसी

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। लावरोव इन दिनों ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत के दौरे पर हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हित से जुड़े कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय विषयों पर विस्तार से बात की। चर्चा के दौरान यूक्रेन और पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर भारत का स्पष्ट और पुराना रुख एक बार फिर सामने रखा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या या संघर्ष का समाधान निकालने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे बेहतर विकल्प है। उन्होंने शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि लावरोव ने प्रधानमंत्री को दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में हुए 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद से द्विपक्षीय रिश्तों में कितनी प्रगति हुई है। उस समय प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मुलाकात हुई थी। मुलाकात के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्गेई लावरोव से राष्ट्रपति पुतिन को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजने का आग्रह किया। इस बैठक ने भारत और रूस के बीच मजबूत होते रिश्तों और वैश्विक शांति के प्रति साझा चिंताओं को एक बार फिर सामने रखा है।

---

## जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने 'अपमान' पर किया ऐक्शन का ऐलान, कहा- मैं चुप नहीं रह सकती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत ने कथित शराब घोटाले से जुड़े केस में बड़ा ऐक्शन लिया है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि कुछ प्रतिवादियों ने उनके खिलाफ अत्यंत मानहानिकारक और दुर्भावनापूर्ण सामग्री पोस्ट की और वह इस पर चुप नहीं रह सकती हैं।

जस्टिस शर्मा ने कहा कि उन्हें अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक का प्रतिनिधित्व करने के लिए न्याय मित्रों के नामों का ऐलान करना था। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, 'आज मैं एमिकस क्यूरी के नामों का ऐलान करने वाली थी। लेकिन इस बीच यह मेरे संज्ञान में आया कि मेरे और अदालत के खिलाफ बहुत अपमानजनक और निंदनीय सामग्री पोस्ट की जा रही है। मैं चुप नहीं रह सकती। इसलिए मैंने कुछ प्रतिवादियों और अन्य अवमानना करने वालों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा- अगर सरकार को ही फैसला करना है तो सिलेक्शन कमेटी में नेता विपक्ष को रखकर स्वतंत्रता का दिखावा करने की जरूरत क्या है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि सीबीआई डायरेक्टर की सिलेक्शन कमेटी में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली समिति में कोई स्वतंत्र सदस्य नहीं रखा गया है। कोर्ट 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023' को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

चुनाव आयोग ने तीसरे चरण का किया ऐलान

## 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी



चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसके तहत देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। चुनाव आयोग के अनुसार, जनगणना के तहत चल रही गृह-सूचीकरण प्रक्रिया के साथ साझा जमीनी तंत्र को ध्यान में रखते हुए एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। आयोग के अनुसार, एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। यह पूरा कार्यक्रम मई 2026 से शुरू होकर दिसंबर 2026 तक चलेगा और अलग-अलग राज्यों में अंतिम मतदाता सूची सितंबर से दिसंबर 2026 के बीच प्रकाशित की जाएगी।

**हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बाद में होगा एसआईआर...** एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश इसमें कवर हो जाएगा। आयोग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदाता सूची के कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी।

---

भविष्य के युद्धों की तैयारी : 'संबद्धता समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर किए

# सेना और नौसेना के बीच बेहतर तालमेल और कार्यप्रणाली को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी



**देश की सुरक्षा को और मजबूती देने के लिए भारतीय सेना व भारतीय नौसेना ने 'मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन ऑन अफिलिएशन' को मंजूरी दी है।**

गुरुवार 14 मई को दोनों सेनाओं के बीच 'संबद्धता समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य थलसेना और नौसेना के बीच बेहतर तालमेल, आपसी समझ और संयुक्त कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है। भविष्य के बदलते युद्ध स्वरूप को देखते हुए आर्मी और नौसेना के बीच हुआ यह समझौता काफी अहम माना जा रहा है।

सैन्य बलों के अनुसार यह समझौता भारतीय सशस्त्र बलों के बीच संयुक्तता, एकीकरण और बेहतर तालमेल स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसका उद्देश्य भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप आधुनिक, एकीकृत और बहु-आयामी सैन्य क्षमता विकसित करना है। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है ताकि देश की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके। गौरतलब है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तीनों सेनाओं के बीच उत्कृष्ट तालमेल देखने को मिला था।

सेना, नौसेना और वायुसेना के समन्वित प्रयासों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को उल्लेखनीय सफलता दिलाई। इस अभियान ने यह साबित किया कि भविष्य के सैन्य ऑपरेशन में संयुक्त और बहु-आयामी सैन्य संचालन कितने महत्वपूर्ण होंगे। इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य दोनों सेनाओं की विभिन्न संरचनाओं, रेजीमेंटों, प्रतिष्ठानों और युद्धपोतों के बीच संस्थागत सहयोग को औपचारिक रूप देना है। इसके माध्यम से दोनों सेनाओं के बीच आपसी समझ बढ़ाने, परिचालन समन्वय मजबूत करने और दीर्घकालिक पेशेवर संबंध विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### सेनाओं के बीच समन्वय बेहतर करने पर फोकस

इससे विभिन्न सैन्य इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग विकसित होगा। गुरुवार को हुए इस समझौता ज्ञापन पर भारतीय सेना की ओर से एडजुटेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल वीपीएस कौशिक और भारतीय नौसेना की ओर से चीफ ऑफ पर्सोनल वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ और नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्सायन भी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कई मौकों पर कह चुके हैं कि वर्तमान समय में सुरक्षा वातावरण लगातार जटिल बना हुआ है और तेजी से बदल रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा अब केवल देश की सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के समुद्री और आर्थिक हितों की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो गई है। भारतीय नौसेना देश के समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने, समुद्री व्यापार मार्गों को सुरक्षित रखने और निर्बाध व्यापार संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# सम्पादकीय

## पश्चिम एशिया संकट के बीच सोने पर सख्ती

पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का फिलहाल कोई स्थायी हल नजर नहीं आने के मद्देनजर भारत में इसके प्रभाव को कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर अमल शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री की ओर से हाल में जनता से किए गए आग्रह के बाद सोने-चांदी पर आयात शुल्क छह फीसद से बढ़ाकर पंद्रह फीसद कर देने की घोषणा से की गई। इसके बाद इन कीमती धातुओं के दाम में बुधवार को भारी उछाल आया। सरकार का कहना है कि संकट के समय गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। दरअसल, भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। हालांकि, आभूषण कारोबारी सरकार के इस कदम से निराश हैं, लेकिन यह भी सच है कि समय रहते समुचित उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में जो जटिल परिस्थितियां पैदा होंगी, उनका सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर ही पड़ेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, भोजन पकाने के तेल के इस्तेमाल में कमी लाने और सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपाय अपनाने का आह्वान किया था। संदेश स्पष्ट था कि देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसे कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर बढ़ना होगा। इसमें दोराय नहीं है कि किसी भी बड़े संकट से निपटने के लिए आम नागरिकों की भी अहम भूमिका होती है। जन भागीदारी के बिना न तो कोई योजना सफल हो पाती है और न ही संकट के दौरान आवश्यक उपायों का व्यापक स्तर पर सार्थक परिणाम सामने आता है। सोने-चांदी की खरीद नागरिकों की मूलभूत जरूरतों से परे है और इसे कुछ समय के लिए सीमित कर देने से अगर विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कुछ कम हो जाए, तो यह एक सार्थक पहल साबित हो सकती है। सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है।

## दैनिक विनय उजाला — सुविचार

फलों से लदा पेड़ और गुणवान व्यक्ति ही झुकते हैं,
सूखा हुआ पेड़ और मूर्ख व्यक्ति
अपनी अकड़ की वजह से कभी नहीं झुकते।
**- दीपक शास्त्री, बेंगलुरू**

जिसने खुद का बुरा वक्त देखा हो वो
किसी का बुरा नहीं सोचते।
**- एच.एल. खुशाल, इंदौर**


मेहनत का फल मुसीबतों का हल और आने वाला
कल सब ईश्वर के हाथों में है। उम्मीद कभी
संसार से नहीं, संसार को रचनेवाले से रखनी चाहिए।
**- के.पी. जाट, भोपाल**

प्रेम और स्नेह में वो शक्ति है जो ईश्वर को भी झुकने पर
मजबूर कर देती है। सुदामा के पास संपत्ति नहीं थी,
पर उनका प्रेम इतना सच्चा था कि स्वयं श्री कृष्ण ने उनके पैर धोए।
**- माया बैरागी, सैलाना रतलाम**

रिश्ते कमजोर नहीं होने चाहिए, अगर एक खामोश है,
तो दूसरे को आवाज देनी चाहिए।
**- अर्चना लवानिया**

मजबूरियाँ आती है हमे मज़बूत बनाने के लिए
उससे हारे नहीं बल्कि उससे लड़ कर आगे बढ़े।
**- नरेश वर्मा, महू**

## इतिहास के पन्नों में 15 मई... पर्वतारोहण में महिला का कमाल और मैकडॉनल्ड की शुरुआत का दिन




15 मई का दिन विश्व इतिहास में कई महत्वपूर्ण घटनाओं के लिए याद किया जाता है। इस दिन पर्वतारोहण की दुनिया में एक महिला ने असाधारण उपलब्धि हासिल कर बिना ऑक्सीजन सिलेंडर के माउंट एवरेस्ट की चोटी तक पहुंचकर नया इतिहास रचा। इस साहसिक कारनामे ने महिलाओं की पर्वतारोहण क्षमता को लेकर बनी कई धारणाओं को बदल दिया। उस महिला का नाम है एलिसन हारग्रीव्स। इस ब्रिटिश महिला पर्वतारोही ने बिना पूरक ऑक्सीजन और बिना किसी शेरपा की मदद के माउंट एवरेस्ट फतह किया था। उन्होंने यह असाधारण उपलब्धि 13 मई 1995 को हासिल की और इसके बाद 15 मई 1995 को दुनिया भर के मीडिया में इस खबर ने नया इतिहास रचा। पर्वतारोहण के इतिहास में इस उपलब्धि को आज भी प्रेरणादायक माना जाता है, जहां कठिन परिस्थितियों और कम ऑक्सीजन के बावजूद शिखर तक पहुंचना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। इस उपलब्धि ने दुनिया भर के पर्वतारोहियों को नई प्रेरणा दी।

**विशेष सम-सामयिक**

> अधिक से अधिक शहरों में मेट्रो नेटवर्क बिछाना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। कार निर्माता तब मेट्रो कोच निर्माण की ओर भी जा सकते हैं, जिनके निर्यात आदेश प्राप्त करने के लिए भी प्रयास किये जाने चाहिए। वे अपनी उत्पादन क्षमता का उपयोग तीन पहिया वातानुकूलित आटोरिक्शा बनाने में भी कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की तरह

# अब नौकरशाह भी तेल बचाएं..!!



दैनिक विनय उजाला

**- सुभाषचंद्र अग्रवाल**
**( लेखक सबसे अधिक पत्र लिखने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक हैं तथा आरटीआई सलाहकार हैं )**
**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**



हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यपूर्व में लगातार युद्धक स्थितियां बनी रहने के कारण देशवासियों को आगाह किया था कि इससे देश की आर्थिक स्थिति पर भारी बोझ पड़ रहा है। अत: देशवासियों को तेल के इस्तेमाल पर संयम बरतना चाहिए। क्योंकि भारत अपनी कुल जरूरत का 70 फीसदी से ज्यादा तेल आयात करता है और जिस तरह से लगातार तनाव की स्थितियां बनी हुई हैं, उसके कारण पिछले दो महीनों में तेल की कीमतें दोगुने से ज्यादा बढ़ गई हैं। इस कारण भारतीय तेल कंपनियों को हर दिन लगभग 2400 करोड़ रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री का आह्वान इन्हीं समस्याओं को लेकर था और अब जबकि खुद उन्होंने अपने कारों के काफिले में महत्वपूर्ण कमी कर दी है कि कल (13 मई 2026) वह सिर्फ दो कारों के साथ राजधानी दिल्ली में निकले थे। इसी का अनुसरण गृहमंत्री अमित शाह को भी करते देखा गया है। इसलिए अब बड़ी जिम्मेदारी बाकी मंत्रियों, नौकरशाहों और देश के एलीट वर्ग की है कि वो भी इस कदम का अनुसरण करें।,

प्रधानमंत्री की आम लोगों से तेल बचाने के लिए की गई अपील, राष्ट्रीय हित में स्वागत योग्य है। लेकिन अभी दो दिन पहले तक यह सवाल बना हुआ था कि क्या वह खुद अपने कार काफिले में उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कमी करेंगे या कि उनके वरिष्ठ मंत्री ऐसा करेंगे। अब जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरी 13 मई 2026 को राजधानी दिल्ली में महज दो कारों के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए जाते दिखे हैं, जिसमें एक में वह स्वयं थे और दूसरी में उनके एसपीजी के सुरक्षा गार्ड, तो यह सवाल उठता है कि अन्य मंत्री, प्रदेशों के मुख्यमंत्री और दिगर मंत्री, नौकरशाह तथा देश का अभिजात्य वर्ग प्रधानमंत्री के इस उदाहरण से कितनी सीख लेता है? मसलन देश में चुनावी रैलियों और रोड शो जैसे राजनीतिक प्रदर्शनों पर इस समय पूर्णत: प्रतिबंध लगा देना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा यह अध्ययन किया जाना चाहिए कि शीर्ष सरकारी पदाधिकारियों के कार काफिलों को उनकी सुरक्षा प्रभावित किये बिना कम किया जा सकता है या नहीं। एक कदम जो सरकार को और उठाना चाहिए वह यह कि केंद्र और राज्य तथा उनके विभिन्न उपक्रमों द्वारा सरकारी कार खरीद कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से किफायती श्रेणी की कार्यों तक सीमित कर देना चाहिए। केवल राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और भारत आने वाले विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के लिए ही अपवाद के तौरपर लग्जरी कारों के उपयोग की सुविधा होनी चाहिए। साल 2021 में तेलंगाना सरकार की 30-30 लाख रुपये की कीमत वाली 32 नई लग्जरी कारें खरीदने के लिए जबर्दस्त आलोचना हुई थी। इसी तरह सरकार को सेना के जवानों के लिए कैंटीन स्टोर डिपार्टमेंट्स से कुछ दिनों के लिए जीएसटी सब्सिडी देकर कारें नहीं बेंची जानी चाहिए।

अब समय आ गया है कि एयरकंडीशनिंग सुविधा वाले उन्नत आटोरिक्शा बाजार में लाये जाएं, ताकि कम से कम मध्यमवर्ग ऐसे वातानुकूलित आटोरिक्शा का उपयोग पसंद करें। इससे सड़क और पार्किंग की समस्या कम होगी तथा ये पर्यावरण अनुकूल भी होंगे। क्योंकि अब आटोरिक्शा या तो बिजली से चलते हैं या सीएनजी इंजन वाले होते हैं। जब ऐसे वातानुकूलित आटोरिक्शाओं का निर्माण शुरु हो जायेगा, तो सरकारी विभागों, मंत्रालयों और उन उपक्रमों की कारों को भी बड़े पैमाने पर उनसे बदला जा सकता है। दिल्ली में पहले ही कारों की उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए कार पार्किंग शुल्क दोगुना किया जा चुका है। लेकिन इसके विपरीत छोटी कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। निश्चित रूप से इसमें कार निर्माताओं की प्रभावशाली लॉबी का दखल रहा होगा। हालांकि मंहगी कारों पर जीएसटी बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जाना, एक सही निर्णय था।

अधिक से अधिक शहरों में मेट्रो नेटवर्क बिछाना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। कार निर्माता तब मेट्रो कोच निर्माण की ओर भी जा सकते हैं, जिनके निर्यात आदेश प्राप्त करने के लिए भी प्रयास किये जाने चाहिए। वे अपनी उत्पादन क्षमता का उपयोग तीन पहिया वातानुकूलित आटोरिक्शा बनाने में भी कर सकते हैं। सभी करों के सहित 10 लाख रुपये से अधिक एक्स शो रूम कीमत वाली कारों के निर्माण को हतोत्साहित करने हेतु कदम उठाये जाने चाहिए। महंगी कारों पर रोड़ टैक्स, बीमा प्रीमियम और अन्य सभी शुल्क सस्ती कारों की तुलना में दोगुने होने चाहिए। कारों का वर्गीकरण, उनकी लंबाई और इंजन क्षमता के बजाय एक्स शो रूम कीमत के आधार पर होना चाहिए। किसी भी श्रेणी की कार डीजल इंजन में नहीं होनी चाहिए। पेट्रोल और डीजल की खरीद कीमत लगभग सामान होने के बावजूद डीजल को सार्वजनिक परिवहन और मालवाहक वाहनों के लिए सस्ता रखा जाता है। इसलिए कारों में सस्ते डीजल का उपयोग एक तरह से चालाकी है। यह नहीं होना चाहिए।

देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पर्यावरण प्रदूषण निवारण नियंत्रण समिति जिसकी अध्यक्षता भूरेलाल कर रहे थे, उन्होंने दिल्ली में गैर सीएनजी कारों पर पूर्ण प्रतिबंध का सुझाव दिया था। हालांकि ऑड-इवन प्रणाली मध्यमवर्ग के लिए बड़ी समस्या बन सकती है। क्योंकि अमीर लोग इस व्यवस्था से बचने के लिए अलग-अलग ऑड और इवन नंबरों वाली कई कारें खरीद लेंगे। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन ढांचे की कमी को देखते हुए सबसे अच्छा उपाय यही है कि आटोरिक्शाओं की संख्या पर लगी हर प्रकार की सीमा हटायी जाए। इससे पर्याप्त संख्या में आटोरिक्शा सड़कों पर होंगे और ड्राइवरों द्वारा मीटर से न चलने या गंतव्य तक जाने के लिए मना करने जैसी समस्याएं कम होंगी। प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर दिल्ली जैसे शहर में 10 वर्ष पुरानी डीजल कारों और 15 वर्ष पुरानी पेट्रोल कारों को अनिवार्य रूप से कबाड़ घोषित करने की कार स्क्रैपिंग नीति, वास्तव में कार उद्योग को बढ़ावा देने का अप्रत्यक्ष तरीका है, इसलिए इस पर रोक लगनी चाहिए। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि हर पंजीकृत वाहन वर्कशॉप में प्रदूषण जांच मशीनें हों और वहां से निकलने वाले हर वाहन को प्रदूषण प्रमाण पत्र दिया जाए।

यह सेवा और प्रमाण पत्र नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाना चाहिए। क्योंकि इसकी लागत बहुत अधिक नहीं है। हर वाहन के लिए अनिवार्य होना चाहिए कि वह 10 वर्ष बाद अधिकृत वर्कशॉप जाकर कंप्यूटरीकृत फिटनेस परीक्षण में शामिल किया जाए और योग्य पाये जाने पर ही उसे अगले समय के लिए लाइसेंस दिया जाए, जो कारें परीक्षण पास करने में असफल रहें, उन्हें स्क्रैप करने का आदेश दिया जाना चाहिए। वर्तमान नीति जिसमें डीजल कारों को 10 वर्ष और पेट्रोल कारों को 15 वर्ष अनिवार्य रूप से स्क्रैप कर दिया जाता है, उसे बंद कर दिया जाना चाहिए। विशेषकर उन वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सुरक्षा के लिए जो अपनी कारों को बहुत कम इस्तेमाल में लाते हैं। 10 वर्ष बाद कारों के लिए अलग रंग की नंबर प्लेट शुरु की जानी चाहिए। किसी कार मॉडल के बहुत अधिक वैरिएंट ग्राहकों को भ्रमित करते हैं अत: केवल दो वैरिएंट होने चाहिए। एक किफायती ग्राहकों के लिए बेसिक एलएक्स और दूसरा सभी अतिरिक्त सुविधाओं से युक्त वीएक्स के साथ, तीसरा आटोमेटिड गेयर वाला मॉडल भी होना चाहिए।

केंद्र सरकार को बैटरी जैसी सामान्य एक्सेसरीज के मानकीकरण को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि विभिन्न कंपनियों की अलग-अलग कारों में समान पुरजों का उपयोग हो सके। इससे सीमित आकार और विनिर्देशों में बड़े पैमाने पर उत्पादन के कारण उपभोक्ता वस्तुओं की लागत काफी कम हो सकती है। जब तक ऐसे दिशा-निर्देश केंद्र सरकार की आटो नीति में उल्लेखित हैं, लेकिन वास्तविक सच्चाई यही है कि व्यवहारिक दुनिया में इनका पालन नहीं होता। कारों के स्पेयर पार्ट्स की अत्यधिक कीमतें कार निर्माताओं को भी भारी मुनाफा देती हैं। क्योंकि इस पर कोई उनका एकाधिकार नहीं है। इस तरह केंद्र सरकार अगर वाकई चाहती है कि लोग कार का उपयोग कम करें, तो भावुक आह्वानों से बात नहीं बनेगी। सीधे उपभोक्ताओं और निर्माताओं के पास जाना होगा।

# हमारा परिवार, हमारा सबसे बड़ा सहारा

हमारे कृषि प्रधान देश में संयुक्त परिवार रामायण व महाभारत काल से चली आ रही प्राचीन परम्पराओं व स्थापित आदर्शों के हिसाब से चल रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में संयुक्त परिवार से निकल लोग एकल परिवार की तरफ आकृष्ट हो रहे हैं।

कुछ साल पहले बीते कोरोना वाले संक्रमण काल में घटित घटनाओं से यह सभी को समझ में आ जाना चाहिये कि घर सबसे ज्यादा सुरक्षित स्थान है।इस तथ्य को हमारे पूर्वज तो हमेशा से ही न केवल इसे यानि घर बल्कि संयुक्त परिवार के बारे में समझाते रहे हैं।लेकिन इन बीते चालीस वर्षों में यह देखने में आ रहा है कि कई लोग अपने स्वार्थ और धनलोलुपता की वजह से कहिये या पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित हो अपना संयुक्त परिवार छोड़ एकल परिवार वाला सिद्धांत को अपना लेते हैं। वे यह कदम बिना दूर की सोचे उठा तो लेते हैं लेकिन अब जब इस संक्रमण काल में एकल परिवार का एक भी सदस्य रोग ग्रसित होता है तब उन्हें पुन: अपने दादा, दादी, नाना, नानी वगैरह द्वारा समझाई गयी बात को याद कर सोचते हैं कि उन लोगों ने हमें ठीक ही संयुक्त परिवार के बारे में समझाया था कि मिल जुलकर रहेंगे तो न केवल हर दु:ख हो या खुशी मिल बाँटगे यानि आवश्याकता पड़ने पर हमें किसी भी प्रकार के बाहरी मदद पर निर्भर रहना नहीं पड़ेगा। अब मैं इस कॉलम के प्रबुद्ध पाठकों को अपनी उम्र के इस पड़ाव पर एकल परिवार व संयुक्त परिवार से सम्बन्धित जो अनुभव मेरे ध्यान में हैं वह साँझा करना चाहूँगा ताकि वे समय रहते स्वयं सही निर्णय ले सकें।

सबसे पहले अपने परिवार का ही उदाहरण देकर मैं यह बताना चाहता हूँ कि हम सभी भाई संयुक्त होते हुए भी अलग अलग शहरों में रहते हैं जिसका एक मात्र कारण व्यवसाय है। जबकि किसी भी तरह की नयी जगह में प्रवेश का मामला हो या किसी भी सदस्य की मृत्यु या फिर शादी विवाह हो या मायरा, जिसे भात भरना भी कहते हैं, के अलावा भी हर तरह का बड़ा सामूहिक पारिवारिक आयोजन, पर हम सभी भी सपत्निक इकठ्ठे ही नहीं होते हैं बल्कि निर्णय भी सर्वसम्मति से ले, क्रियान्वयन कर अपनी सहभागिता निभाते हैं यानि सुख और दुःख के समय आराम से सारे काम आसानी से निपट जाते हैं, जिससे किसी को कोई भी काम भारी नहीं लगता।

अब एक दूसरा उदाहरण जो बीते संक्रमण काल के समय में आप सभी ने भी अनुभव किया होगा कि सब जगहों से श्रमिक बिना समय गवायें, कार्यस्थल छोड़, आनन फानन में अपने अपने गावों की तरफ सारी तकलीफें झेलते हुए भी पहूँचे और उनके संयुक्त परिवार के सदस्यों ने न केवल राहत की साँस ली बल्कि उनका तहेदिल से स्वागत ही नहीं किया बल्कि जब तक वे घर में रहे उनसभी की पूरी पूरी देखभाल भी की। और ये लोग भी गाँव पहूँच, परिवार के काम में बिना समय गँवाये, अपना हाथ बटाना शुरू कर दिया। इसी तरह श्रमिकों के अलावा कुछ ऐसे भी थे जो संयुक्त परिवार से कट कर रह रहे थे जिसके चलते मजबूरन उन्हें वहीं कार्यस्थल वाली जगह पर ही रुकना पड़ा और इसी बीच यदि कोई एक सदस्य भी संक्रमित या बीमार हुआ तो उस पर तो दुःखों का पहाड़ ही टूट पड़ा क्योंकि सब कुछ यानि दवा हो या भोजन सब व्यवस्था एक पर ही आ पड़ती है।ऐसे लोगों को इसके अलावा भी अनेकों तरह की अन्य तकलीफों से भी रूबरू होना पड़ा है।अब एक खास तथ्य यह है कि कोरोना काल वाला समय बीतने के बाद,विशेषकर कोरोना पीड़ितों वाले एकल परिवारों को तो यह भी आभास हो गया कि पैसा के आगे संयुक्त परिवार बहुत मायने रखता है। इस तरह लिखने को तो बहुत कुछ लिखा जा सकता है और आपको इस विषय पर पढ़ने को भी बहुत कुछ मिल ही जायेगा लेकिन मैंने उपरोक्त वर्णित सशक्त उदाहरणों से आप सभी के सामने एकल परिवार व संयुक्त परिवार की एक ऐसी तस्वीर पेश करने की पूरी पूरी चेष्टा की है जिससे वर्णित लाभ-नुकसान वाले तथ्य भी अपने आप ही आपके दिमाग में आने लगेंगे। फिर भी आज के समय यानि आर्थिक युग को ध्यान में रख, पाठकों की सुविधा के लिये कुछ ब्यापक मुख्य बिन्दु जैसे अनुभव, आत्मनिर्भरता, मदद, एकता, साँझा, सामाजिक सुरक्षा, मनोवाज्ञानिक मजबूती, काम प्रतिबंध, जल्द निर्णय, कम खर्च, अधिक गोपनीयता, संचय, विनिवेश, त्यौहार वगैरह पर लाभ - नुकसान अवश्य सोच लें तो निर्णय लेने में सुविधा होगी। अन्त में मेरा निष्कर्ष तो यही है कि संयुक्त परिवार की नींव में सहिष्णुता और निस्वार्थ भाव से आपसी सहयोग मुख्य बिन्दु हैं जिसका तात्पर्य यही है कि अगर मिलजुल कर रहेंगे तो आसानी से हर एक समस्या पर आपसी रजामंदी से समय रहते ही निजात पा सकते हैं। उपरोक्त वर्णित सारे तथ्यों को कवि लक्ष्मण धामी %मुसाफिर% ने अपनी इन दो पंक्तियों एकाकी जीवन सदा, बैठा दुख की छाँव। पड़ जाते परिवार में, बरबस सुख के पाँव।। के माध्यम से हम सभी को स्पष्ट सन्देश दे सचेत किया है।

इसके अलावा मेरे अनुभव अनुसार संयुक्त परिवार में समय समय पर अनेक स्थापित मापदण्डों में भी रजामंदी से सर्वमान्य बदलाव अपनाये गए हैं। इस तथ्य को आप सभी के ध्यान में लाने यानि बतलाने का एकमात्र तात्पर्य यही है कि अभी भी, आज के परिवेश को ध्यान में रख रजामंदी से सर्वमान्य बदलाव की पूरी-पूरी गुंजाइश है।अत: हमें हमेशा ही परिवार में मिलजुल कर रहने की कोशिश करना चाहिए ताकि हम आपस में खुशी-खुशी जीवन जी सकें।इसलिये संयुक्त परिवार का हिस्सा बनें क्योंकि जब परिवार में एकजुटता रहेगी तभी एक मजबूत समाज निर्माण हो पायेगा जो आज के समय की आवश्यकता है।

दैनिक विनय उजाला

**- गोवर्द्धन दास बिन्नाणी**
**'राजा बाबू'**
**जय नारायण व्यास कॉलोनी,**
**बीकानेर**




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को लेकर एक चिंतित नागरिक का भारत के प्रधानमंत्री के नाम एक खुला पत्र

# 'आप केवल एक व्यक्ति नहीं, 140 करोड़ भारतीयों की आशा हैं'

**आदरणीय मोदी जी,**
**सादर प्रणाम।**

देश के आम नागरिकों को बचत का संदेश देने के लिए आपने दो गाड़ियों के काफिले में जिस तरह यात्रा की उसे देखकर सभी देशवासियों का मन विचलित हो गया।
आदरणीय, आप देश के दूसरे नेताओं को बचत का संदेश देने के नाम पर अपनी जान को जोखिम में नहीं डाल सकते हैं। यह पत्र किसी राजनीतिक विचारधारा, समर्थन या विरोध का नहीं, बल्कि एक सामान्य भारतीय नागरिक की उस चिंता का प्रतीक है, जो आज करोड़ों देशवासियों के मन में आपके प्रति है। आपसे सहमति-असहमति लोकतंत्र का हिस्सा हो सकती है, लेकिन आपकी सुरक्षा को लेकर चिंता पूरे राष्ट्र की साझा भावना है।
मोदी जी, 140 करोड़ भारतीयों की आशा का केंद्र बना आपका जीवन अब केवल आपका व्यक्तिगत जीवन नहीं रह गया है। आप भारत की आशाओं, आत्मविश्वास और वैश्विक पहचान का चेहरा बन चुके हैं। देश का एक बड़ा वर्ग आपको केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि भारत की आकांक्षाओं के प्रतिनिधि के रूप में देखता है जो भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रहा है, जो भारत को विश्व गुरु स्थापित करने की संकल्पना को मूर्त रूप दे रहा है। आप जैसे रामभक्त के संकल्प के कारण



ही 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या जी में भव्य , नव्य और दिव्य राम जन्मभूमि मंदिर के हम सब दर्शन कर सके हैं। यही कारण है कि जब भी आपकी सुरक्षा से जुड़ी कोई खबर सामने आती है, तो करोड़ों भारतीयों का मन विचलित और बेचैन हो उठता है।
आज भी लोगों को वह घटना याद है जब पंजाब में एक फ्लाईओवर पर आपका काफिला लंबे समय तक रुका रहा। वह दृश्य केवल राजनीतिक विवाद नहीं था; उसने देश के सामान्य नागरिक को भीतर तक चिंतित कर दिया था। प्रधानमंत्री की गाड़ी खुले फ्लाईओवर पर रुकी रहे और चारों ओर अनिश्चितता का वातावरण हो—यह दृश्य किसी भी राष्ट्र के लिए सहज नहीं माना जा सकता। उस दिन बहुत से लोगों ने पहली बार महसूस किया कि सुरक्षा में छोटी सी चूक भी कितनी बड़ी आशंका पैदा कर सकती है।
इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई तस्वीरें चर्चा का विषय बनीं। चीन में आयोजित सम्मेलन के दौरान जब आप रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की गाड़ी में जाते दिखाई दिए, तब भी लोगों ने इसे अलग-अलग नजरिए से देखा। किसी ने इसे मित्रता का संकेत माना, तो किसी ने सुरक्षा दृष्टि से चिंता जताई। सामान्य भारतीय नागरिक के मन में एक ही सवाल था—क्या हमारे प्रधानमंत्री की सुरक्षा हर परिस्थिति में पूरी तरह सुनिश्चित है?
मोदी जी, यह चिंता केवल घटनाओं तक सीमित नहीं है। समय-समय पर आपको मिलने वाली धमकियों की खबरें भी सामने आती रहती हैं। कभी आतंकवादी संगठनों से चेतावनी, कभी सोशल मीडिया पर उकसावे, कभी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अलर्ट, ये सब खबरें आम भारतीय को बेचैन करती हैं, क्योंकि देश जानता है कि आज दुनिया पहले जैसी नहीं रही। खतरे अब केवल सीमा पर नहीं होते; वे तकनीक, साइबर नेटवर्क, ड्रोन और भीड़ के भीतर भी छिपे हो सकते हैं।
हम जानते हैं कि आप जनता के बीच रहना पसंद करते हैं। रोड शो, सार्वजनिक सभाएं, अचानक लोगों के बीच पहुंच जाना,यह आपकी राजनीतिक शैली का हिस्सा रहा है। यही कारण है कि लोग आपसे जुड़ाव महसूस करते हैं। लेकिन एक नागरिक के रूप में हमारी चिंता यह भी है कि कहीं यह निकटता आपकी सुरक्षा पर अतिरिक्त जोखिम न बन जाए।
हम यह भी समझते हैं कि सादगी आपकी पहचान है। कई बार सीमित काफिले, कम तामझाम और सहज उपस्थिति लोगों को प्रभावित करती है। लेकिन मोदी जी, देश यह भी मानता है कि सादगी और सुरक्षा के बीच संतुलन आवश्यक है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा कोई व्यक्तिगत सुविधा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। आपका सुरक्षित रहना भारत की राजनीतिक स्थिरता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और 140 करोड़ लोगों के मनोबल से जुड़ा हुआ है।
भारत ने पहले भी अपने प्रधानमंत्रियों को खोने का दर्द झेला है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास में और फिर प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में हत्या केवल राजनीतिक घटनाएं नहीं थीं; वे राष्ट्रीय आघात थे। उन घटनाओं ने देश को यह सिखाया कि सुरक्षा में छोटी सी लापरवाही भी इतिहास बदल सकती है। शायद इसी कारण आज जब भी आपकी सुरक्षा को लेकर कोई खबर आती है, तो लोगों का मन आशंकित हो उठता है।
दूसरी ओर, देश यह भी देखता है कि छोटे-छोटे पदों पर बैठे लोग सैकड़ों गाड़ियों के काफिले लेकर चलते हैं। कहीं 500 गाड़ियां, कहीं 700 गाड़ियों का शक्ति प्रदर्शन। यह दृश्य आम नागरिक को विचलित करता है। एक तरफ देश का प्रधानमंत्री सीमित सुरक्षा घेरे में दिखाई देता है और दूसरी ओर छोटे नेता वैभव का प्रदर्शन करते हैं। यह संतुलन स्वाभाविक नहीं लगता।
मोदी जी, जनता आपसे प्रेम करती है, इसलिए आपकी चिंता भी करती है। यह चिंता केवल राजनीतिक समर्थकों की नहीं, बल्कि उन लोगों की भी है जो लोकतंत्र में मजबूत और सुरक्षित नेतृत्व चाहते हैं। मतभेद हो सकते हैं, आलोचना हो सकती है, लेकिन देश का प्रधानमंत्री सुरक्षित रहे, इस पर पूरे राष्ट्र की एक राय होनी चाहिए।
हम आपसे केवल एक विनम्र आग्रह करना चाहते हैं कि कृपया अपनी सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार का जोखिम मत उठाइए। जनता से जुड़ाव बना रहे, सादगी बनी रहे, लेकिन सुरक्षा के हर आवश्यक प्रोटोकॉल का पूरी कठोरता से पालन हो। क्योंकि आपके साथ केवल एक व्यक्ति नहीं चलता, आपके साथ 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदें चलती हैं। आप सुरक्षित रहेंगे तो देश का आत्मविश्वास सुरक्षित रहेगा। आप स्वस्थ रहेंगे तो लोकतंत्र की निरंतरता मजबूत रहेगी। आप सुरक्षित रहेंगे तो करोड़ों भारतीय निश्चिंत रहेंगे।

दैनिक विनय उजाला

**इसी भावना और चिंता के साथ सादर,**
**एक चिंतित भारतीय नागरिक**
**सुदेश गौड़**



## संक्षिप्त समाचार

### खर्च में कटौती–गिरते रुपए पर शरद पवार ने केंद्र सरकार पर लगाए लापरवाही के आरोप

**पुणे, एजेंसी।** पुणे में एक मीडिया वार्ता के दौरान एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने देश की आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने गिरते रुपये और सरकार के फिजूलखर्ची रोकने के कदमों पर अपनी बात रखी।



पवार ने कहा, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गिरकर 95.73 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। यह स्थिति देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पश्चिम एशिया में जारी तनाव को देखते हुए लोगों से ईंधन बचाने और खर्चों में कटौती करने की अपील की थी। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस बात को गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने संकेत दिया है कि इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। हालांकि, पवार ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए। उन्होंने कहा कि जब चार राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहे थे, तब केंद्र सरकार ने इस संकट को गंभीरता से नहीं लिया। पवार के अनुसार, चुनाव के दौरान देश के नेतृत्व ने ऐसी कोई गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने जनता से सरकार का सहयोग करने को कहा, लेकिन साथ ही यह भी पूछा कि ये घोषणाएं पहले क्यों नहीं की गईं? शरद पवार ने उन मंत्रियों पर भी कटाक्ष किया जो सादगी का दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं सुबह से देख रहा हूं कि कुछ लोग मोटरसाइकिल से दफ्तर जा रहे हैं और कुछ पैदल चल रहे हैं। एक मंत्री ने तो सार्वजनिक रूप से कहा कि उन्होंने अपनी गाड़ियों की संख्या कम कर दी है। मुझे यह सुनकर धक्का लगा कि पहले उनके पास 17 गाड़ियां थीं और अब उन्होंने इसे घटाकर 8 कर दिया है। नीट परीक्षा के पेपर लीक होने के मुद्दे पर पवार ने कहा कि ऐसी चीजें पहले भी हुई हैं। उनके अनुसार, यह इस बात का सबूत है कि पूरी सरकारी व्यवस्था विफल हो रही है। उन्होंने कहा कि बार–बार होने वाली ऐसी घटनाएं छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं।

### सीएम योगी की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात, राजनीतिक गलियारों से हलचल तेज

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में नए मंत्रियों को विभाग आवंटन और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर इस भेंट की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में विभागों के बंटवारे पर अंतिम फैसला हो गया है। 10 मई को हुए विस्तार में छह नए चेहरों को मंत्री बनाया गया था, जबकि दो राज्य मंत्रियों को कैबिनेट रैंक दी गई। चार दिन बाद भी विभाग न मिलने से अटकलें तेज थीं, जो अब शाह–योगी बैठक के बाद लगभग सुलझ गई हैं।



इस बार विभागों का बंटवारा केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मिशन–2027 को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। भूपेंद्र सिंह चौधरी के माध्यम से पश्चिमी यूपी के जाट मतदाताओं को साधने, मनोज पांडेय (सपा छोड़कर आए) के जरिए ब्राह्मण समुदाय को जोड़ने और कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर व कैलाश राजपूत जैसे नए मंत्रियों के माध्यम से दलित तथा पिछड़े वर्गों में सरकार की पैठ बढ़ाने की रणनीति है। जानकारों का मानना है कि योगी और शाह ने नए मंत्रियों को ऐसे विभाग देने पर सहमति जताई है, जिनसे वे अपने समुदाय और क्षेत्र में भाजपा की छवि को और मजबूत कर सकें। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह बैठक 2027 के चुनावी समीकरणों को साधने की दिशा में अहम कदम है। विभागों की घोषणा जल्द होने की संभावना है, जिसके बाद योगी सरकार पूरे दम पर चुनावी तैयारियों में जुट जाएगी।

### केरल में मिली जीत, किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि टीम यूडीएफ की जीत है : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** वीडी सतीशन के केरल का अगला मुख्यमंत्री बनने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। थरूर ने कहा है कि सतीशन को कांग्रेस विधायक दल का नेता और केरल का भावी मुख्यमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई। यह उनकी दृढ़ता, पक्के इरादों और हमारी पार्टी तथा जनता की वर्षों की समर्पित सेवा का एक अत्यंत ही योग्य सम्मान है। मैंने उनके साथ मिलकर चुनाव प्रचार किया था और उनकी इस अत्यंत योग्य नियुक्ति से मैं बेहद प्रसन्न हूं। थरूर ने यह भी कहा कि केरल में मिली जीत, किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि टीम यूडीएफ की जीत है।



शशि थरूर ने एक्स पर लिखा, साथ ही, हम सभी यह भली–भांति समझते हैं कि जिस जनादेश ने उन्हें इस पद तक पहुंचाया है, वह केवल किसी एक व्यक्ति की जीत नहीं है, बल्कि यह 'टीम ष्ठस्न' का जनादेश है। इस बात को सुनिश्चित करने में कि यह सरकार केरल की जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरे, हर वरिष्ठ नेता की एक महत्वपूर्ण भूमिका और ज़िम्मेदारी है। हमारे गठबंधन की असली ताकत इसकी विविधता में निहित है, और हम सभी इस बात के लिए तत्पर हैं कि गठबंधन के सभी घटक दल मिलकर एक ऐसे केरल का निर्माण करें जो समृद्ध, न्यायपूर्ण और प्रगतिशील हो। केरल की जनता ने हम पर अपना भरोसा जताया है। आइए, हम सब मिलकर काम करते हुए इस राज्य को बदलने का संकल्प लें और इस भरोसे का मान रखें।

---

### एआईएडीएमके में रार : षणमुगम–वेलुमणि गुट की मांग

# पलानीस्वामी और अन्य विधायकों को अयोग्य घोषित करें

मैसूर, एजेंसी

**एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेताओं सीवी षणमुगम और एसपी वेलुमणि के नेतृत्व वाले गुट ने गुरुवार को दावा किया कि पार्टी के ज्यादातर विधायक उनके साथ हैं।**

उन्होंने पार्टी प्रमुख ईके पलानीस्वामी और उनके समर्थक विधायकों पर टीवीके सरकार के विश्वास मत के दौरान पार्टी के निर्देश का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की। इस गुट के व्हिप सी विजयभास्कर ने पत्रकारों से कहा, विधानसभा दल का फैसला बहुमत के आधार पर होता है और षणमुगम–वेलुमणि गुट के पास बहुमत है। उन्होंने कहा कि बुधवार को सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार के विश्वास मत के समर्थन में वोट देने का निर्देश सभी एआईएडीएमके विधायकों को



व्हाट्सएप और ई–मेल के जरिये भेजा गया था। उन्होंने कहा, 47 विधायकों में से 25 ने निर्देश का पालन किया। वहीं, 22 विधायकों ने मेरे मतदान निर्देश का पालन नहीं किया और उसके खिलाफ गए। इनमें पलानीस्वामी भी शामिल हैं। इसलिए हमने आज विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर दलबदल विरोधी कानून के तहत उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा, वेलुमणि के साथ ज्यादातर विधायकों ने मतदान निर्देश का पालन किया। इसलिए बहुमत ही मान्य है। वेलुमणि ने पुराने उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा कि जब किसी पार्टी में मतभेद के कारण विभाजन होता है, तब कोई फैसला नहीं लिया जा सकता। न किसी को पार्टी के पद पर नियुक्त किया जा सकता है और न हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा, हमारी मांग साफ है कि पलानीस्वामी पार्टी की हार के कारणों पर चर्चा के लिए बड़ी बैठक बुलाएं। वह पार्टी के महासचिव हैं। उन्होंने पार्टी प्रमुख पर हमला करते हुए कहा कि पार्टी पदाधिकारियों को हटाने और नई नियुक्तियां करने से जुड़े उनके फैसले 'अमान्य' हैं।

#### हमारा उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना है: वेलुमणि

पूर्व मंत्री वेलुमणि ने कहा, हमारा उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना है। जो लोग पार्टी छोड़कर गए या निकाले गए, उन्हें वापस लाया जाए। एमजीआर (एम.जी. रामचंद्रन) ने पार्टी क्यों शुरू की थी? डीएमके का विरोध करने के लिए। उन्होंने कहा कि पलानीस्वामी की ओर से लोगों को पार्टी के पदों से हटाने के फैसले अमान्य हैं और वे लोग अभी भी अपने पदों पर बने हुए हैं। टीवीके सरकार के विश्वास मत के दौरान क्रॉस मतदान और विवाद के बाद पलानीस्वामी ने षणमुगम, वेलुमणि और अन्य नेताओं को पार्टी पदों से हटा दिया था। इस बीच, पलानीस्वामी ने आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की।

#### एआईएडीएमके मुख्यालय के बाहर भारी सुरक्षा बल तैनात

एआईएडीएमके में बढ़ते तनाव के बीच पार्टी मुख्यालय 'पुराची थलैवर एमजीआर मालिगई' के बाहर भारी पुलिस सुरक्षा तैनात किया गया है। माना जा रहा है कि किसी विवाद की आशंका के कारण यह सुरक्षा बढ़ाई गई। 2022 में पलानीस्वामी और तत्कालीन नेता ओ पनीसेल्वम के बीच नेतृत्व को लेकर लड़ाई के दौरान पार्टी मुख्यालय में हिंसा और तोड़फोड़ हुई थी।

#### जब तक न्याय नहीं मिलता, तब तक उनके समर्थक विधायक पार्टी मुख्यालय नहीं जाएंगे

षणमुगम ने मीडिया से कहा कि जब तक उनके गुट को न्याय नहीं मिलता, तब तक उनके समर्थक विधायक और वरिष्ठ नेता पार्टी मुख्यालय नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, मैं किसी भी हालत में पार्टी कार्यालय नहीं आऊंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों गुटों के बीच किसी तरह का टकराव नहीं होने दिया जाएगा। पलानीस्वामी ने भी अपने समर्थक विधायकों के साथ अपने घर पर बैठक की, ताकि बागी गुट का जवाब दिया जा सके। बड़ी संख्या में एआईएडीएमके कार्यकर्ता फूलों के गुलदस्ते लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के घर पहुंचे और अपना समर्थन जताया। नए नियुक्त पदाधिकारियों ने भी उनसे मुलाकात की।

---

### उपचुनाव में जीत से तेजस्वी यादव का जोश हाई, बोले-

# बैलेट पेपर से वोटिंग में एनडीए कहीं नहीं टिकेगा

पटना, एजेंसी

बिहार विधान परिषद के उपचुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की जीत पर तेजस्वी यादव का जोश हाई हो गया है। उन्होंने दावा किया है कि अगर बैलेट पेपर से चुनाव होगा, तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एनडीए कहीं टिकने वाला नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईवीएम से वोटिंग होने पर सरकार में बैठे लोग छल–कपट करते हैं। उन्होंने सभी चुनाव बैलेट पेपर से ही कराने की मांग की है। बता दें कि भोजपुर बक्सर स्थानीय प्राधिकार एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव में आरजेडी ने जेडीयू को हराकर सीट छीन ली।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा, भोजपुर बक्सर एमएलसी उपचुनाव में आरजेडी के सोनू राय की भारी मतों से जीत हुई है। एनडीए को करारी हार का सामना करना पड़ा। आरजेडी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को



शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। यह चुनाव बैलेट से हुआ। अगर बैलेट से चुनाव होगा तो भाजपा और एनडीए कहीं टिकने वाला नहीं है। आरजेडी के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि पिछले साल हुआ बिहार विधानसभा का चुनाव बैलेट पेपर से होता, तो आरजेडी और महागठबंधन को 150 से भी ज्यादा सीटें मिलतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में बैठे लोगों ने मशीन के साथ छल–कपट करके हमें हराने का काम किया।

#### ईवीएम से भी आधी रात तक मतगणना, तो फिर बैलेट पेपर ही ठीक

तेजस्वी ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज भी जब मशीन से वोटों की गिनती होती है, तो पूरा दिन लग जाता है। रात के एक–दो बजे तक मतगणना चलती रहती है। पहले भी वही होता था, तो कोई फर्क नहीं है। जब ईवीएम में भी मतगणना का समय उतना ही लग रहा है, तो बैलेट पर ही वोटिंग क्यों नहीं कराई जाती है। उन्होंने ने कहा कि बैलेट से वोटिंग होने पर परिणाम सभी जानते हैं, एनडीए और भाजपा कहीं टिकने वाली नहीं है।

#### आरजेडी ने जेडीयू से छीनी एमएलसी सीट

भोजपुर बक्सर स्थानीय प्राधिकार एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिए गए। आरजेडी के प्रत्याशी सोनू राय ने जेडीयू के कन्हैया प्रसाद को 350 से अधिक वोटों से हरा दिया। आरजेडी ने जेडीयू से यह सीट छीन ली है। पहले इस सीट से जेडीयू के राधाचरण साह एमएलसी थे। उनके संदेश सीट से जेडीयू का विधायक बनने के बाद यह विधान परिषद की यह सीट खाली हो गई थी। उपचुनाव में जेडीयू ने राधाचरण के बेटे कन्हैया प्रसाद को एनडीए प्रत्याशी के रूप में उतारा। हालांकि, राधाचरण अपने बेटे को एमएलसी नहीं बना सके।

---

### भाजपा विधायक रथींद्र बोस होंगे बंगाल विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायक रथींद्र बोस को पश्चिम बंगाल की 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया है। बोस कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक रथींद्र बोस को पश्चिम बंगाल की 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रथींद्र बोस की उम्मीदवारी को सभी दलों का समर्थन मिलेगा और उन्हें सर्वसम्मति से चुना जाएगा। भाजपा के रथींद्र बोस ने कूच बिहार दक्षिण सीट से भाजपा के उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी। बोस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) उम्मीदवार अविजित डे भौमिक को पटखनी दी और 23,284 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें 108,482 वोट मिले। वहीं, टीएमसी उम्मीदवार को 85,198 वोट मिले थे। इस सीट पर 23 दौर की मतगणना चली। कभी टीएमसी तो कभी भाजपा के उम्मीदवार आगे जाते दिखे। हालांकि, एक बार भाजपा उम्मीदवार ने बढ़त बनाई तो जीत सुनिश्चित की।

---

### स्कूलों में वंदे मातरम् को गाने का किया समर्थन

# ममता अपने दौर में हुई हिंसा को भूल गईं : हुमायूं कबीर

कोलकाता, एजेंसी

आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधायक हुमायूं कबीर ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कोलकाता हाईकोर्ट दौरे की आलोचना की। उन्होंने चुनाव बाद कथित हिंसा को लेकर किए गए इस दौरे को ड्रामा करार दिया और ऐसी किसी घटना से इन्कार किया। कबीर ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा स्कूलों में 'वंदे मातरम' गाने की घोषणा का भी समर्थन किया।

कबीर ने चुनाव बाद हिंसा के आरोपों पर सवाल उठाए और बनर्जी पर 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान हुई कथित घटनाओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 2021 में जब वह मुख्यमंत्री थीं, तब कई लोगों की जान खतरे में थी और कई मारे गए थे। अब उन घटनाओं को याद नहीं किया जा रहा है। कबीर ने आगे आरोप लगाया कि बनर्जी का हाईकोर्ट दौरा राजनीतिक रूप से प्रेरित है और केवल जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए है। कबीर ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की



#### चुनाव बाद हिंसा पर कबीर के आरोप

हुमायूं कबीर ने ममता बनर्जी के हाईकोर्ट दौरे को ड्रामा बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद कोई हिंसा नहीं हुई है। कबीर ने बनर्जी पर 2021 में उनके मुख्यमंत्री रहते हुए हुई हिंसा की घटनाओं को भूलने का आरोप लगाया। उनके अनुसार, उस समय कई लोगों की जान खतरे में थी और कई मारे गए थे। कबीर ने इस दौरे को राजनीतिक लाभ के लिए किया गया एक नाटक करार दिया।

#### स्कूलों और कॉलेजों में 'वंदे मातरम' गाने का समर्थन

कबीर ने 'वंदे मातरम' को भारत का नारा और मातृभूमि का राष्ट्रीय गीत बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के इस फैसले पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। कबीर ने याद दिलाया कि पहले भी स्कूलों और कॉलेजों में 'वंदे मातरम' गाया जाता था। उन्होंने इस कदम को देश की पहचान के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह बयान राज्य में राष्ट्रवाद और शिक्षा नीतियों पर चल रही बहस के बीच आया है।

'वंदे मातरम' को सोमवार से राज्य के स्कूलों में गाने की घोषणा पर भी प्रतिक्रिया दी। इस कदम का समर्थन करते हुए कबीर ने कहा कि यह नारा और गीत देश की पहचान का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि इस पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

---

### कांग्रेस का केंद्र-राज्य सरकार पर हमला

# संवैधानिक शक्तियों का सही इस्तेमाल न होने से बढ़ रही हिंसा

इंफाल, एजेंसी

**मणिपुर में लगातार जारी हिंसा को लेकर कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है कि दोनों सरकारें संवैधानिक शक्तियों का सही तरीके से इस्तेमाल करने में विफल रही हैं, जिसकी वजह से राज्य में अशांति और हिंसा का माहौल बना हुआ है।**

बुधवार को कांगपोकपी जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा तीन चर्च नेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं, नोनी जिले में भी एक व्यक्ति की हत्या की खबर सामने आई। इन घटनाओं के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। गुरुवार को इम्फाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह ने कहा कि राज्य में हो रही हत्याएं बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि एक समुदाय के तीन लोगों की हत्या के बाद दूसरे समुदाय के नागरिक की हत्या प्रतिशोध की भावना को दर्शाती है।



#### केंद्र सरकार राज्य में हो रही हिंसक घटनाओं पर मूकदर्शक बनी

इबोबी सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आखिर कब तक केंद्र सरकार राज्य में हो रही हिंसक घटनाओं पर मूकदर्शक बनी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है मानो राज्य को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है और विभिन्न समुदायों को एक–दूसरे के खिलाफ हिंसा करने की खुली छूट मिल गई हो। इबोबी सिंह ने वर्ष 2023 में शुरू हुई जातीय हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी पहले यह टिप्पणी कर चुका है कि राज्य में कानून–व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि समुदायों के बीच हत्याओं से कभी समाधान नहीं निकल सकता और अब बदले की भावना छोड़ने का समय आ गया है।

#### सरकार संवैधानिक जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर पा रही

कांग्रेस नेता ने दोहराया कि कानून–व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन राज्य और केंद्र दोनों सरकारें अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर पा रही हैं। यही मौजूदा अशांति और हिंसा की सबसे बड़ी वजह है। गौरतलब है कि मई 2023 से मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जारी हिंसा में अब तक करीब 260 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। लगातार हो रही हिंसक घटनाओं ने राज्य में शांति बहाली की कोशिशों को भी बड़ा झटका दिया है।

---

### जोहो के सह–संस्थापक का बड़ा दावा

# सनातन पर बार-बार हमले से डीएमके को चुनाव में हुआ बड़ा नुकसान

चेन्नई, एजेंसी

**जोहो के सह–संस्थापक श्रीधर वेम्बू के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने तमिलनाडु की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। इस पोस्ट में भाषा, धर्म और डीएमके की वैचारिक स्थिति पर तीखी टिप्पणियां की गई हैं। यह बहस हाल ही में हुए चुनाव में डीएमके की हार के बाद और तेज हो गई है।**

एक्स पर एक पोस्ट में वेम्बु ने तर्क दिया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन की बार–बार आलोचना की। आलोचना पर तमिलनाडु की प्रतिक्रिया केवल विचारधारा से नहीं बल्कि भाषा और सांस्कृतिक उपयोग से गहराई से जुड़ी हुई है। इस लेख के अनुसार, संस्कृत से व्युत्पन्न शब्द 'सनातन' ऐतिहासिक रूप से अधिकांश सामान्य तमिल भाषी हिंदुओं की रोजमर्रा की शब्दावली का हिस्सा नहीं था। इसके विपरीत, 'धर्मम्,' 'धरुमम्,' और 'अरम्' जैसे तमिल शब्द तमिल संस्कृति में गहराई से समाहित हैं। यह धार्मिकता, नैतिकता और धार्मिक सद्गुणों से व्यापक रूप से जुड़े हुए हैं। इस लेख में बताया गया है कि जहां हिंदी में धर्म शब्द का प्रयोग व्यापक रूप से धर्मों के लिए किया जाता है, जिसमें हिंदू धर्म के लिए सनातन धर्म और ईसाई धर्म के लिए ईसाई धर्म शामिल हैं। वहीं तमिल में इसका प्रयोग काफी अलग है। तमिल समाज में, धर्म को सांस्कृतिक रूप से हिंदू नैतिक और आध्यात्मिक परंपराओं से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ माना जाता है।

#### आम लोग भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ पाए

वेम्बु ने तर्क दिया कि अगर उदयनिधि स्टालिन ने तमिल में धर्म पर सीधे हमला किया होता, तो हिंदू आबादी की प्रतिक्रिया कहीं अधिक गंभीर होती, क्योंकि इसे नैतिक और धार्मिक मूल्यों की प्रत्यक्ष अस्वीकृति के रूप में समझा जाता। इसके बजाय, वेम्बू ने सुझाव दिया कि अपेक्षाकृत अपरिचित शब्द सनातनम के प्रयोग से शुरू में जनता की प्रतिक्रिया नरम पड़ गई क्योंकि कई आम लोग भावनात्मक रूप से इस शब्द से नहीं जुड़ पाए।



#### डीएमके हिंदू मान्यताओं और परंपराओं के प्रति शत्रुतापूर्ण बनी हुई है

हालांकि, पोस्ट में आगे दावा किया गया कि सनातन पर बार–बार होने वाले हमलों ने विडंबनापूर्ण रूप से तमिल भाषी लोगों के बीच इस शब्द को लोकप्रिय बना दिया है। इस धारणा को मजबूत किया है कि डीएमके हिंदू मान्यताओं और परंपराओं के प्रति शत्रुतापूर्ण बनी हुई है। इन टिप्पणियों में बहस को 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के परिणाम से भी जोड़ा गया, जहां डीएमके एक मजबूत गठबंधन, भारी चुनावी खर्च और संगठनात्मक ताकत के बावजूद सत्ता हार गई थी। उस पोस्ट में तर्क दिया गया कि हिंदू प्रतीकों और धार्मिक मुद्दों से जुड़े बार–बार होने वाले विवादों के कारण डीएमके विरोधी भावना वर्षों से लगातार बढ़ती जा रही है। उदयनिधि स्टालिन अपने तमाम 'ईमानदार' प्रयासों से तमिल भाषा में भी अपनी बात मनवा रहे हैं। डीएमके ने कभी भी अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं किया, क्योंकि डीएमके विरोधी लहर बहुत मजबूत है। उन्होंने हिंदू देवी–देवताओं पर लगातार हमले करके यह लहर खड़ी की। एआईएडीएमके ने ऐसा कभी नहीं किया और उन्होंने डीएमके विरोधी लहर का भरपूर फायदा उठाया। इन टिप्पणियों ने ऑनलाइन गहन बहस छेड़ दी है, जिसमें समर्थक और आलोचक तमिलनाडु की राजनीति में सनातन बहस के राजनीतिक और सांस्कृतिक निहितार्थों को लेकर बुरी तरह विभाजित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्र सरकार की पहल से असंगठित श्रमिकों को मिल रही सामाजिक सुरक्षा

**खरगोन, निप्र।** देश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिक दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर हैं। किसी संगठित संस्था से जुड़े न होने के कारण उन्हें भविष्य निधि एवं ईएसआईसी जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। ऐसे श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने और बुढ़ापे में नियमित आय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत श्रमिक द्वारा किया गया अंशदान जितना होता है, उतना ही अंशदान केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। आवेदक की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने पर उसे 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाती है, जिससे बुढ़ापे में मासिक आय का एक स्थायी स्त्रोत उपलब्ध होता है। पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में उसकी पत्नी को आजीवन 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। यह योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए है, जिनमें घरों में काम करने वाले श्रमिक, रेहड़ी-पटरी दुकानदार, ड्राइवर, प्लंबर, दर्जी, मिड-डे मील वर्कर, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक, हथकरघा एवं कृषि कामगार, मोची, धोबी, चमड़ा श्रमिक आदि शामिल हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिक की मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक न हो। आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो। सेविंग्स बैंक खाता या जन-धन खाता, आधार नंबर उपलब्ध हो। केंद्र सरकार की किसी अन्य पेंशन योजना का लाभ पहले से न लिया जा रहा हो। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-267-6888 पर संपर्क किया जा सकता है।

### उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**खरगोन, निप्र।** उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, भोपाल के पत्र में दिए गए निर्देशों के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खरगोन जिले के विकासखण्ड सेगांव के ग्रामीण क्षेत्र में एक शासकीय उचित मूल्य दुकान पर पूर्णकालिक विक्रेता उपलब्ध नहीं होने के कारण उक्त दुकान का आवंटन पात्र संस्था को किए जाने के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी सूचना के अनुसार अनुविभाग खरगोन अंतर्गत जनपद पंचायत सेगांव की ग्राम पंचायत रेहगुन में कुल एक शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। इच्छुक आवेदकों को दुकान आवंटन की समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से पूर्ण करनी होगी। उचित मूल्य दुकान आवंटन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया राशन मित्र पोर्टल पर उपलब्ध है। मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के अनुसार उपभोक्ता, विपणन, उत्पादक, संसाधन एवं बहुप्रयोजन सहकारी समितियां, महिला स्व-सहायता समूह तथा संयुक्त वन प्रबंधन समितियां इस के लिए पात्र होंगी। इच्छुक एवं पात्र समितियां अथवा समूह अपना ऑनलाईन आवेदन 28 मई 2026 तक दर्ज कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### 54 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जप्त




**सिलावद (बड़वानी)।** पुलिस अधीक्षक जिला बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वानी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ एवं सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिलावद पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा ग्राम बोरी के भादलिया फल्या में दबिश देकर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई। 14-05-2026 को थाना प्रभारी उप निरीक्षक आर.के. लौवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम सउनि. राकेश मालवीय एवं आरक्षक सुनील द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोरी के भादलिया फल्या निवासी नानुराम पिता बालसा बारेला ने अपने पुराने घर के पास बनी टापरी में अवैध अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी है। सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दबिश दी गई।दबिश के दौरान गवाहों को नियमानुसार अवगत कराकर उनकी सहमति से पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान टापरी से गोवा व्हिस्की के क्वार्टर सहित कुल 54 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 36,000 रुपये की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। आरोपी नानुराम मौके से फरार हो गया।

### एकलव्य के छात्रों को शानदार सफलता

**खरगोन, निप्र।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, झिरन्या के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए विद्यालय, क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शैक्षणिक परिणामों में इस वर्ष ऐतिहासिक सुधार देखने को मिला है। विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम वर्ष 2025-26 में बढ़कर 84.44 प्रतिशत रहा, जबकि गत वर्ष 2024-25 में यह मात्र 45.10 प्रतिशत था। इसी प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम भी 72.22 प्रतिशत से बढ़कर 86.00 प्रतिशत हो गया। कक्षा 12वीं कला संकाय में पिंटू जामोद ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रविंद्र कनासे ने 82.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय तथा सचिन जाधव ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में उमराव बडोले ने 75.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विज्ञान संकाय में मंजुला खरते ने 67.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। प्राचार्य रेखा रानी ने बताया कि यह सफलता शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### सूची पुनरीक्षण : प्रकाश व्यास प्रेक्षक नियुक्त

**खरगोन, निप्र।** सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल के आदेश अनुसार प्रकाश व्यास, रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) को नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण वर्ष 2026 की कार्यवाही के प्रेक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक व्यास का भ्रमण कार्यक्रम 22 मई 2026 से 26 मई 2026 तक प्रस्तावित है। प्रेक्षक प्रकाश व्यास की कार्यवाही के दौरान आवश्यक समन्वय, सहयोग एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से लोकेश चौहान, अनुविभागीय अधिकारी (पी.डब्लु.डी.), लोक निर्माण विभाग, भीकनगांव को लायजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

झेण्डियाकुंडिया में बिजली पोल लगाने के कार्य का शुभारंभ

# विकास की रोशनी अब अंतिम छोर तक पहुंचेगी : बरडे

विनय उजाला

**पानसेमल, निप्र। विधायक श्याम बरडे द्वारा ग्राम पंचायत वांगरा के ग्राम झेण्डियाकुंडिया में विद्युत पोल लगाने के कार्य की शुरुवात की गई। क्षेत्रीय विधायक श्याम बर्डे सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में कार्य शुरू हुआ। विधायक बरडे ने कहा कि वे सदैव क्षेत्र में विकास कार्यों की अविरल गति बनाए रखने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। पानसेमल विधानसभा का कोई भी गांव, फल्या,मंजरा अथवा टोला विकास से वंचित नहीं रहेगा।**



वर्षों से पिछड़े माने जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों को आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। क्षेत्र में स्कूल भवन,आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन, पुल-पुलिया एवं विद्युत सुविधाओं सहित अनेक जनकल्याणकारी कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।क्षेत्र में कुछ ऐसे स्थान भी है 'जहां वर्षों तक बिजली के खंभे और तार नहीं पहुंचे थे,वहां आज विकास की रोशनी पहुंच रही है। हमारा संकल्प है कि हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचे।

'जनता जनार्दन के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के सहयोग से हम गांव-गांव विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र का विकास ही प्रदेश और देश की समृद्धि का आधार है। भाजपा सरकार गांव,गरीब और किसान के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्युत कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामवासियों को बेहतर बिजली सुविधा प्राप्त होगी, जिससे बच्चों की शिक्षा, किसानों के कृषि कार्य एवं ग्रामीण जीवन को नई गति मिलेगी। भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक बरडे ने ग्राम के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवाओं से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सावन किराड़े, मंडल महामंत्री उत्तम चौहान,बारका पटेल, राकेश दावरे, प्रेमसिंग किराड़े, जयसिंह ब्राह्मने, नाराजिया चौहान, बनसिया ब्राह्मने, उखलाल तड़वी, नरेंद्र किराड़े, अमित वास्कले, वेस्ता ब्राह्मने, मुकेश कनौजे, रावसिंग डावर,मुन्ना डावर,मेलाश पटेल सहित ग्राम के वरिष्ठजन एवं युवा उपस्थित रहे।


दूषित हल्दी ने ले ली जान.... कसरावद में दुल्हन की अंतिम विदाई

# हल्दी रस्म में एलर्जी के बाद दुल्हन को नहीं बचा पाए डॉक्टर

विनय उजाला

**रस्मों तक पहुंची खाद्य पदार्थों की मिलावट**





**कसरावद, निप्र।** हल्दी रस्म में दुल्हन ने मेहंदी लगाई तो एलर्जी से उसका चेहरा सूज गया। खरगोन व इंदौर के डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा पाए। जिस दिन घर में मंडप की रस्म होनी थी, उसी दिन बेटी का अंतिम संस्कार करना पड़ा। शादी के बीच मातम छा गया। खरगोन जिले के कसरावद क्षेत्र स्थित टेकड़ी निवासी गजुनाथ की 22 वर्षीय बेटी राखी के साथ घटना हुई। परिजनों ने बताया कि हल्दी और चिकसा स्थानीय बाजार से खुले पैकेट में मंगवाए गए थे। हल्दी रस्म के दौरान दुल्हन सहित 15 अन्य महिलाओं को लगाई गई थी। इसके कुछ समय बाद राखी को गंभीर एलर्जी हो गई। पिता ने बताया कि बेटी की शादी खामखेड़ा में तय की गई थी। 26 अप्रैल को बरात आनी थी। इससे पहले 22 अप्रैल को हल्दी की रस्म हुई। उसी रात बेटी की तबीयत बिगड़ने लगी। गले में जलन और सूजन बढ़ने लगी, होंठ फूल गए और शरीर पर लाल चकत्ते पड़ गए। उसे तुरंत जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर अगले दिन इंदौर रेफर कर दिया गया। वहां एक्स-रे, ईसीजी सहित कई जांचें की गईं, लेकिन गले की तकलीफ और चेहरे की सूजन लगातार बढ़ती रही। गजुनाथ ने बताया कि एमवाय में फायदा होते नहीं दिखा तो बेटी को इंदौर के एक निजी अस्पताल ले गए। ज्यादा खर्च होने से वापस एमवाय ले जाते समय रास्ते में ही बेटी ने दम तोड़ दिया। उसका गांव में अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस में अभी तक शिकायत नहीं की, इसलिए पोस्टमार्टम नहीं हुआ। सीएमएचओ डॉ. डीएस चौहान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम पीड़ित परिवार के घर भेजकर जांच शुरू कर दी है। राखी के परिजन ने शासकीय एमवाय अस्पताल की वह पर्ची भी दिखाई, जिसमें चिकित्सक ने उसे हल्दी से रिएक्शन होने का उल्लेख है। परिजन के अनुसार, इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उपयोग की गई हल्दी का सैंपल भी मंगवाया था। यह सैंपल जांच के लिए इंदौर के खाद्य विभाग को दिया गया है।

**खाद्य विभाग में हड़कंप**

मिलावटी हल्दी से स्वास्थ्य को खतरा देख हड़कंप मच गया। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने कसरावद सहित जिले में 12 हल्दी पाउडर के सैंपल लेकर राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजे हैं। दरवाजे पर शादी के तोरण भी टंगे थे, लेकिन खुशियों की जगह मातम छा गया। शादी के घर में मातम छाया है। राखी 3 बहनों में बड़ी थी। परिवार ने स्वीकार किया कि शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। शादी के दिन ही बेटी की ससुराल के बजाय अंतिम विदाई दी गई।

# प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का बड़वानी जिला प्रवास कार्यक्रम

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, 14 मई से 16 मई 2026 तक बड़वानी जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे और विभागीय समीक्षा बैठकें लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 14 मई को शाम 7 बजे बड़वानी पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 15 मई को, प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे कलेक्टर सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे।

प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं रात्रि चौपाल का किया जाएगा आयोजन-इसके पश्चात प्रभारी मंत्री डॉ. टेटवाल, दोपहर 3 बजे से विभिन्न ग्रामों का दौरा करेंगे। इस दौरान वह निवाली जनपद के ग्राम फुलज्वारी में नवीन पंचायत भवन, ग्राम झाकर में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, ग्राम कानपुरी में एक बगिया माँ के नाम अभियान के तहत हितग्राहियों से संवाद, ग्राम कुसम्या में आजीविका भवन, नगर पंचायत निवाली बुजुर्ग के वार्ड क्र 15 में संजीवनी क्लिनिक और वाली जनपद पंचायत परिसर का लोकार्पण भी करेंगे। दिनांक 15 मई की शाम को जनपद पंचायत निवाली परिसर के लोकार्पण पश्चात ग्राम वझर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करेंगे।साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वझर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। डॉ. टेटवाल रात्रि 9 बजे बड़वानी में जिला कौर कमेटी की बैठक में सम्मिलित होंगे। अपने प्रवास के अंतिम दिन, 16 मई को सुबह 7 बजे वे बड़वानी से सारंगपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अवैध शराब रखने के आरोपी को एक वर्ष का कठोर कारावास

**26 हजार रुपए जुर्माने से दण्डित किया गया**

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बड़वानी सुमित शर्मा द्वारा पारित अपने फैसले में आरोपी विलास पिता आपसिंह डावर निवासी ग्राम डोंगरगांव काकड फाल्या थाना सेंधवा ग्रामीण को धारा 34 (2) आब.अधि.1915 में 1 वर्ष का कठोर कारावास एवं धारा 36 आब. अधि. 1915 में 6 माह का कारावास एवं कुल 26 हजार रूपये अर्थदंड से एवं दंडित किया गया।**

अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला बड़वानी मीना कुशवाह द्वारा की गई।

मीना कुशवाह सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि 27 नवम्बर 2020 को आबकारी वृत्त सेंधवा में आबकारी उपनिरीक्षक को अवैध शराब के संबंध में मुखबिर की प्राप्त सूचना के आधार पर मय स्टॉफ एवं पंचान के ग्राम डोंगरगांव के काकड़ फलिया में अभियुक्त सरपंच विलास पिता आपसिंह के रिहायशी मकान पर पहुंचे। जहां घर के अंदर दाखिल होने पर अभियुक्त ड्रम से एक लीटर के माप से द्रव्य निकालकर केनों में भरता दिखाई दिया। तलाशी लेने पर एक ड्रम में 140 लीटर एवं तीन केन में 20-20 लीटर कुल 60 लीटर इस प्रकार ड्रम व केनों में कुल 200 बल्क लीटर ओपी स्प्रीट शराब अवैध रूप से बिना अनुज्ञप्ति के होना पाई गई जिसे अभियुक्त विलास से जप्ती कर समस्त मुद्देमाल शराब जप्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरूद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34 (2), 36,49ए में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचनापरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बड़वानी,निप्र।** पुलिस अधीक्षक जिला बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिले में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिलावद पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी अनुभाग बड़वानी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना सिलावद पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।थाना सिलावद में दर्ज अपराध क्रमांक 96/2026 के अंतर्गत आरोपी गोविन्द पिता दौलत जाधव, उम्र 25 वर्ष, निवासी मैणीमाता के विरुद्ध धारा 64(1), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।घटना के पश्चात आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।थाना प्रभारी सिलावद रामकृष्ण लौंवशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# ऑपरेशन हवालात : आदतन चोर को किया गिरफ्तार

विनय उजाला



**बड़वानी, निप्र। स्थानीय पुलिस द्वारा ऑपरेशन हवालात जारी है। पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व व दिशा निर्देश में चोरी, नकबजनी तथा लूट पर नियंत्रण रखने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जिले में ऑपरेशन हवालात चलाया जा रहा है।**

इसके तहत थाना कोतवाली द्वारा आदतन चोरी के बदमाश लोकेन्द्र उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लोकेन्द्र से विगत दिनों बड़वानी शहर में हुई 02 नकबजनी के प्रकरणों का माल जप्त किया। इसमें एक प्रकरण में 01- एक जोड़ चांदी की पायजब, 03 एंड्रॉयड मोबाइल, 5000/- रुपये नगद, वहीं दूसरे प्रकरण में एक जोड़ चांदी की पायजेब, एक चांदी की चेन, 15000/- रुपये नगद इस तरह से कुल किमत 1,10,000 रुपए की जब्ती की गई।

एक फरियादी न बताया 28.04.26 को दोपहर करीबन 02.00 बजे मैं घर का ताला लगाकर दुकान पर चला गया था शाम करीबन 06.00 से 07.00 बजे वापस घर आकर देखा तो मेरे घर के दरवाजे पर ताला लगा हुआ किन्तु नकुचा टुटा होकर दरवाजा खुला था और घर के अंदर जाने पर सामान अस्त व्यस्त होकर घर के अंदर का सामान चेक किया तो घर से तीन मोबाइल जिसमें एक नोकिया कंपनी का 01 एन्ड्राईड फोन, 02 सेमसंग कंपनी के एंड्राईड फोन, अलमारी के अंदर रखे हुये एक जोड चांदी की पायल, लगभग 7 से 8 जोड़ बिना सीले हुये कपड़े, नगदी करीबन 5000/- रुपये नहीं मिले।

इसी तरह दूसरे प्रकरण में फरियादीया ने बताया 02.05.26 को सुबह 11.00 बजे बेडरुम के पास वाले रुम मे अलमारी खोलने की आवाज आयी। मैं उठकर देखने गई, तभी मेरे बेडरुम से एक व्यक्ति निकलकर भागा।

मुझे धक्का देकर गिरा दिया। अलमारी में मेरे मकान के किराये के 20 हजार रुपये नहीं थे। दोनों ही घटनाओ में 02 अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से संकलित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी लोकेन्द्र को गिरफ्तार किया।

91 गांवों में सिर्फ 19 एएनएम, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

# तीन साल से रिक्त हैं पद, अधिकारी बोले- शासन स्तर से होगी भर्ती

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** आदिवासी बहुल बाग विकासखंड के 14 उपस्वास्थ्य केंद्रों पर सहायक नर्स (एएनएम) के पद पिछले तीन वर्षों से रिक्त पड़े हैं। इन रिक्तियों के कारण ब्लॉक के 91 गांवों में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। वर्तमान में, मात्र 19 एएनएम ही इन व्यापक क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन कर रही हैं, जिससे मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम और टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य मुश्किल से पूरे हो पा रहे हैं।

**यहां पर खाली हैं पद :** ब्लॉक के उपस्वास्थ्य केंद्र आंबासोटी, चामझर, डोबनी, झाई, गेटा घोटियादेव, झिरपन्या, काकड़ कुआ, कनेरी, कांटी, खनीअम्बा, नरवाली, खेरवा और मगदी में तीन वर्षों से एएनएम के पद खाली हैं। इन रिक्त पदों के कारण कुल 36 स्वास्थ्य केंद्रों पर शिशु और मातृ स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान में, नरवाली सेक्टरके गांवों में विशेष टीकाकरण अभियान के लिए टीमें बनाकर वाहनों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। अन्य उपस्वास्थ्य केंद्रों की एएनएम को साथ लेकर दूसरे केंद्रों के काम भी निपटाए जा रहे हैं।



**एएनएम ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ :** बाग अस्पताल के बीएमओ डॉ. एचएस मुवेल ने बताया कि एएनएम ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं। वे ग्रामीण महिलाओं और शिशुओं की देखभाल, गर्भवती महिलाओं की जांच, प्रसव में सहायता, बच्चों का टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं को बीसीजी, पोलियो, डीपीटी के टीके लगाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। इसके प्रबंधन और ग्रामीणों के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़े जुटाने का काम भी जमीनी स्तर पर एएनएम द्वारा ही किया जाता है।

**स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर**

जनपद स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष समरथ मंडलोई ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि एएनएम की कमी के कारण आदिवासी बहुल बाग ब्लॉक में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मंडलोई ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से एएनएम के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की है। मंडलोई ने यह भी बताया कि एएनएम के अभाव में पोषण, परिवार नियोजन, स्वच्छता और संक्रामक रोगों की रोकथाम के प्रति ग्रामीणों को जागरूक नहीं किया जा पा रहा है। साथ ही, टीबी और मलेरिया उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण अभियान भी जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से नहीं चलाए जा रहे हैं।

**शासन स्तर से ही भर्ती : सीएमएचओ**

धार सीएमएचओ अनिता सिंगारे ने कहा कि पदपूर्ति तो शासन स्तर से ही होगी। उच्चाधिकारियों को बाग, कुक्षी, गंधवानी ब्लॉक में एएनएम के रिक्त पदों के बारे में अवगत करवाया जा चुका है। भर्ती ऊपर से ही होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- प्रधानमंत्री की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा प्रदेश

# अधोसंरचना विकास में तेजी से बन रही मप्र की नई पहचान

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आज अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में तेजी से एक नई पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'विकसित भारत' की परिकल्पना को मध्यप्रदेश साकार कर रहा है।**


प्रदेश में अभूतपूर्व गति से सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे और आधुनिक सार्वजनिक अधोसंरचना निर्माण हो रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' को अपना मूल मंत्र बनाकर विकास को सीधे जनता की सुविधा, आर्थिक प्रगति और सामाजिक समृद्धि से जोड़ा है। डॉ. यादव ने कहा कि मजबूत अधोसंरचना किसी भी विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता होती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में सड़क, रेलवे, एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक नेटवर्क और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का व्यापक विस्तार हुआ है। प्रदेश में सड़क संपर्क, शहरी यातायात, औद्योगिक कनेक्टिविटी और ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

## जीआईएस आधारित डिजिटल बजट प्रणाली से बढ़ी पारदर्शिता : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था के अनुरूप लोक निर्माण विभाग ने जीआईएस आधारित बजट मॉड्यूल लागू किया है। इस प्रणाली से प्रत्येक सड़क प्रस्ताव को डिजिटल नक्शे पर दर्ज किया जाता है। इससे यह तुरंत स्पष्ट हो जाता है कि संबंधित सड़क पहले से किसी अन्य योजना में शामिल है या नहीं। इस व्यवस्था ने योजनाओं में दोहराव को समाप्त करने के साथ विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया है।

### पर्यावरण संरक्षण के साथ अधोसंरचना विकास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान खुदाई से निर्मित गड्ढों को 'लोक कल्याण सरोवर' के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक 506 सरोवर तैयार किए जा चुके हैं और 600 नए सरोवर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।



### लोकपथ 2.0 : नागरिकों के लिए स्मार्ट ट्रैवल सुविधा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित 'लोकपथ' ऐप को अब उन्नत स्वरूप में 'लोकपथ 2.0' के रूप में विकसित किया गया है। यह ऐप नागरिकों के लिए स्मार्ट ट्रैवल गाइड की तरह कार्य कर रहा है। इस ऐप में रूट प्लानर, टोल जानकारी, अस्पताल एवं पेट्रोल पंप की लोकेशन, एसओएस सुविधा और सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों की चेतावनी जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। ऐप ब्लैक स्पॉट से लगभग 500 मीटर पहले अलर्ट जारी करता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहायता मिल रही है।

### 25 ठेकेदार किए ब्लैक लिस्टेड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की है। इसके अंतर्गत 875 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर 25 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया गया तथा कई मामलों में दंडात्मक कार्रवाई भी की गई। इसके अतिरिक्त प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (PMS 2.0) लागू किया जा रहा है। इससे योजना निर्माण से लेकर भुगतान तक की संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटल रूप से मॉनिटर की जा रही है।

### वैज्ञानिक तरीके से तैयार हो रहा सड़क नेटवर्क

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के सड़क नेटवर्क को अधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सड़क श्रेणियों के पुनर्गठन तथा रोड नेटवर्क रैशनलाइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिससे सड़क निर्माण और रखरखाव की प्राथमिकताएँ अधिक स्पष्ट हुई हैं। विभाग द्वारा 'लोक निर्माण सर्वेक्षण मोबाइल ऐप' विकसित किया गया है। यह ऐप GIS आधारित तकनीक पर कार्य करता है और इसके माध्यम से प्रदेश में 71 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों, लगभग 3 हजार भवनों तथा 1400 से अधिक पुलों का विस्तृत सर्वेक्षण किया जा चुका है।

### रोड नेटवर्क मास्टर प्लान से बेहतर कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने समग्र रोड नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार किया है। मास्टर प्लान के अंतर्गत शहरों के लिए बायपास मार्ग, औद्योगिक क्षेत्रों के लिए बेहतर सड़क संपर्क, जिला मुख्यालयों के बीच तेज कनेक्टिविटी तथा यातायात दबाव कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रा दूरी और समय कम करने के उद्देश्य से 6 नए ग्रीनफील्ड सड़क मार्गों की पहचान की गई है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों को नई गति मिलने की संभावना है।

# अलौकिक आयोजन सिंहस्थ : 2028 के लिए अधिकारी दल ले रहे हैं जायजा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ: 2028 महापर्व आयोजन की तैयारियों को लेकर निरंतर निरीक्षण जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर शिप्रा नदी के 29 किलोमीटर क्षेत्र में नव निर्माणाधीन घाटों से 24 घंटे करोड़ों श्रद्धालुओं को शिप्रा में स्नान कराने के बाद सुरक्षा और सुविधा के साथ गंतव्य तक पहुंचाया जा सकेगा।**

सिंहस्थ के लिए सभी विभागों ने निर्माणाधीन विकास कार्यों की गति तेज कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नियमित रूप से सिंहस्थ तैयारियों की समीक्षा कर जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सिंहस्थ के लिए विकास कार्य प्रगतिरत है। सिंहस्थ में विश्व भर से आने वाले श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग के साथ ही स्नान के लिए घाट तक पहुंचाने के लिए सुविधाजनक एप्रोच रोड का निर्माण

### मुख्यमंत्री तैयारियों की कर रहे नियमित समीक्षा

किया जा रहा है। व्यवस्थित पार्किंग क्षेत्र और घाट तक सुविधाजनक आने जाने के मार्ग होने से आवश्यक प्रबंधन करने में सुविधा होगी। हाल ही में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने उज्जैन पहुंचकर सिंहस्थ की तैयारियों का जायजा लिया है। सिंहस्थ: 2028 के तहत नियमित निरीक्षण में संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर उज्जैन रौशन कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के दल मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों में की जाने वाली व्यवस्थाओं का निरंतर जायजा ले रहे हैं। अधिकारी दल ने विक्रांत भैरव मंदिर के समीप स्थित ब्रिज से निरीक्षण प्रारंभ कर करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया। उन्हेल रोड ब्रिज के समीप तक शिप्रा नदी पर निर्माणाधीन नवीन घाट को जोड़ने के लिए प्रस्तावित 18 स्थानों को एप्रोच रोड के लिए चिन्हित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओम जैन ने किया पदभार ग्रहण



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड में ओम जैन ने अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर निगम उज्जैन की सभापति कलावती यादव, भाजपा के भोपाल जिलाध्यक्ष रविंद्र यति और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात जैन ने मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड की योजनाओं की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की।

### महेंद्र सिंह यादव ने की डॉ. मिश्रा से सौजन्य भेंट



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के नव नियुक्त अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने आज भोपाल स्थित निवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने, किसानों के हितों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। डॉ. मिश्रा ने महेंद्र सिंह यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में अपेक्स बैंक किसानों और सहकारी संस्थाओं के हित में प्रभावी कार्य करेगा।

### कायस्थम चित्रांश विद्यार्थियों को करेगा सम्मानित

**भोपाल, निप्र।** कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम एमपी बोर्ड और सीबीआसई में 90% से अधिक अंक लाने वाले चित्रांश प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भोपाल में आयोजित समारोह में सम्मानित करेगा। कायस्थम ने उन सभी चित्रांश छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं, जिन्होंने बेहतर रिजल्ट लाकर कायस्थ समाज को गौरांवित किया है। मध्यप्रदेश के ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सूची तैयार की जा रही है, जिसे सीबीएसई 12 वीं के हाल में घोषित परिणाम के बाद 18 मई तक अंतिम रूप दिया जाएगा। 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने नाम, प्रतिशत, मार्कशीट, फोटो, स्कूल, शहर और मोबाइल नंबर कायस्थम के विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश खरे मोबाइल नंबर 9826526667 एवं विष्णुकांत सहाय 9826830602 को नोट करवा सकते हैं। इसके लिए एक फार्म निर्धारित किया है, जिसे ऑनलाइन लिंक पर भरकर 18 मई तक ऑनलाइन भेजा जा सकता है। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार पूर्व में सम्मान योग्य विद्यार्थियों के प्राप्तांक का प्रतिशत 95% था, जिसके लिए सीबीएसई 10 वीं बोर्ड के लगभग 30 मेधावी विद्यार्थियों ने अपना विवरण भेजा था, किंतु एमपी बोर्ड से 10, 12 वीं की प्रविष्टि प्राप्त न होने पर प्रतिशत को कम कर 90% किया गया है।

### नारी सशक्तिकरण मिशन की सामान्य सभा समिति गठित

**भोपाल, निप्र।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नारी सशक्तिकरण के लिए सामान्य सभा समिति का गठन किया गया है। समिति में मंत्री गृह, परिवहन, खेल और युवा कल्याण, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, श्रम, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, नगरीय विकास एवं आवास, स्कूल शिक्षा, विधि और विधायी कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनसम्पर्क विभाग, जनजातीय कार्य, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पर्यटन, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार, महिला एवं बाल विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री द्वारा मनोनीत सदस्य श्रीमती सत्यकीर्ति राने सदस्य होंगी। भार साधक प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास समिति के समन्वयक होंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता साधारण सभा की बैठक वर्ष में न्यूनतम एक बार आयोजित की जायेंगी।

### मप्र पुलिस ने 2 सप्ताह में पाई सफलता, 2.26 करोड़ से अधिक के 1021 मोबाइल वास्तविक मालिकों को लौटाए



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में आमजन की संपत्ति की सुरक्षा एवं गुम/चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु लगातार कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। आधुनिक तकनीक, CEIR पोर्टल, साइबर विश्लेषण एवं स्थानीय आसूचना के प्रभावी उपयोग से विगत दो सप्ताह में मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 1021मोबाईल फोन जिनकी कीमत लगभग 2 करोड़ 26लाख रूपए से अधिक है, नागरिको को लौटाये है। मोबाइल मालिकों ने अपने गुम हुए मोबाइल वापस मिलने पर मध्यप्रदेश पुलिस का हार्दिक आभार व्यक्त किया। ग्वालियर जिले में 'तेरा तुझको अर्पण' अभियान के तहत ग्वालियर कीसाइबर सेल टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न राज्यों एवं शहरों से 571 गुम मोबाइल फोन जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 41 लाख रूपये है।

उप मुख्यमंत्री ने जलजीवन मिशन के कार्यों तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की

# ग्राम पंचायतों को नलजल योजनाओं के संधारण में सहयोग करें : शुक्ल



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में आयोजित बैठक में जलजीवन मिशन के कार्यों तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बसाहट को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना हम सबकी जिम्मेदारी है।**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल जीवन मिशन के माध्यम से हर गांव में नल से शुद्ध जल घर-घर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए जिले से लेकर ग्राम स्तर तक विभिन्न विभाग तथा जलजीवन मिशन समनव्य से कार्य करें। प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री की उच्च प्राथमिकता की जलजीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में किसी तरह की कोर कसर न रखें। पूर्ण एकल नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराकर उनका नियमित संचालन कराएं। ग्राम पंचायतों को नलजल योजनाओं के संधारण में पूरा सहयोग करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए शासन ने ग्राम पंचायतों को अधिकार दिए हैं। कार्यपालन यंत्री पीएचई अधीनस्थ अधिकारियों तथा सरपंचों एवं ग्राम पंचायत सचिवों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कराकर नवीन प्रावधानों की जानकारी दें। इससे ग्राम पंचायतें 15वें वित्त तथा अन्य मदों की राशि नलजल योजनाओं के सुधार में व्यय कर सकेंगी। गांव में निर्माण कार्य के समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पेयजल पाइपलाइन को कोई नुकसान न हो। यदि निर्माण एजेंसी पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त करती है तो उसका सुधार भी करे।

### गौधाम तथा गौ वन्य विहार को आत्मनिर्भर गौशालाओं के रूप में विकसित करें : उप मुख्यमंत्री



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में हिनौती गौधाम तथा बसामन मामा गौ वन्य विहार के कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम तथा बसामन मामा गौ वन्य विहार निराश्रित गौवंश के आश्रय और सेवा के केन्द्र हैं। इन्हें आत्मनिर्भर गौशालाओं के रूप में विकसित करें। इन दोनों गौशालाओं में प्राकृतिक खेती के माडल भी विकसित किए जा रहे हैं। गौवंश की सेवा से ही प्राकृतिक खेती के माडल सफल होंगे। गौवंश प्राकृतिक खेती का आधार है। हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन सभी गौशाला शेडों का निर्माण तय समय सीमा में कराएं। कामधेनु शेड में एक सप्ताह में दरवाजे लगाकर उसका लोकार्पण कराएं। सुरभि शेड तथा नंदनी शेड का 10 जून तक लोकार्पण कराएं। हाल ही में निजी पूंजी निवेश से तीन गौशाला शेडों का निर्माण शुरू किया गया है। इनका निर्माण कार्य 20 अगस्त तक पूरा कराएं। गौधाम में 5 हजार पौधे रोपित करने के लिए अभी से तैयारी शुरू करा दें। इसकी बाउन्ड्रीवाल के निर्माण और चारागाह विकास पर भी विशेष ध्यान दें। गौधाम से मुख्य मार्ग तक पक्की सड़क निर्माण का कार्य स्टेट फंड से मंजूर हो गया है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौ वन्य विहार माडल गौशाला के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। इस गौशाला से आसपास के किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़कर नई पहचान दें। हम सबको स्वस्थ रहने और मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक है। गौ वन्य विहार में पानी की सुविधा और जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे कॉजवे तथा स्टापडैम का निर्माण शीघ्र पूरा कराएं।

एमएसएमई मंत्री और लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष ने की समीक्षा

# लघु उद्योग निगम के क्रियाकलापों को व्यापक स्वरूप देकर व्यवसाय और मुनाफा बढ़ाएं : मंत्री काश्यप

विनय उजाला



**भोपाल, निप्र। एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि लघु उद्योग निगम के क्रियाकलापों को मौजूदा बाजार और आनलाइन प्लेटफार्म के जरिए व्यापक स्वरूप देकर व्यवसाय बढ़ाना चाहिए।**

मंत्री काश्यप और निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह गुरुवार को पंचानन भवन स्थित सभागार में निगम के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में प्रबंध संचालक और एमएसएमई विभाग के सचिव दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे मंत्री काश्यप ने संतोष व्यक्त किया कि विगत दस वर्षों से निगम घाटे में नहीं रहा है और हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को 8 करोड़ का लाभांश भी सौंपा है। उन्होंने प्रबंधकों सहित अन्य रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही भी समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि निगम ने अपने 8 एम्पोरियम, कोयला व्यवसाय, कच्चा माल, संपदा एवं निर्माण और टेस्टिंग लैब जैसी सभी गतिविधियों में लाभ अर्जित किया है। बैठक में निगम के कुल व्यवसाय और कार्य परिणाम पर भी विमर्श किया गया।

बैठक में 36 औद्योगिक क्षेत्रों के नवीन कार्य और 17 केंदों के उन्नयन, 20 जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रों के विकास कार्यों और गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बहुमंजिला इंडस्ट्री पार्क के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान 3 एमएसएमई सीडीपी क्लस्टर और 4 अपग्रेडेशन क्लस्टर कार्य को भी संतोषजनक पाया गया। प्रबंध संचालक ने बताया कि इस वर्ष केंद्र सरकार द्वारा कोल आबंटन 1 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 6 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। मंत्री काश्यप ने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए नवीन उद्योगों तक एप्रोच बढ़ाने के लिए कलेक्टर्स से कहा जाए और जिले के अधिकारियों को भी सक्रिय किया जाए। बैठक में बताया गया कि निगम की जबलपुर और इंदौर की टेस्ट लैब का आधुनिक उन्नयन करने के कार्य प्रारंभ किए गये हैं।

## प्रदेश में सुदृढ़ होगी सर्वाइकल कैंसर की जांच




**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रदेश में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की समय पर जांच एवं प्रभावी प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश एवं भार्गवी हेल्थ केयर (बीजीएच), हैदराबाद के मध्य एमओयू किया गया है। यह समझौता राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिये क्षमता निर्माण एवं तकनीकी सहयोग पर केंद्रित है। एमओयू में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में रीवा जिले में 25 से 65 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 10 हजार महिलाओं की एचपीवी डीएनए आधारित सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी।

## परंपरागत बीजों के संरक्षण में आजीविका मिशन की अनूठी पहल




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। परंपरागत बीजों के संरक्षण में आजीविका मिशन की कृषि सखियों द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। इन्हें बीज सखी के रूप में स्थापित करने के लिये प्रशिक्षित किया गया है।**

जिला स्तर पर भी प्रशिक्षण का आयोजन किया जाकर प्रदेश में कुल 454 बीज सखी तैयार की गयी हैं। ये देशी बीजों के संरक्षण एवं संवर्धन पर कार्य करेंगी। वर्तमान में 29 जिलों में 99 बीज बैंक स्थापित किये जा चुके हैं। सर्वाधिक 20 बीज बैंक जिला सागर एवं 10 बीज बैंक जिला बालाघाट में स्थापित हुए हैं। देशी बीज स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुसार ढले होने के कारण कम पानी, खाद व कीटनाशकों में भी बेहतर पैदावार देते हैं। पोषण युक्त होते है, सूखा-रोग प्रतिरोधी होते हैं, इन्हें दोबारा बोया जा सकता है, जो किसानों को आत्मनिर्भर और खेती को किफायती व टिकाऊ बनाते हैं। बीज सखियों को प्रशिक्षण पद्मश्री बाबूलाल दहिया, जिला सतना, उद्यानिकी विभाग से दीनानाथ धोटे, कृषि विभाग से जितेंद्र सिंह परिहार द्वारा दिया जा रहा है।

विशेष सशस्त्र बल के नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह आयोजित

# आरक्षक पुलिस संगठन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति : डीजीपी मकवाणा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। 25वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल, भोपाल में गुरूवार को नव आरक्षकों के दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बतौर मुख्य अतिथि परेड की सलामी ली एवं निरीक्षण किया।**

समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है तथा आरक्षक पुलिस संगठन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 11 माह के कठिन प्रशिक्षण, अनुशासन एवं समर्पण के बाद तैयार हुए ये नव आरक्षक पुलिस विभाग की कार्यक्षमता को और अधिक सशक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होती है, जहां टीम भावना, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं व्यवहारिक पुलिसिंग की सीख जीवनभर साथ रहती है। प्रशिक्षण के दौरान नवआरक्षकों को आउटडोर गतिविधियों, वेपन ट्रेनिंग, बलवा ड्रिल, कानून व्यवस्था, साइबर क्राइम, आधुनिक तकनीक एवं भीड़ नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों में प्रशिक्षित किया गया है, जो भविष्य की ड्यूटी में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।




### साइबर, आंतरिक सुरक्षा बड़ी चुनौतियां

पुलिस महानिदेशक मकवाणा ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, कानून व्यवस्था एवं आंतरिक सुरक्षा बड़ी चुनौतियाँ हैं, जिनसे निपटने के लिए पुलिस बल को तकनीकी रूप से दक्ष और शारीरिक रूप से सक्षम होना आवश्यक है। उन्होंने विशेष सशस्त्र बल एवं मध्यप्रदेश पुलिस के जवानों द्वारा नक्सल विरोधी अभियानों, दस्यु उन्मूलन, चुनाव ड्यूटी तथा अन्य संवेदनशील परिस्थितियों में किए गए साहसिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान तत्परता, मानवीय संवेदनशीलता एवं साहस का परिचय देते हुए पुलिस जवानों ने अनेक अवसरों पर लोगों को सीपीआर देकर जान बचाना पुलिस की जनसेवा की भावना को उजागर किया है। उन्होंने आगामी सिंहस्थ-2028 को मध्यप्रदेश पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक, ड्रोन सर्विलांस, सीसीटीवी मॉनिटरिंग एवं इंटीग्रेटेड कमांड सिस्टम जैसी व्यवस्थाओं में दक्षता भविष्य की पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय जनता पार्टी मंडल सोनकच्छ की कार्यकारिणी घोषित






**सोनकच्छ, निप्र।** मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के निर्देश पर जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर की सहमति से मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मनासा द्वारा सोनकच्छ विधानसभा के पिपलेश्वर मण्डल (सोनकच्छ नगर) की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें अभिषेक शर्मा (मोनु) उपाध्यक्ष, रामप्रताप सिंह बघेल उपाध्यक्ष, सरिता पाटनी उपाध्यक्ष, बहादुर चौहान, लाला जाजू उपाध्यक्ष, राहुल धाकड़ महामंत्री व तरुण शर्मा मिडिया प्रभारी का भाजपा कि और से दायित्व दिया गया।

### गैस संचालित शव दाह सेवा गृह एक वर्ष के लिए होगा निशुल्क : महापौर

**देवास, निप्र।** शहर के मुख्य मुक्तिधाम पर नगर निगम द्वारा संचालित गैस शव दाह सेवा गृह 1 वर्ष के लिए निशुल्क किए जाने का प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल से स्वीकृति हेतु महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल को ई-फाईल के माध्यम से भेजा गया। महापौर ने प्रकरण को एमआईसी की पुष्टि की प्रत्याशा में ई-फाईल के माध्यम से दी स्वीकृति। उल्लेखनिय है कि शासन निर्देशानुसार आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा कार्यालयीन कार्य ई-फाईल के माध्यम से संपादित कराए जा रहे हैं। महापौर कार्यालय में जाने वाले प्रकरण महापौर के द्वारा ई-फाईल के माध्यम से किए जा रहे है। ज्ञात हो कि महापौर श्रीमती अग्रवाल ने गैस संचालित शव दाह सेवा गृह को आमजन को आर्थिक राहत मिले इस हेतु गैस शव दाह सेवा का उपयोग 1 वर्ष के लिए नि-शुल्क करने हेतु गत सप्ताह प्रस्ताव दिए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन मे महापौर ने स्वीकृति प्रदान की। महापौर ने बताया कि इस गैस शव दाह सेवा गृह को निशुल्क करने से अर्थिक राहत के साथ पर्यावरण मे लकडी एवं कण्डे से होने वाले वायु प्रदुषण मे कमी आएगी तथा लोगों पर आर्थिक भार भी कम होगा तथा आधुनिक एवं त्वरित स्वच्छ प्रणाली को बढावा मिलेगा एवं पर्यावरण संरक्षण मे जन जागरूकता मे वृद्धि होगी। गैस शव दाह सेवा को नि-शुल्क करने से जो व्यय होगा उसे निगम वहन करेगी।

### नंदनी सायल ने सीबीएसई 12वीं में 91.4 % अंक लाकर गांव का नाम रोशन किया



**सोनकच्छ, निप्र।** ग्राम पंचायत सचिव सुरेंद्र सिंह सायल की पुत्री की कु. नंदिनी सायल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की 12वीं परीक्षा में 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। कु. नंदिनी की इस उपलब्धि से परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी मेहनत, लगन एवं अनुशासन का यह शानदार परिणाम है। इस अवसर पर परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। कु. नंदिनी की सफलता से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। परिवार ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता-पिता के सहयोग को दिया है।

### मालवीय पर रासुका, पटाखा लाइसेंस निलंबित

**देवास, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह ने आरोपी अनिल मालवीय के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की है। आरोपी अनिल मालवीय को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्यवाही पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर पटाखा लाइसेंस का गलत तरीके से उपयोग करने एवं नियम शर्तों का पालन नहीं करने पर की गई।

### शहर काजी इरफान अहमद अशरफी का इंतकाल



**देवास, निप्र।** शहर सीनियर काजी मौलाना इरफान अहमद अशरफी का 53 वर्ष की आयु में बुधवार को इंतकाल हो गया। काजी इरफान अहमद की जनाजे की नमाज़ रात 10 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित मोहम्मदी चौक क़स्साबान मस्जिद में काजी नोमान अहमद अशरफी ने अदा कराई। कर्मचारी कॉलोनी कब्रस्तान में दफनाया गया। सीरत कमेटी, सेंट अशरफ फाउंडेशन, शहर काजी अशरफी विंग, अहले सुन्नत कमेटी सहित कई संस्थाओं के सरपरस्त व मार्ग दर्शक रहे। जनाजे में हजारों लोगों ने सम्मिलित होकर खिराजे ए अकीदत पेश की। उनकी सोयम की फातेहा शुक्रवार को जुम्मे कि नमाज के बाद शाही जामा मस्जिद में होगी।

### फर्जी एसबीआई अधिकारी बनकर रिटायर्ड शिक्षक को ठगों ने लगाया 2.47 लाख रुपए का चूना

**शाजापुर निप्र।** फर्जी एसबीआई अधिकारी बनकर एक रिटायर्ड शिक्षक के साथ ठगों द्वारा धोखाधड़ी कर लाखों रूपये का चूना लगाए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ठग ने स्वयं को एसबीआई बैंक अधिकारी बताकर 77 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक राजेंद्र कुमार भट्ट से 2 लाख 47 हजार 714 रुपए ठग लिए। पीड़ित ने बताया कि उन्हें व्हाट्सऐप पर एसबीआई योनो के लोगो वाला मैसेज आया। इसके बाद ठग ने कॉल कर खुद को मुंबई की बांद्रा शाखा का बैंक अधिकारी बताया। ठग ने कहा कि खाते में एक एप्लीकेशन है, जिसे हटाना जरूरी है, नहीं तो पैसे कट जाएंगे। ठग ने एक फॉर्म भेजकर नाम, पता, अकाउंट नंबर और कार्ड की जानकारी भरवाई। शिकायत के अनुसार, ओटीपी साझा नहीं होने के बावजूद अलग-अलग ट्रांजैक्शन कर खाते से रकम निकाल ली गई। पैसे कटने के मैसेज आने के बाद शिक्षक ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पंख कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं की बैठक सम्पन्न

**शाजापुर, निप्र।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में आज मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला शाजापुर द्वारा दृष्टि योजना अंतर्गत संचालित 'पंख कार्यक्रम' के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने स्वयंसेवी संस्थाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाएं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अंतिम पंक्ति के पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करें और अधिक से अधिक लोगों को अपने एनजीओ में जोड़े। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को केवल अपने हित के लिए नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य करना चाहिए।

# मम्मी की कसम... उसे छोड़ना मत... युवक ने फांसी लगाकर दी जान

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। प्रेम प्रसंग और प्रताड़ना की एक खौफनाक परिणति शाजापुर जिले के मक्सी थाना क्षेत्र में देखने को मिली है। यहां एक 21 वर्षीय युवक ने जिंदगी से हार मानकर फांसी के फंदे को गले लगा लिया।**

मौत को चुनने से ठीक पहले युवक ने अपने मोबाइल में एक दर्दनाक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने एक लड़की पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने मामाओं से उसे न छोड़ने की आखिरी इच्छा जाहिर की है। दिल दहला देने वाले इस वीडियो के सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस ने गंभीरता से मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मक्सी के बजरंग मोहल्ला वार्ड क्रमांक 8 निवासी धभगिज कुंडलिया उर्फ नितिन 21 वर्ष पिता सुनील कुंडलिया का शव गुरुवार सुबह उसके ही घर में बिजली के तार से बने फंदे पर लटका मिला। घटना की भनक लगते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर डायल 112 की टीम और मक्सी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मृतक मजदूरी करता था और परिवार के अन्य सदस्य पिता और छोटा भाई भी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।

इसी वीडियो में नितिन ने अपने छोटे भाई वीरेंद्र के लिए भी एक भावुक संदेश छोड़ा है। उसने कहा, देख भाई, तू अभी बच्चा है। मेरा दिमाग खराब हो गया, मैं जिंदगी से हार गया। अब सबकी जिम्मेदारी तुझे निभानी है, मम्मी-पापा का ख्याल रखना। मम्मी की एनिवर्सरी आने वाली है, उसे खुशी से मनाना। मक्सी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा बनाकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस वीडियो में लगाए गए आरोपों की सत्यता और लड़की की पूरी भूमिका की बारीकी से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**सुसाइड से पहले वीडियो में बताई आखिरी इच्छा**



**वीडियो में छलका दर्द : भांजे की आखिरी इच्छा पूरी कर देना मामा**

मृतक के मामा जसवंत सिंह ने बताया कि नितिन एक लड़की के कारण भारी मानसिक तनाव में था। आत्महत्या से पहले नितिन ने जो वीडियो बनाया, उसमें वह अपने दोनों मामाओं से रोते हुए कह रहा है मामा श्री, आपसे छोटी सी गुजारिश है... अगर मैं मर गया तो उसे छोड़ना मत। जैसे मेरी जिंदगी बर्बाद हुई है, उसकी भी कर देना। भांजे की आखिरी इच्छा पूरी कर देना, नहीं तो मुझे अपना भांजा मत बुलाना। मम्मी की कसम है आपको... अगर उसे तकलीफ नहीं दी, तो मैं मरने के बाद भी सबको तकलीफ दूंगा।

## नाबालिग से ज्यादती कर गर्भवती करने वाले आरोपी को उम्रकैद

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** नाबालिग के साथ ज्यादती कर उसे गर्भवती करने वाले आरोपी को अदालत ने उम्रकैद की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। शाजापुर के विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने गुरुवार को एक अहम और कड़ा फैसला सुनाया है। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी एवं जिला मीडिया सेल प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत ने शुजालपुर मंडी के उण्डई निवासी 21 वर्षीय मनीष पिता शिवनारायण राजपूत को घिनौने कृत्य का दोषी पाया है। अभियोजन के अनुसार, पीड़िता ने 11 जून 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। घटना शिकायत से करीब चार महीने पुरानी थी। पीड़िता मंदिर गई थी, जहां परिसर में किराए से रहने वाले मनीष राजपूत ने उससे बातचीत शुरू की और मंदिर के काम का झांसा देकर उसे अपने कमरे में ले गया। वहां उसने नाबालिग को बंधक बनाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मुंह खोलने पर उसे तथा उसके माता-पिता को जान से मारने की खौफनाक धमकी दी। इस धमकी से डरी-सहमी पीड़िता ने घर में किसी को कुछ नहीं बताया। इसी खामोशी का फायदा उठाकर तीन-चार दिन बाद मनीष ने उसे फिर डराकर कमरे में बुलाया और दोबारा ज्यादती की, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई।



**पेट दर्द से सामने आया सच, नवजात की मौत**

यह दरिंदगी काफी समय तक छुपी रही, लेकिन जब पीड़िता को तेज पेट दर्द हुआ, तब उसने तड़पते हुए अपनी मां को पूरी आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा कराई गई सोनोग्राफी में पीड़िता 25 सप्ताह की गर्भवती पाई गई। गर्भ का समय अधिक होने के चलते अदालत की अनुमति से डिलीवरी कराई गई, लेकिन नवजात शिशु की अत्यधिक कमजोरी के कारण जन्म के बाद ही मृत्यु हो गई। इस अत्यंत संवेदनशील मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ललिता ठाकुर और एसडीओपी पिंटू सिंह बघेल ने पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाजापुर के निर्देशन में पूरी कर अदालत में चार्जशीट पेश की। न्यायालय में अभियोजन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन प्रदीप भटेले एवं अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी रमेश सोलंकी ने मजबूती से पैरवी करते हुए साक्ष्य और तर्क रखे। अदालत ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी मनीष को अलग-अलग धाराओं के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा न्यायालय ने कुल 1,06,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बंदरों की मौत, पुलिस ने सम्मानपूर्वक दफनाया

विनय उजाला

**शाजापुर , निप्र।** हाईवे पर दौड़ते तेज रफ्तार वाहन अक्सर बेजुबान जानवरों के लिए काल बन जाते हैं। ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा जिले के मोलटा जोड़ पर सामने आया है, जहां एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की जोरदार टक्कर से दो बंदरों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह सड़क हादसे में दो बंदरों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 टीमघटनास्थल पर पहुंची। टीम में तैनात आरक्षक 258 मनोज शर्मा और पायलट राजेश बरेठा ने तत्परता दिखाते हुए सबसे पहले दोनों मृत वानरों को हाईवे के बीच से हटवाया, ताकि यातायात बाधित न हो और कोई अन्य दुर्घटना होने से बचा जा सके। सड़क से हटाने के बाद, पुलिस स्टाफ ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक जेसीबी मशीन की व्यवस्था की। इसके पश्चात, मौके पर ही जेसीबी की मदद से गड्ढा खुदवाकर दोनों वानर राज को पूरे सम्मान के साथ



## श्रीमद्भागवत कथा के लिए भगवामय हुई रेलवे कॉलोनी

**आज से बंटेगा कथा का प्रसाद, कलश यात्रा से होगी 15वें वर्ष की शुरुआत**

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** लगातार 14 वर्षों से नगरवासियों को भागवत का प्रसाद बांट रही श्री नित्येश्वर महादेव भागवत कथा समिति एवं सूर्या ग्रूप के युवाओं की टीम इस बार 15वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। इस वर्ष भी रेलवे मैदान पर आज से 7 दिनों के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जहां ब्रह्मलीन श्री चेतनदास महाराज के शिष्य अनुजदास महाराज नगरवासियों को भागवत कथा का वाचन कर जीवन को धन्य करेंगे। आयोजन की शुरूआत कलश यात्रा से होगी जो शुक्रवार को प्रात: 7.30 बजे रेलवे कालोनी स्थित श्री नित्येश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई नहर के पास रेलवे मैदान कथा स्थल पहुंचेगी। जहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद सात दिनों तक प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से रात 11 बजे तक कथा का अनुजदास जी महाराज द्वारा वाचन किया जाएगा। श्री नित्येश्वर महादेव मंदिर समिति व रेलवे कालोनी व सूर्या ग्रुप शाजापुर द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म का लाभ लेने का अनुरोध किया है।



**एक माह से चल रही तैयारियां पूर्ण**

लगातार 14 वर्षों से कथा का आयोजन कर रही समिति द्वारा इस वर्ष 15वे वर्ष को भी भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें समिति सदस्य पिछले एक माह से लगे हुए हैं, जिनके अथक प्रयासों का परिणाम है कि पूरी कालोनी भगवा ध्वज से सजकर आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं नगरवासियों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया है। जिसके चलते इस वर्ष भी नगरवासियों को श्रीमद्भागवत कथा का लाभ मिलेगा।

## हुनर से हौसले की उड़ान, एमएलबी की छात्राएं पार्लर में सीख रहीं ब्यूटी एंड वैलनेस के गुर

विनय उजाला

**शाजापुर निप्र। हाथों में हुनर हो तो सफलता और आत्मनिर्भरता की राह खुद-ब-खुद आसान हो जाती है। शाजापुर की बेटियों को इसी हुनर से तराशने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की एक शानदार पहल शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिल रही है।**

यहां की छात्राएं अब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए बाकायदा ब्यूटी पार्लर में सीधे काम के बीच ऑन-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) प्राप्त कर रही हैं। विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ब्यूटी एंड वैलनेस विषय की कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं को विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्य पूनम त्रिवेदी और नोडल अधिकारी मुकेश कुमार दुबे के कुशल मार्गदर्शन में यह पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत व्यावसायिक प्रशिक्षक संगीता अग्रवाल द्वारा इन छात्राओं को शाजापुर शहर के ब्यूटी पार्लर में ले जाकर काम का सीधा अनुभव प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्लर के रोजमर्रा के कामकाज को करीब से देखते हुए वे प्रतिदिन विभिन्न प्रकार का मेकअप, आधुनिक हेयर स्टाइल, मैनीक्योर, पेडीक्योर और आकर्षक मेंहदी लगाने जैसी महत्वपूर्ण बारीकियां सीख रही हैं। इस पूरी ट्रेनिंग का लक्ष्य छात्राओं को रोजगार के लिए पूरी तरह से तैयार करना है। ट्रेनिंग के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद इन सभी छात्राओं को आधिकारिक सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे। इस व्यावहारिक ज्ञान और प्रमाण पत्र की मदद से छात्राएं भविष्य में अपना खुद का ब्यूटी पार्लर खोलकर न सिर्फ आत्मनिर्भर बन सकेंगी, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकेंगी। उक्त जानकारी राजेंद्र नामदेव ने दी।




## बंदियों एवं उनके परिजनों को अब मिलेगी त्वरित एवं नि:शुल्क विधिक सहायता

**शाजापुर, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में जिला जेल शाजापुर के मुलाकाती क्षेत्र में 'लीगल एड हेल्प डेस्क' की स्थापना कर उसका संचालन प्रारंभ किया गया है। उक्त हेल्प डेस्क का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर की सचिव श्रीमती नमिता बौरासी के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर श्री आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिला जेल में निरुद्ध बंदियों एवं उनके परिजनों को सरल, सुलभ एवं नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। हेल्प डेस्क के माध्यम से जमानत आवेदन, अपील, पैरोल, माफी आवेदन सहित अन्य विधिक कार्यवाहियों में आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## ड्रग फ्री अभियान के तहत 1 किलो अवैध गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** जिले में चलाए जा रहे ड्रग फ्री अभियान के तहत पुलिस ने एक किलो अवैध गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आगामी 3 वर्षों में प्रदेश को ड्रग फ्री बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत द्वारा जिला शाजापुर को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकघनश्याम मालवीय के नेतृत्व में एक विशेष 'ड्रग फ्री टीम ' का गठन किया गया है। उक्त अभियान का संचालन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना सुनेरा क्षेत्र के एबी रोड ब्रिज के पास टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहन पिता अम्बाराम उम्र 50 वर्ष निवासी धोबी चौराहा शाजापुर को 440 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह शाजापुर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कृषि उपज मण्डी शाजापुर नहर के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी कैलाश पिता हरलाल कुशवाह, उम्र 55 वर्ष निवासी काछीवाड़ा शाजापुर को 550 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।



**इंदौर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर घमासान**

# गुर्जर देवसेना ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी, कहा- इतिहास से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** इंदौर में प्रस्तावित सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापना से पहले ही एक बड़ा सामाजिक विवाद खड़ा हो गया है। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था ने प्रशासन को खुला अल्टीमेटम दिया है कि यदि प्रतिमा के अनावरण में ऐतिहासिक तथ्यों के साथ कोई भी छेड़छाड़ की गई, तो इंदौर सहित पूरे मध्यप्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। संस्था की मांग है कि प्रतिमा के साथ सम्राट पृथ्वीराज चौहान को गुर्जर शासक के रूप में प्रदर्शित किया जाए। इस गंभीर मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के निर्देश पर, युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में इंदौर प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया कि इंदौर के निरंजनपुरा चौराहे पर नगर निगम द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित की जानी है। ऐतिहासिक दस्तावेजों और काव्यों के अनुसार पृथ्वीराज चौहान गुर्जर शासक थे। ऐसे में प्रतिमा स्थापना के दौरान ऐतिहासिक तथ्यों को बिना छेड़छाड़ के प्रदर्शित किया जाए। पदाधिकारियों ने याद दिलाया कि वर्ष 2022 में रिलीज हुई फिल्म सम्राट पृथ्वीराज के समय भी यही विवाद उठा था, तब गुर्जर समाज ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके साथ ही, ग्वालियर में सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा को लेकर हुए विवाद का जिक्र करते हुए समाज ने स्पष्ट किया कि इतिहास की चोरी या तथ्यों से छेड़छाड़ अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के पदाधिकारियों ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि यदि इंदौर प्रशासन ने उनकी मांगों को अनसुना किया और प्रतिमा स्थापित करते समय सही ऐतिहासिक जानकारी प्रदर्शित नहीं की, तो इसका कड़ा विरोध होगा। पूरे प्रदेश में गुर्जर समाज सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी इंदौर जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह गुर्जर, उज्जैन संभाग उपाध्यक्ष बाबूलाल गुर्जर, शाजापुर जिला अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, युवा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष लच्छीराम गुर्जर, शाजापुर नगर अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर, युवा प्रदेश सचिव गोकुल सिंह गुर्जर, ईश्वर सिंह गुर्जर, फूलसिंह गुर्जर, राजपाल गुर्जर, अरविंद गुर्जर, गणेश गुर्जर सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



## संक्षिप्त समाचार

### दरगाह ए हकीमी प्रबंधन ने नवागत एसपी आशुतोष बागरी का किया स्वागत



**बुरहानपुर, निप्र।** दरगाह-ए-हकीमी प्रबंधन ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर नवागत एसपी आशुतोष बागरी का शॉल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। दाऊदी बोहरा समाज के पीआरओ को ऑर्डिनेटर तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने बताया कि नए एसपी ने गुरुवार को जिले का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर दरगाह-ए-हकीमी के उप प्रबंधक शेख मुस्तफा उज्जैनी द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला, मोहम्मद नूर पार्टी, दरगाह ए हकीमी के अकाउंटेंट अशोक लार्ड और ओम यादव मौजूद रहे। दरगाह ए हकीमी प्रबंधन ने नए एसपी को ऐतिहासिक दरगाह-ए-हकीमी आने का निमंत्रण भी दिया। गौरतलब है कि गृह विभाग की आईपीएस तबादला सूची में पूर्व एसपी देवेंद्र पाटीदार का तबादला झाबुआ किया गया है। उनके स्थान पर आशुतोष बागरी को जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों और स्टाफ से चर्चा की।

### वार्ड क्रमांक 14 के रहवासियों ने आबादी भूखंड के पट्टे प्रदान करने की मांग की



**हरसूद ( विनय उजाला )।** गुरूवार दोपहर छनेरा के वार्ड क्रमांक 14 के रहवासियों ने एसडीएम कार्यालय हरसूद पहुंचकर एसडीएम आरसी खतेडिया को एक ज्ञापन सौंपकर आबादी भूखंड के पटटे प्रदान करने की मांग की। वार्डवासियों ने बताया कि हम अति गरीब हैं तथा आबादी भूमि पर हमारे द्वारा मकान बनाकर हम लोग उसमें वर्षों से निवास कर रहे हैं। हमें आज दिनांक तक आबादी भूखंड के पटटे प्रदान नहीं किए गए हैं। हमारे द्वारा अनेक बार लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आबादी भूखंड के पटटे के संबंध में आवेदन किए गए। हमारे नाम नगर परिषद में तो दर्ज करा लिए गए, किन्तु अभी तक पटटे प्रदान नहीं किए गए। हमारे द्वारा प्रतिवष नगर परिषद में टैक्स भी जमा किया जाता रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि हमारे कच्चे मकान है तथा शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास कुटीर प्रदान की जा रही है। जिसकी सूची में हमारा नाम आ चुका है हमसे उक्त भूखंड के संबंध में दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। हमें पटटा प्रदान नहीं किए जाने के कारण हम दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं। वार्डवासियों ने हरसूद एसडीएम से पटटा प्रदान करने की मांग की है।

### पुरस्कार वितरण एवं वार्षिकोत्सव का समापन



**हरसूद ( विनय उजाला )।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय हरसूद में वार्षिकोत्सव उत्कर्ष 2026 में विगत एक सप्ताह से जारी खेल कूद गतिविधियां, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत समापन गुरूवार को हुआ। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार एवं समाजसेवी गोविंद शर्मा थे तथा विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि कमल खंडेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरसूद राम पवार थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा संस्था में आयोजित खेलकूद, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों के विजेता एवं उपविजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कर उत्साह वर्धन किया गया। गोविंद शर्मा द्वारा विद्यार्थियों में अध्ययन के अतिरिक्त अन्य किसी भी सकारात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहने के बारे में सुझाव दिया गया। राम पवार ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम सुनने एवं उस पर अमल करने हेतु आग्रह किया। कमल खंडेलवाल द्वारा विद्यार्थियों को कार्यक्रम एवं आगामी परीक्षा में अच्छे मार्क्स से उत्तीर्ण होकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रविंद्रसिंह सिसोदिया सहित संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### सांदीपनि अहिल्या आश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में हुआ आयोजन

# 12 दिवसीय समर कैंप का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

विनय उजाला







**इंदौर, नप्र। नगर के प्रतिष्ठित शासकीय विद्यालय सांदीपनि अहिल्या आश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, इंदौर में आयोजित 12 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह समर कैंप लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशन में 'सीखो, सृजन करो और समाज से जुड़ो' थीम पर आयोजित किया गया था।**

समर कैंप का सफल संचालन एवं समन्वयन प्राचार्य श्री रमेश कुमार सेन एवं उप प्राचार्य श्री विपिन कुमार जैन के मार्गदर्शन में किया गया। कैंप के दौरान कक्षा 4 थीं से 9 वीं तक की छात्राओं ने फैब्रिक पेंटिंग, डांस एवं योग जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं जीवन कौशलों का विकास करना रहा।

समापन समारोह में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती हेमा मालवीय के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा तैयार की गई फैब्रिक पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में छात्राओं की कला एवं रचनात्मकता को उपस्थित स्टॉफ एवं अभिभावकों ने सराहा। विद्यालय की नृत्य प्रशिक्षिका सुश्री खुशी राजहंस के द्वारा इस समर कैंप में छात्राओं को मध्य प्रदेश के लोक नृत्य तैयार करवाए गए जिसकी मनमोहक प्रस्तुति भी छात्राओं द्वारा इस अवसर पर दी गई।

#### जागरूक अभिभावक किसी भी संस्था की सफलता का आधार होता : सेन

इस अवसर पर प्राचार्य श्री रमेश कुमार सेन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में रचनात्मक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही श्री सेन ने कहा की समर कैंप में बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता इस बात की परिचायक है की हमारी संस्था सिखने - सिखाने की प्रक्रिया के लिए उचित वातावरण निर्मित करने में सफल रही है। साथ ही उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को भी आभार ज्ञापित करते हुए कहा की जागरूक अभिभावक किसी भी संस्था की सफलता का आधार होता है। उप प्राचार्य श्री विपिन कुमार जैन ने छात्राओं को निरंतर सीखने एवं प्रतिभा विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

समर कैंप में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मार्गदर्शक शिक्षिकाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान अध्यापक श्री अशोक कुमार जैन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। समारोह का समापन पौष्टिक अल्पाहार वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालयीन स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# हरसूद की बेटी कु. सुहानी ने पाया जिले में प्रथम स्थान

विनय उजाला



**हरसूद, निप्र।** हरसूद की होनहार बिटिया कुमारी सुहानी अनुराग यादव ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खंडवा जिले में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और परिवार का नाम गर्व से रोशन किया है। साथ ही उसने अपने विद्यालय में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। यह सफलता उसकी कठिन मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। सुहानी ने खंडवा में अपनी दादी के साथ रहकर लगातार दो वर्षों तक सेंट जोसेफ स्कूल में अध्ययन किया और पूरी लगन, मेहनत तथा ईमानदारी के साथ पढ़ाई करते हुए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। पढ़ाई के प्रति उसका समर्पण शुरू से ही सराहनीय रहा है। वह हर कार्य को पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ करने में विश्वास रखती है। उसकी इसी मेहनत ने आज उसे जिले के सर्वोच्च स्थान तक पहुँचाया है। सुहानी की इस शानदार उपलब्धि में उसके शिक्षकों का मार्गदर्शन, माता-पिता का सहयोग और परिवार का आशीर्वाद हमेशा उसके साथ रहा। आज उसकी सफलता से न केवल हमारा परिवार बल्कि पूरा समाज, विद्यालय, हरसूद और खंडवा जिला गर्व महसूस कर रहा है। उसने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्चे मन से की जाए तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

सबसे भावुक और गर्व की बात यह है कि सुहानी ने अपनी दादी के साथ रहकर अपने दादाजी का सपना पूरा किया है। उसकी इस उपलब्धि ने पूरे परिवार को भावुक और गौरवान्वित कर दिया है। आज सुहानी की मेहनत और सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है। सुहानी की इस उपलब्धि पर पिता अनुराग यादव ने कहा कि हमें अपनी बेटी पर अत्यंत गर्व है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह जीवन में इसी तरह निरंतर आगे बढ़ती रहे। नई ऊँचाइयों को छुए और अपने सपनों को साकार करे। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह भविष्य में भी अपनी प्रतिभा और मेहनत से पूरे हरसूद, छनेरा, खंडवा जिले और देश का नाम रोशन करती रहेगी।

# किसानों को दी जा रही ई-विकास एवं फार्मर रजिस्ट्री की जानकारी



विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** कृषक कल्याण वर्ष-2026 के तहत एवं कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में जिले में किसानों के हित में विभिन्न गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही है।

इसी कड़ी में गुरूवार को उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अमले द्वारा घर-घर जाकर एवं चौपालों के माध्यम से किसानों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की जा रही हैं। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा फार्मर आईडी/फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा रही है, जिससे आगामी खरीफ सीजन में किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

विकासखंड खकनार एवं बुरहानपुर की टीमें विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर किसानों को ई-विकास प्रणाली, कृषि विभाग की योजनाओं तथा फार्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है वहीं ग्राम स्तर पर पटवारी द्वारा फार्मर आईडी बनाई जा रही है। किसानों से अपील की है कि जिन किसानों की अभी तक फार्मर आईडी नहीं बनी है, वे अपने संबंधित पटवारी से संपर्क कर शीघ्र फार्मर आईडी बनवाएं, ताकि आगामी सीजन में उर्वरक प्राप्ति में कोई बाधा न आए।

किसानों से यह भी अपील की गयी है कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से टोकन के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में फसलवार एवं समयानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। यह व्यवस्था पूर्णतः पारदर्शी है। आयोजित गतिविधियों में कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक, सचिव एवं किसान सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# आयुष स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को दे रहे स्वास्थ्य लाभ

### निःशुल्क उपचार के साथ मौसमी जानकारी एवं योग के प्रति भी किया जा रहा जागरूक

विनय उजाला



**बुरहानपुर, निप्र।** जिले में राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनांतर्गत एवं कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा निरंतर स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। इसी कड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर इटारिया द्वारा ग्राम भुरापानी फाल्या में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को ग्रीष्मकाल में होने वाली बीमारियों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा अधिक मात्रा में पेय पदार्थ जैसे जूस, नींबू पानी, शिकंजी एवं गन्ने का रस सेवन करने की सलाह दी गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. कविता गढ़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित शिविर में 43 रोगियों की स्वास्थ्य जांच कर आयुर्वेद पद्धति से उपचार किया गया तथा आयुर्वेदिक औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया।

शिविर के दौरान वात रोग, संधिवात, आमवात, पक्षाघात, चर्म रोग, रक्ताल्पता, श्वास, कास, प्रतिश्याय, शिरःशूल, उदर रोग, मूत्र रोग, अश्मरी, ज्वर, स्त्री रोग, श्वेत प्रदर एवं कष्टार्तव सहित विभिन्न रोगों के मरीजों की चिकित्सा की गई। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए योग के महत्व को समझाया गया तथा नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में डॉ. सुखलाल आलावा एवं डॉ. योगेश महाजन द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं गौरव यादव एवं श्रवण शिंदे द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली पर प्रतिबंध

**शाजापुर, निप्र।** जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने आगामी त्यौहार ईदज्जुहा (बकरीद), सोमवती अमावस्या, छात्रसाल जयंती, मोहर्रम चौकी धुलाई, मोहर्रम ताजिया को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाली सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं। आदेश के तहत सभी प्रकार के सार्वजनिक स्थानो, चौराहो, चौपाल, नगर के तिराहे इत्यादि में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलुस, रेली आदि को प्रतिबंधित किया गया हैं। किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, जुलुस, रेली आदि के आयोजन एवं उसके संचालन के लिये अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिखित में आवेदन कर अनुमति आदेश प्राप्त करेगा।

# सोशल साइट्स पर आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने पर धारा 163 के तहत प्रतिबंध

**शाजापुर, निप्र।** जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुये लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये सोशल साइटस जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर (एक्स), इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक संदेश, चित्रो, वीडियो एवं ऑडियो संदेशो आदि पर नियंत्रण के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत शाजापुर जिले की राजस्व सीमा के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं। जिसके तहत फेसबुक, व्हाटसएप, ट्वीटर (एक्स), इंस्टाग्राम, टेलीग्राम यूजर द्वारा कोई ऐसा आपत्तिजनक संदेश, चित्रों वीडियों एवं आडियों, संदेशो आदि जिससे आमजन की भावना को आहत एवं किसी सम्प्रदाय विशेष की भावना उद्ववेदित हो ऐसे पोस्ट को शेयर, फॉरवर्ड, लाइक ना करें, ना ही प्रसारित करें। व्हाटसएप ग्रुप एडमिन तथा ग्रुप से जुडे यूजर धार्मिक भावना भड़काने वाले पोस्ट को प्रसारित न करें एवं ग्रुप के यूजर को ऐसा करने से रोकें, ग्रुप एडमिन व्हाटसएप, फेसबुक एवं अन्य बनाये गये ग्रुप का मुखिया होता है, यदि उसके ग्रुप के कोई भी सदस्य आपत्तिजनक सामग्री पहुंचाने वाला अथवा संदेश, फोटो, वीडियों ग्रुप में शेयर करता है, तो ग्रुप एडमिन की जवाबदारी होगी।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that the following share certificate of Grasim Industries Limited, having its registered office at Birlagram, Nagda, 456331, Madhya Pradesh, have been reported lost/misplaced and the registered holder thereof has applied to the Company for the issuance of duplicate share certificate:Name of Shareholder: Mr. Olavo Antonio Guilherme D Lima Fernandes, Folio No: 900984, Certificate No. 3133278, Distinctive Nos. from 451648596 to 451649690, No of shares: 1095 shares of face value of Rs. 2/- each.The public is hereby cautioned against purchasing or dealing in any way with the above-mentioned share certificate. Any person who has a claim in respect of the said share certificate should lodge such claim with the Company at its Registered Office or with its Registrar and Share Transfer Agent, KFin Technologies Limited having address at Selenium Building, Tower-B Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddy, Hyderabad, Telangana, 500032 within 15 days of the publication of this notice, after which the Company will proceed to issue duplicate share certificate and no further claim will be entertained.

Place: Goa,

Date: 15.05.2026,

Name of Shareholder:

Mr. Olavo Antonio Guilherme D Lima Fernandes.

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित

**शाजापुर, निप्र।** जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने मौजूदा हालातों के मद्देनजर म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के निर्देशों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रतिबंधित किया हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जन सामान्य के कल्याण एवं लोक शांति को कायम रखने के लिए शाजापुर जिले के अंतर्गत आने वाली सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र के लिए यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं।

**पश्चिम रेलवे – भावनगर मण्डल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**सं. W/118/NIT/E-Tender/2026-27/WA/07 दिनांक: 13/05/2026; ई-निविदा सं. 25-2026-27 से 27-2026-27;** मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम रेलवे, भावनगर परा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा मूल्य (₹) | ईएमडी (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 25-2026-27 | राजकोट-जेतलसर अनुभाग के बीच RCC बॉक्स के लिए पाइप कल्वर्ट, छोटे स्लेब और बॉक्स ब्रिज का प्रतिस्थापन। (25 नग) | 224824678.25 | 4496500.00 |
| 02 | 26-2026-27 | वरि. DEN सेंट्रल क्षेत्राधिकार:- RCC बॉक्स (06 Nox) के प्रावधान द्वारा डबल स्पैन आर्च ब्रिज का पुनःनिर्माण। | 175404197.10 | 3508100.00 |
| 03 | 27-2026-27 | अमरेली: लोको पायलट / सहायक लोको पायलट / ट्रेन प्रबंधक के लिए पूरी सुविधाओं वाले नए रनिंग रूम के निर्माण का प्रावधान। | 19831140.81 | 396600.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बिडिंग प्रारंभ होने की तिथि:** 21/05/2026; **बिडिंग समापन की तिथि:** 04/06/2026; अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें. BVP-031

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly

### 45 वर्षों तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के बाद एमपी ट्रांसको का पावर ट्रांसफार्मर हुआ रिटायर

# सारणी में ऊर्जीकृत हुआ 160 एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर : ऊर्जा मंत्री तोमर

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश की विद्युत पारेषण व्यवस्था के इतिहास में एक भावुक और गौरवपूर्ण अध्याय उस समय जुड़ गया, जब एमपी ट्रांसको के बैतूल जिला स्थित सारणी 220 केवी सबस्टेशन में स्थापित 100 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर लगातार 45 वर्षों तक निर्बाध सेवाएं देने के बाद सम्मानपूर्वक रिटायर हुआ।

श्री तोमर ने बताया कि उल्लेखनीय है कि सन् 1978 मे निर्मित इस ट्रांसफार्मर की निर्धारित कार्य अवधि लगभग 25 वर्ष थी, किंतु मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तथा बाद में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों एवं तकनीकी कर्मचारियों की कुशल मेंटेनेंस, सटीक तकनीकी प्रबंधन और उत्कृष्ट कार्य दक्षता के कारण इसने लगभग दोगुनी अवधि तक विश्वसनीय सेवाएं दीं।

#### प्रदेश के कई हिस्सों में बिजली पहुंचाने में रहा था अहम योगदान

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आगे जानकारी दी कि सारणी ताप विद्युत गृह से उत्पादित होने वाली बिजली को इंदौर सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तक सुरक्षित एवं सतत रूप से पहुंचाने में इस ट्रांसफार्मर की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीते लगभग साढे चार दशकों में इस ट्रांसफार्मर ने न केवल प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती प्रदान की, बल्कि मध्यप्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं सामाजिक विकास की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मौन आधार स्तंभ की तरह योगदान दिया। यह ट्रांसफार्मर प्रदेश की ऊर्जा अवसंरचना के विकास का साक्षी रहा है।

**दी भावुक विदाई:** एमपी ट्रांसको के कार्मिकों ने इस ऐतिहासिक ट्रांसफार्मर को भावुक विदाई देते हुए उसकी दीर्घ, विश्वसनीय और समर्पित सेवाओं को याद किया। पुराने 100 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर अब सारणी 220 केवी सबस्टेशन में 160 एमवीए क्षमता का अत्याधुनिक पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र की पारेषण क्षमता और विद्युत विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

एमपी ट्रांसको भोपाल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजेश शांडिल्य ने बताया कि इस पावर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने के बाद 220 के वी सबस्टेशन सारणी की क्षमता बढकर 320 एम व्ही ए की हो गई है. इससे विश्वसनीयता बढने के साथ तीन 132 के व्ही सबस्टेशनो को फायदा मिलेगा. इसके अलावा रेलवे ट्रैक्सन घोड़ाड़ोंगरी के दोनों फीडर को भी गुणवत्ता पूर्ण विश्वसनीय सप्लाई उपलब्ध रहेगी।

**बैतूल जिले की क्षमता में वृद्धि:** श्री शांडिल्य ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से बैतूल जिले की कुल स्थापित क्षमता 740 एम वी ए से बढ़कर 800 एम वी ए हो गई। एमपी ट्रांसको बैतूल जिले में अपने 220/132 के व्ही के तीन एवं 132/33 के व्ही के छह सब स्टेशन के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है।

## त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम घोषित

# वैभव सूर्यवंशी को मिला मौका, तिलक वर्मा करेंगे कप्तानी

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका और अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान कर दिया है।**

दिलचस्प बात यह है कि इस सीरीज के लिए 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी मौका मिला है जो पहली बार इंडिया ए स्क्वाड का हिस्सा होंगे। भारत ए इस सीरीज में तिलक वर्मा की कप्तानी में खेलने उतरेगा, जबकि रियान पराग उपकप्तान होंगे।

### त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीम हिस्सा लेगी

पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में जून में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत ए टीम का चयन किया है। इस सीरीज में भारत के अलावा श्रीलंका और अफगानिस्तान की ए टीम हिस्सा लेगी। इसके अलावा भारत ए श्रीलंका ए के खिलाफ दो बहु-दिवसीय मैच भी खेलेगा जिसके लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। सेफद गेंद की सीरीज के मुकाबले दांबुला में होंगे, जबकि लाल गेंद वाले मुकाबलों की मेजबानी गॉल करेगा।





**सीरीज का कार्यक्रम...** भारत, श्रीलंका और अफगानिस्तान ए के बीच होने वाली ये त्रिकोणीय सीरीज आईपीएल 2026 के बाद खेली जाएगी। इसका पहला मुकाबला नौ जून को भारत और श्रीलंका की ए टीमों के बीच खेला जाएगा, जबकि भारत का दूसरा मुकाबला 11 जून को अफगानिस्तान से होगा। तीनों ही टीमें कुल चार-चार मुकाबले खेलेगी और जो दो टीमें सबसे ज्यादा मैच जीतेंगी उनके बीच 21 जून को त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मैच खेला जाएगा।

## आईपीएल-2026 : आज का मुकाबला

लखनऊ सुपर जाइंट्स VS चेन्नई सुपर किंग्स

स्थान : लखनऊ समय : शाम 07.30 बजे से

## राणा और लॉरा बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ



**दुबई, (हि.स.)।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा और दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट को अप्रैल माह के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। नाहिद राणा ने पहली बार यह सम्मान हासिल किया, जबकि वोल्वार्ड्ट ने पिछले सात महीनों में तीसरी बार यह पुरस्कार अपने नाम किया। नाहिद राणा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह और संयुक्त अरब अमीरात के तेज गेंदबाज अजय कुमार को पीछे छोड़ते हुए पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। महिला वर्ग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने लगातार शानदार बल्लेबाजी के दम पर यह पुरस्कार जीता। उन्होंने श्रीलंका की बल्लेबाज इमेशा दुलानी और ब्राजील की ऑलराउंडर लॉरा कार्डोसो को पीछे छोड़ा। पुरस्कार जीतने के बाद वोल्वार्ड्ट ने कहा, 'इतने कम समय में तीसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनना बेहद शानदार एहसास है। मैं इसी आत्मविश्वास और निरंतरता के साथ आगे भी बल्लेबाजी जारी रखना चाहती हूं। यह मेरे करियर के सबसे बेहतरीन दौरों में से एक है।'

## फ्लिंटॉफ बन सकते हैं सिडनी थंडर के नए मुख्य कोच



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंचाइजी सिडनी थंडर जल्द ही इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर एंड्र्यू फ्लिंटॉफ को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त कर सकती है। ऑस्ट्रेलियाई खेल वेबसाइट कोड स्पोर्ट्स के अनुसार फ्लिंटॉफ इस पद की दौड़ में सबसे आगे रहे और अब उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा जल्द होने की संभावना है। सिडनी थंडर पिछले कोच ट्रेवर बेलिस से अलग होने के बाद नए मुख्य कोच की तलाश में थी। ट्रेंट कोपलैंड, जो सिडनी थंडर के महाप्रबंधक हैं, ने बेलिस के जाने के बाद कहा था कि टीम 'विश्वस्तरीय टी20 कोच' की तलाश कर रही है और अब फ्लिंटॉफ के रूप में टीम को बड़ा नाम मिलने जा रहा है। एंड्र्यू फ्लिंटॉफ पिछले एक साल से इंग्लैंड लायंस टीम के कोच के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंग्लैंड लायंस टीम का नेतृत्व भी किया था। इसके अलावा फ्लिंटॉफ इंग्लैंड की सीमित ओवर टीम के साथ सलाहकार की भूमिका भी निभा चुके हैं।

## थाईलैंड ओपन बैडमिंटन

# पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में

बैंकॉक, (हि.स.)

**भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और टूर्नामेंट की छठी वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने महिला एकल के दूसरे दौर में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को सीधे गेमों में 21-13, 21-15 से हराया। सिंधु ने यह मुकाबला महज 28 मिनट में अपने नाम किया। अब क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर-3 अकाने यामागुची से होगा, जहां भारतीय स्टार के सामने कड़ी चुनौती रहने वाली है। पुरुष एकल वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से हराकर अंतिम-8 में प्रवेश किया। 39 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन का मुकाबला चीनी ताइपे के ली चिया हाओ और थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त कुनलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।





### सात्विक-चिराग की जोड़ी भी आगे बढ़ी

पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मलेशिया की ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकल की जोड़ी को 21-12, 21-19 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व नंबर-4 भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला 44 मिनट में जीता। अब अगले दौर में सात्विक-चिराग का सामना जापान की छठी वरीयता प्राप्त ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी की जोड़ी से होगा।

## वीनस विलियम्स 45 साल की उम्र में करेंगी फ्रेंच ओपन में वापसी



नई दिल्ली, (हि.स.)

अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स एक बार फिर ग्रैंड स्लैम कोर्ट पर नजर आएंगी। 45 वर्षीय वीनस इस महीने शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन 2026 में महिला युगल मुकाबलों में हिस्सा लेंगी। वह युवा अमेरिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगी, जो उनसे 21 साल छोटी हैं।

फ्रेंच ओपन आयोजकों ने बुधवार को महिला युगल स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों की सूची जारी की, जिसमें वीनस विलियम्स और हेली बैपटिस्ट की जोड़ी भी शामिल है। रोलां गैरां में होने वाला यह प्रतिष्ठित क्ले कोर्ट टूर्नामेंट 24 मई से शुरू होगा।

हालांकि वीनस इस बार महिला एकल वर्ग में हिस्सा नहीं लेंगी। वीनस विलियम्स ने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में वाइल्ड कार्ड के जरिए वापसी की थी, जहां वह पहले दौर में हार गई थीं। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी भी बनी थीं। सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीत चुकी वीनस एक समय महिला एकल और युगल दोनों वर्गों में विश्व नंबर-1 रह चुकी हैं।

## व्यापार

## फैसला सितंबर तक रहेगा प्रभावी

# भारत ने चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत सरकार ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। निर्यात पर यह रोक 30 सितंबर या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।**

सरकार ने यह कदम देश में चीनी की उपलब्धता बनाए रखने और इसकी कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उठाया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार, यह प्रतिबंध कच्ची, सफेद और परिष्कृत चीनी पर लागू होता है।

सरकार ने नीति में बदलाव करते हुए चीनी को निषिद्ध श्रेणी में रख दिया है। सरकार ने कहा कि यह प्रतिबंध मौजूदा टैरिफ-दर कोटा और व्यवस्थाओं के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को चीनी निर्यात पर लागू नहीं होगा।



### खरीदारों को अधिक शिपमेंट भेजने का अवसर

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने स्थानीय कीमतों को नियंत्रित करने के लिए चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। सरकार का यह कदम वैश्विक सफेद और कच्ची चीनी की कीमतों को सहारा दे सकता है। इससे ब्राजील और थाईलैंड जैसे प्रतिद्वंद्वी उत्पादकों को एशियाई और अफ्रीकी खरीदारों को अधिक शिपमेंट भेजने का अवसर मिलेगा। भारत, ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा चीनी निर्यातक है।

### अगले सीजन का उत्पादन शुरुआती अनुमानों से कम?

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पहले मिलों को 1.59 मिलियन टन चीनी निर्यात की अनुमति दी थी। लेकिन अब उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष खपत से कम रहने की उम्मीद है। प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में गन्ने की पैदावार कमजोर हुई है। अल नीनो मौसम की स्थिति इस वर्ष के मानसून को बाधित कर सकती है। इससे अगले सीजन का उत्पादन शुरुआती अनुमानों से कम रहने का जोखिम बढ़ गया है।

### उत्पादन और निर्यात की वर्तमान स्थिति

निर्यात के लिए स्वीकृत 1.59 मिलियन टन में से व्यापारियों ने लगभग 800,000 टन के अनुबंध किए थे। इसमें से 600,000 टन से अधिक चीनी पहले ही भेजी जा चुकी है। सरकार ने कच्ची और सफेद चीनी के निर्यात पर रोक लगाने की बात कही है। हालांकि, निर्यात पाइपलाइन में पहले से मौजूद शिपमेंट को कुछ शर्तों के तहत आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी।

## वित्त वर्ष में शानदार प्रदर्शन

# भारतीय रेल वित्त निगम का मुनाफा 7.8 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, (हि.स.)

**रेल मंत्रालय के अधीन नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन करते हुए कर पश्चात लाभ (पीएटी) में 7.80 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 7,009.17 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6,502 करोड़ रुपये था।**

कंपनी ने बुधवार को जारी अपने वित्तीय परिणामों में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 उसके लिए रणनीतिक विविधीकरण का पहला पूर्ण वर्ष रहा, जिसमें रेलवे वित्त पोषण के पारंपरिक मॉडल से आगे बढ़ते हुए उसने बुनियादी ढांचा वित्त पोषण के विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार किया। कंपनी की परिसंपत्ति प्रबंधन (एयूएम) राशि बढ़कर रिकॉर्ड 4.85 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जबकि कुल परिसंपत्तियां पहली बार 5 लाख करोड़ रुपये के पार चली गईं। आईआरएफसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज कुमार दुबे ने कहा कि वित्त वर्ष 26 कंपनी के लिए परिवर्तनकारी वर्ष साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि विविधीकरण रणनीति के चलते कंपनी को बेहतर स्प्रेड, उच्च मार्जिन और शेयरधारकों के लिए अधिक मूल्य प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि कंपनी ने शून्य एनपीए की अपनी मजबूत परंपरा को बरकरार रखा है। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान उसने 72,949 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को स्वीकृति दी तथा लगभग 35,067 करोड़ रुपये का वितरण किया। आईआरएफसी ने रेलवे से जुड़े क्षेत्रों के अलावा बिजली उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, ट्रांसमिशन, उर्वरक तथा रेलवे लिंक्ड इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में भी वित्त पोषण गतिविधियां बढ़ाई हैं।



### विश्व बैंक ऋण का पुनर्वित्तपोषण किया

आईआरएफसी ने इस दौरान डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के लिए 9,821 करोड़ रुपये की दीर्घकालिक रुपये आधारित सुविधा के माध्यम से विश्व बैंक ऋण का पुनर्वित्तपोषण किया, जिससे लगभग 2,700 करोड़ रुपये की बचत हुई। इसके अलावा कंपनी ने हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) के लिए 12,842 करोड़ रुपये का पुनर्वित्तपोषण सौदा भी पूरा किया। कंपनी का नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) बढ़कर 1.50 प्रतिशत हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। आईआरएफसी ने कहा कि मेट्रो, पोर्ट और अन्य उभरते बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों से आगामी वित्त वर्ष में वृद्धि को और गति मिलने की उम्मीद है।

# अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और आईएचजी ने 5 होटलों के लिए किया समझौता

नई दिल्ली, (हि.स)



अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने गुरुवार को पांच होटलों के लिए समझौता किया है। इस साझेदारी से आईएचजी का लक्जरी लाइफ स्टाइल ब्रांड 'किम्पटन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स' भी भारतीय बाजार में कदम रखेगा।

अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने एक बयान में बताया कि एएएचएल और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने पांच होटलों के पोर्टफोलियो के लिए समझौता किया है। इस समझौते के तहत भारत के प्रमुख हवाई अड्डों और कमर्शियल जगहों पर लगभग 1,500 कमरे जोड़े जाएंगे। इसके जरिए आईएचजी का लक्जरी लाइफ स्टाइल बुटीक ब्रांड 'किम्पटन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स' भी भारतीय बाजार में कदम रखेगा।

एएएचएल के मुताबिक एयरपोर्ट से जुड़े हॉस्पिटैलिटी और मिश्रित उपयोग विकास परियोजनाओं के तहत, जयपुर, मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम और मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में इन होटलों का विकास किया जाएगा। कंपनी ने बयान में बताया कि इस पोर्ट.फ़ोलियो में जयपुर का किम्पटन होटल शामिल होगा, साथ ही अडाणी द्वारा संचालित हवाई अड्डों से जुड़ी आगामी एयरपोर्ट सिटी परियोजनाओं में हॉलिडे इन और हॉलिडे इन एक्सप्रेस की प्रॉपर्टीज़ भी शामिल होंगी। एएएचएल ने कहा कि यह समझौता भारत के एविएशन और टूरिज़्म सेक्टर में ज़बरदस्त ग्रोथ के बीच हुआ है, जहां एयरपोर्ट के आसपास होने वाले डेवलपमेंट तेजी से बड़े हॉस्पिटैलिटी और कमर्शियल हब के तौर पर उभर रहे हैं। इसकी मुख्य वजह यात्रियों की बढ़ती संख्या, घरेलू टूरिज़्म और बिज़नेस ट्रैवल की बढ़ती मांग है।

एएएचएल ने कहा कि वह अपनी उस रणनीति के तहत प्रमुख शहरों में लगभग 663 एकड़ में फैले एयरपोर्ट सिटी प्रोजेक्ट्स विकसित कर रहा है, जिसका उद्देश्य एविएशन, हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और कमर्शियल इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलाकर एकीकृत शहरी इकोसिस्टम बनाना है।

## लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली, (हि.स)।** वैश्विक-भू राजनीतिक संकट के बीच हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। लगातार दूसरे दिन बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 790 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 277 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला



सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक यानी 1.06 फीसदी की उछाल के साथ 75,398.72 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान मजबूत शुरुआती की लेकिन जल्द ही यह नकारात्मक क्षेत्र में चला गया। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग के शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से ज्यादा चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 फीसदी की बढ़त के साथ 23,689.60 के स्तर पर बंद हुआ है। इस तरह शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख कायम रहा।

## ईंधन की कीमतों में उछाल से थोक महंगाई दर 8.3 फीसदी तक पहुंची

नई दिल्ली, (हि.स)



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में भी इजाफा हुआ है। ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल के कारण अप्रैल में थोक महंगाई दर बढ़कर 8.30 फीसदी हो गई है, जो मार्च में 3.88 फीसदी थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को आंकड़ों में बताया कि ईंधन और बिजली श्रेणी में महंगाई दर अप्रैल में 24.71 फीसदी हो गई, जो मार्च में 1.05 फीसदी थी। इसके साथ ही कच्चे तेल की महंगाई दर अप्रैल में 88.06 फीसदी रही, जबकि मार्च में यह 51.5 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं में महंगाई दर अप्रैल में 1.98 फीसदी रही, जो मार्च में 1.90 फीसदी थी। गैर-खाद्य वस्तुओं में महंगाई दर बढ़कर अप्रैल में 12.18 फीसदी हो गई, जो पिछले महीने मार्च में 11.5 फीसदी थी। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही है। ईंधन और बिजली श्रेणी में एलपीजी में महंगाई दर अप्रैल में 10.92 फीसदी रही।

## आरबीआई इस साल दे सकता है अपना सबसे बड़ा डिविडेंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत सरकार के लिए एक बेहद राहत भरी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस साल केंद्र सरकार को अब तक का सबसे बड़ा लाभांश (डिविडेंड) सौंपने की तैयारी कर रहा है। यह भारी-भरकम भुगतान सरकार को एक मजबूत राजकोषीय कुशन (वित्तीय सहारा) प्रदान करेगा, जिससे वैश्विक संकटों से उत्पन्न होने वाली आर्थिक चुनौतियों का डटकर सामना किया जा सकेगा। इस महीने होने वाली अपनी महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक में रिजर्व बैंक इस लाभांश की अंतिम राशि पर मुहर लगाएगा। सूत्रों के हवाले से यह स्पष्ट हुआ है कि यह रकम ऐतिहासिक होने वाली है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया था, जो कि उससे पिछले वर्ष ट्रांसफर किए गए 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था। इस बार यह आंकड़ा और भी ऊंचे स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है, जो सरकारी खजाने को बड़ी मजबूती देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### धार के लालबाग में बनेगी नई सड़क, बगीचे की सुंदरता बढ़ेगी



**धार,निप्र।** शहर में निकाय की विकास कार्य की श्रृंखला में वार्ड क्रमांक 12 लालबाग नए बगीचे के सामने डामरीकरण रोड निर्माण कार्य का भूमि पुजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष महोदया नेहा महेश बोडाने, पार्षद पूजा जितेन्द्र अग्रवाल, अनिता रमाकांत मुकुट, सुमित्रा संजय मकवाना, अजीत जैन, नामांकित पार्षद हरनाम सिंह ठाकुर टोनी, जनप्रतिनिधि चन्दु वसुनिया, विपिन राठौड, स्वच्छता भारत मिशन ब्राण्ड एम्बेसेडर श्रीकांत द्विवेदी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.वी.सिंह, मोना बचले, राकेश बेनल, उपयंत्री व निकाय के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। नपा सीएमओ वीके सिंह के अनुसार यह सड़क बनने के बाद क्षेत्र के नागरिकों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएँ मिलेंगी। सुबह-शाम टहलने और पैदल वॉकिंग करने वाले लोगों को साफ, सुरक्षित और आरामदायक रास्ता मिलेगा। बगीचे की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। यह विकास कार्य क्षेत्र की जनता को समर्पित है।

### अवैध शराब भंडारण कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार, प्रकरण में चिक्की ब्राउन है जेल में अजय उर्फ अज्जू माइकल का नाम भी आया सामने



**धार,निप्र।** जिले में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के बड़े भंडारण मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अजय उर्फ अज्जू माइकल को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह पूर्व में हत्या के प्रयास और शराब तस्करी जैसे मामलों में जेल भी जा चुका है। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब भंडारण की कार्रवाई की थी, इस मामले में पुलिस ने 8 मार्च 2026 को आरोपी चिक्की उर्फ ईमानवेल और उसकी पत्नी रानू ब्राउन को गिरफ्तार किया था। आरोपी चिक्की उर्फ ईमानवेल वर्तमान में जिला जेल धार में बंद है तथा उसकी पत्नी को उच्च न्यायालय खंडपीठ से जमानत प्राप्त हुई है। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस पूरे नेटवर्क में अजय उर्फ अज्जू माइकल निवासी शुक्ला कॉलोनी की संलिप्तता पाई गई थी, जिसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। नगर पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा के मार्गदर्शन और कोतवाली थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को 13 मई को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपी से शराब के अवैध क्रय-विक्रय और नेटवर्क से जुड़े अन्य नामों के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कार्रवाई में में उपनिरीक्षक आकाश सिंह, प्रधान आरक्षक अरविंद चौहान, अजय सिंह और आरक्षक रामनरेश यादव की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

### प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करे

## राष्ट्रीय एकात्मता, अनुशासन से ही सशक्त बनेगा भारत : सावित्री ठाकुर



विनय उजाला

**धार, निप्र। वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य एवं जनसुरक्षा की संवेदनशील परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री भारत सरकार सावित्री ठाकुर ने अपने कारकेट से पायलट एवं फॉलो वाहन का त्याग कर सादगी, उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रनिष्ठा का प्रेरणादायी संदेश दिया।**

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का है तथा प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक दायित्व है कि वह राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ करे।

उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश के प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि जब राष्ट्र चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों से गुजर रहा हो, तब केवल शासन-प्रशासन ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक हो जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण के प्रति सजगता ही एक सशक्त राष्ट्र की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संयम, अनुशासन, सेवा भावना एवं राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्यों को आत्मसात करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि भारत की शक्ति उसकी एकता, सांस्कृतिक गौरव एवं सामूहिक संकल्प में निहित है।

यदि देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करेगा, तो भारत निश्चित रूप से आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं विश्वपटल पर और अधिक प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। माननीया मंत्री ने सभी नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करने का आह्वान किया है।

# भाजपा जो कहती है, वो करती ही है : अनिता नागरसिंह चौहान

## कैबिनेट मंत्री एवं सांसद के प्रयासों से आजाद नगर क्षेत्र में 125.75 करोड़ की 64 सड़कों की मिली बड़ी सौगात

विनय उजाला





**आलीराजपुर, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह कर के दिखाती है, यह बात आज पुन: चरितार्थ हो गई। लोकसभा चुनाव के दौरान कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान ने रतलाम झाबुआ आलीराजपुर में प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़को के संबंध में बताई जा रही समस्याओं के चलते वादा किया था कि 'गांव गांव की तर्ज पर फलिया फलिया सड़के बने। इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।' इस वादे को पूर्ण करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत आलीराजपुर जिले को बड़ी सौगात देते हुए 127.45 किमी सड़कों को स्वीकृत करते हुए 125.75 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि आलीराजपुर-झाबुआ-रतलाम क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में गांवों में फलिया नुमा दूर-दूर बसाहट होने से वहां तक सड़कों का निर्माण नहीं हो पाता था। जिसके लिए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास विभाग के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को आदिवासी अंचल के ग्रामीण ग्रामों में गांवों की फलिया नुमा बसाहट से अवगत करवाते हुए ग्रामीण भाई बहनों की समस्याओं से अवगत करवाया। जिसके बाद मंत्री एवं सांसद के प्रयासों से पूरे प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के माध्यम से फलियों फलियों तक सड़क बनाने पहल शुरू हुई। इसी पहल के पहले चरण की शुरुआत शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली आजाद नगर (भाबरा) विकासखंड से की जाकर यहां 64 सड़को को स्वीकृति देते हुए उनके लिए 125 करोड़ 75 लाख रुपए की स्वीकृति देने की जानकारी स्वयं केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांसद अनिता नागरसिंह चौहान को पत्र लिखकर दी। इन 64 सड़कों के स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत लगभग 127.45 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की 66 बसाहटों को सड़क संपर्क सुविधा प्राप्त होगी। यह सड़कें केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत नहीं करेंगी, बल्कि राज्य के साथ वहां फलियों में रहने वाले आम जनमानस को भी सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करेंगी।

### इस नवीन विकास की गाथा को लिखने में इनका रहा योगदान

कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद अनिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल, महामंत्री रिंकेश तंवर, मोंटू शाह, राजू मुवेल, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, युवा नेता विशाल रावत, जिला उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला, अजय आजाद नगर मंडल अध्यक्ष नारायण अरोड़ा सहित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने इस स्वीकृति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित केंद्र एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, आवागमन सुगम बनेगा तथा स्थानीय विकास को नई दिशा मिलेगी।

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

विनय उजाला



### कई मुख्य योजनाओं पर हुई चर्चा

बैठक में स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना, फॉस्टर केयर एवं आफ्टर केयर योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र बच्चों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से जुड़े मुद्दों पर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों के प्रति समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए ग्राम स्तर से लेकर शहरी क्षेत्रों तक सतत जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएं। बैठक में बच्चों के लिए 'फिट सेंटर' भवन के चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही ग्राम/वार्ड स्तर एवं जिला स्तरीय समितियों का गठन कर संबंधित सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि बाल संरक्षण संबंधी मामलों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

**झाबुआ,निप्र।** कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभा कक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं बच्चों के संरक्षण, सुरक्षा तथा कल्याण से संबंधित विषयों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।


कलेक्टर ने जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह अनिवार्य रूप से एक दिवस पोक्सो एक्ट, साइबर क्राइम, लिंग भेद, बाल अधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना वर्तमान समय की आवश्यकता है।

बैठक में सोशल मीडिया एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बच्चों की जागरूकता के लिए सकारात्मक एवं प्रेरणादायी विषय-वस्तु तैयार कर प्रचार-प्रसार किए जाने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रसारित करने के लिए प्रभावी माध्यम के रूप में किया जाना चाहिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की नियमित मॉनिटरिंग, समय पर सहायता उपलब्ध कराने तथा बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक कलेक्टर आयुषी बंसल, अपर कलेक्टर सी एस सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय सिंह मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने टीईटी पर सुनवाई की, फैसला सुरक्षित रखा

### रिव्यू से राहत नहीं मिली तो क्यूरेटिव लगाएंगे

विनय उजाला



**डही, निप्र।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्यता के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लगी पुनर्विचार याचिकाओं पर 13 मई को ओपन कोर्ट में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सुनवाई की। इसके पश्चात सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अभी अंतिम निर्णय आना बाकी है।

इधर, विगत कई माह से सुप्रीम कोर्ट में टीईटी प्रकरण की सुनवाई पर लाखों शिक्षकों की निगाहें टिकी हुई थी। अब फैसला क्या आता है, इस पर भी शिक्षकों की नजरें रहेंगी। टीईटी अनिवार्यता प्रकरण से विकासखंड डही के 300 शिक्षक, जिले के 5 हजार, प्रदेश के डेढ़ लाख और देश भर के 25 लाख शिक्षक प्रभावित हैं।

ट्राईबल जिलों में कार्यरत संगठन ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने भी सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। एसोसिएशन की तरफ से पूर्व चीफ जस्टिस और वरिष्ठ अधिवक्ता रविशंकर झा ने बेहद मजबूती और दमदारी के साथ पक्ष रखा। उन्होंने टीईटी छूट के साथ-साथ विशेष पिछड़ी जनजाति शिक्षकों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंगौर सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कोर्ट की मुख्य चिंता 2017 के प्रोविजो पर केंद्रित रही। माननीय न्यायालय का कहना रहा कि एनसीटीई को एक्ट के विरुद्ध छूट देने का अधिकार नहीं है। सिंगौर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से समाधान कारक फैसला आने की उम्मीद है। लेकिन यदि फैसला हमारे खिलाफ आता है तो हम क्यूरेटिव पिटीशन दायर करेंगे।

एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी ने बताया कि टीईटी मामले में प्रदेश सरकार के साथ ही अन्य राज्य और शिक्षक संगठनों की करीब 50 पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल हुई थी। बुधवार को ओपन कोर्ट में हुई सुनवाई में देश के 10 सर्वश्रेष्ठ कॉउंसल, 2 एडिशनल सॉलिसिटर जनरल, 5-6 रिटायर जज से बने कॉउंसल, 11 स्टेट कॉउंसल ने टीईटी अनिवार्यता प्रकरण पर अपना पक्ष रखा।

अधिवक्ताओं ने दलील दी कि 2010 के पहले जो शिक्षक नियुक्त हुए थे, उस समय आरटीई एक्ट लागू नहीं था। ऐसे में उन्हें टीईटी से बाहर रखा जाए। सुनवाई के दौरान आरटीई एक्ट 2017 के संशोधन पर भी अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। वहीं कुछ याचिका में 2 साल के समय को बढ़ाकर 4 साल तक किए जाने का निवेदन भी किया गया है।

### क्या है मामला

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता द्वारा एक सितंबर 2025 को फैसला दिया गया था कि आरटीई एक्ट लागू होने से पहले नियुक्त ऐसे सेवारत शिक्षक जिनकी सेवा को 5 वर्ष से अधिक का समय बचा है, उन्हें सेवा में बने रहने के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा पास करने के लिए सेवारत शिक्षकों को 2 साल का समय दिया है। जिसकी डेटलाइन 31 अगस्त 2027 तक रहेगी।

## रिधिमा राठी ने बढ़ाया बाग का गौरव

विनय उजाला



**बाग,निप्र।** सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में बाग के छात्रों ने शानदार सफलता प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। महेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा रिधिमा राठी ने 95.5% अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया, बल्कि तहसील में प्रथम और धार जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि छोटे नगरों के सपने भी बड़े आकाश को छू सकते हैं। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई मिसाल प्रस्तुत की। इसमें वीरेंद्र भाटी - 85.4%, आर्या जैन - 85% साक्षी रावत - 83%, यश शिंदे - 82%, अदिति बघेल - 78%, कनिष्का चौहान - 76.2%, आशा भिडे - 75%, इशिका सिसोदिया - 75%, वंशिका सोलंकी - 75% रहा। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. करुणेश रघुवंशी एवं डॉ. सुनीता रघुवंशी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का दीपक बनेगी और बाघ जैसे छोटे नगरों के बच्चों को बड़े सपने देखने का साहस देगी।

## कैबिनेट मंत्री चौहान ने लौटाया फॉलो वाहन

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डीजल बचत एवं संसाधनों के सीमित उपयोग के आह्वान को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा हेतु जिला स्तर पर उपलब्ध कराए गए फॉलो वाहन को वापस करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर को पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान को सुरक्षा की दृष्टि से एक फॉलो वाहन उपलब्ध कराया गया था। इसके अतिरिक्त जिले में भ्रमण के दौरान संबंधित थाने का वाहन भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईरान - अमेरिका युद्ध के चलते डीजल पेट्रोल की बचत के संबंध में किए गए आव्हान को मूर्त रूप देते हुए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने ईंधन की बचत और अनावश्यक संसाधन उपयोग को कम करने की मंशा से निर्णय लेते हुए 14 मई 2026 से जिले के भीतर स्थानीय कार्यक्रमों में फॉलो वाहन का उपयोग बंद करने और उपलब्ध वाहन को वापस लौटाने का निर्णय लिया है।

कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के इस निर्णय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को मूर्त रूप देने की दिशा में सकारात्मक पहल बताया जा रहा है, साथ ही यह निर्णय जनप्रतिनिधियों के बीच सादगी, संसाधन संरक्षण एवं जवाबदेही का संदेश देने वाला माना जा रहा है। कैबिनेट मंत्री चौहान के इस निर्णय को सांसद अनिता चौहान, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मकू परवाल, महामंत्री रिंकेश तंवर मोंटू शाह राजू मुवेल, सभी मंडल अध्यक्षों सहित समस्त पदाधिकारीगण, कार्यकर्ताओं द्वारा सराहनीय कदम बताया गया।



### पेरिस में मध्यप्रदेश की 'बाग प्रिंट' कला ने छोड़ी अमिट छाप

## फोयर डे पेरिस अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का भव्य समापन, 'बाग प्रिंट' रही आकर्षण का केंद्र

विनय उजाला

**बाग, निप्र। फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित यूरोप के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित मेले 'फोयर डे पेरिस' का भव्य समापन हो गया।**

30 अप्रैल से 11 मई तक चले इस 12 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महाकुंभ में मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर 'बाग प्रिंट' न केवल आकर्षण का केंद्र रही, बल्कि इसने वैश्विक पटल पर भारतीय हस्तशिल्प की अमूल्य साख को नए आयाम दिए। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा चयनित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री ने इस मंच पर देश का सफल प्रतिनिधित्व किया।

आयोजन का सबसे भावुक और ऐतिहासिक पल तब आया, जब प्रदर्शनी में मौजूद फुलियाहू की नजरें बाग प्रिंट के स्टॉल पर ठहरीं। इन चटक लाल-काले रंगों ने उन्हें सीधे वर्ष 1971 की यादों में पहुँचा दिया। फुलियाहू ने भावुक होकर साझा किया कि 55 साल पहले उन्होंने बेलगाड़ी के कठिन सफर के बाद बाग गाँव पहुँचकर इस कला को करीब से देखा था। उस समय उनकी मुलाकात बाग प्रिंट के शिल्पकार स्व. इस्माइल सुलेमानजी खत्री से हुई थी। आज पेरिस के दिल में उनके पोते बिलाल खत्री को उसी विरासत को सहेजते देख फुलियाहू दंग रह गए। पोर्टे डे वर्साय के भारतीय पवेलियन में खत्री द्वारा किए गए 'लाइव डेमोंस्ट्रेशन' ने विदेशी आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भारतीय दूतावास की सेक्रेटरी सुश्री वर्धा खान और सेक्रेटरी माधव आर. सल्फुले ने भी स्टॉल का अवलोकन किया। शिल्पकार द्वारा भेंट किए गए 'अंगवस्त्र' और ठप्पा प्रिंटिंग के अनुभव ने राजनयिकों को अत्यधिक प्रभावित किया। अधिकारियों ने बिलाल खत्री की सराहना करते हुए उन्हें भारत का सांस्कृतिक दूत बताया। वहीं, 'सिटी ऑफ लाइट्स' के नाम से विख्यात पेरिस की सुंदरता पर चर्चा करते बिलाल खत्री ने अपने अनुभवों को विस्तार से साझा किया।



### विरासत और भविष्य का तालमेल

खत्री ने बताया कि उन्होंने पेरिस के बाजार के लिए विशेष रूप से आधुनिक रंगों और डिजाइनों का चयन किया था, जिसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। उन्होंन सफलता का श्रेय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) अमृत राज के मार्गदर्शन को दिया।

**स्थापत्य कला का शिखर:** शिल्पकार ने पेरिस की विश्वप्रसिद्ध वास्तुकला का अवलोकन किया, जहाँ एफिल टावर की गगनचुंबी भव्यता से लेकर नॉट्रे-डेम कैथेड्रल की गोथिक कला के सूक्ष्म विवरणों ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। सैक्रे-कोउर बेसिलिका के सफेद गुंबद और लेज़नवालीद की सुनहरी नक्काशी को देखकर उन्हें अहसास हुआ कि पत्थरों पर उकेरी गई यह विरासत ठीक वैसी ही है, जैसे बाग के जंगलों में लकड़ी के ब्लॉकों से कपड़ों पर इतिहास उकेरा जाता है।

**कला और संस्कृति का जीवंत संगम:** खत्री ने बताया कि पेरिस केवल एक शहर नहीं, बल्कि कला का एक खुला संग्रहालय है। सीन नदी के किनारे टहलते हुए, वहां की ऐतिहासिक इमारतों पर ढलती शाम की सुनहरी रोशनी और रात के समय झिलमिलाती लाइटों के प्रतिबिंब ने एक अलौकिक दृश्य उत्पन्न किया।

**प्रेरणा का नया स्रोत:** उन्होंने भावुक होकर कहा, 'पेरिस की गलियों में इतिहास खुद सांस लेता प्रतीत होता है। यहाँ के हर चौराहे पर कला के प्रति जो गहरा सम्मान और जुनून दिखाई देता है, उसने मेरे भीतर अपनी पारंपरिक 'बाग प्रिंट' कला को वैश्विक ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प को और अधिक दृढ़ कर दिया है।

# सीएम ने एयरपोर्ट, सिंहस्थ, कृषि, यूसीसी पर किया मंथन

## डॉ. यादव ने नई दिल्ली में की महत्वपूर्ण बैठकें

विनय उजाला

**नई दिल्ली/भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों, आधारभूत संरचना, धार्मिक पर्यटन, कृषि, सिंचाई, शहरी विकास और कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इन बैठकों को मध्यप्रदेश के विकास एजेंडे और आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।**

डॉ. यादव ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री एन राजू राम मोहन नायडू से मुलाकात कर उज्जैन एयरपोर्ट परियोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की। कहा कि महाकाल लोक और उज्जैन में धार्मिक पर्यटन के तेजी से बढ़ते दायरे को देखते हुए एयर कनेक्टिविटी का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग अथॉरिटी के स्वरूप, क्षेत्रीय विकास और इंदौर-उज्जैन कॉरिडोर में बढ़ती आर्थिक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे एयर इंफ्रास्ट्रक्चर, नए एयर रूट्स और पर्यटन आधारित विकास मॉडल की जानकारी दी। डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर कहा मप्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की दिशा में प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

### केन्द्रीय मंत्री शाह से नक्सल उन्मूलन और कानून व्यवस्था पर चर्चा



डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में नक्सल उन्मूलन अभियान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से डिंडोरी और बालाघाट क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकास एवं शांति प्रयासों का उल्लेख किया। बैठक में नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह को बालाघाट दौरे का निमंत्रण भी दिया।

### सिंहस्थ 2028 को लेकर की मनोहर लाल से बातचीत



डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को बताया कि उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार अभी से अधोसंरचना विकास, शहरी विस्तार और यातायात प्रबंधन पर काम कर रही है। बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगरीय अधोसंरचना, स्वच्छता मिशन और आधुनिक शहरी नियोजन पर भी चर्चा हुई। इंदौर-उज्जैन और भोपाल मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी के गठन और उनकी कार्य योजना की जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश ने गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

### मंत्री पाटील के साथ अहम बैठक में गेहूं खरीदी, जल संरक्षण पर चर्चा



डॉ. यादव ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील से गेहूं खरीदी, सिंचाई परियोजनाओं और जल संरक्षण को लेकर चर्चा की। केंद्र सरकार से गेहूं खरीदी लक्ष्य बढ़ाने का अनुरोध करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में इस वर्ष रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और 75 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं खरीदी की जा चुकी है। बैठक में प्रधानमंत्री कुसुम योजना, सौर ऊर्जा विस्तार और किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के प्रयासों पर भी चर्चा हुई। मध्यप्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहां किसानों को सबसे सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। फूड प्रोसेसिंग, वेयरहाउसिंग और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई परियोजनाओं पर भी मंथन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री पाटील के बीच बेतवा-पार्वती-कालीसिंध लिंक परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

### डॉ. यादव ने दिल्ली मेट्रो में किया सफर... प्रधानमंत्री मोदी के पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग के आह्वान पर किया अमल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान मेट्रो ट्रेन से सफर कर मितव्ययता का उदाहरण प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि देश में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, प्रदूषण और वर्तमान वैश्विक संकट के दृष्टिगत भविष्य के लिए ईंधन की बचत और वर्तमान में की जा रही खपत को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार पब्लिक ट्रांसपोर्ट और मेट्रो के अधिक उपयोग की अपील की है। इसी दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए डॉ. यादव ने दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन मेट्रो में यात्रा की। डॉ. यादव ने आम यात्रियों के बीच रहकर सफर किया और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के महत्व को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मेट्रो सफर की सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक क्षेत्र में काफी चर्चा रही। इसे एक प्रतीकात्मक और प्रभावशाली संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें आम नागरिकों को भी यह प्रेरणा मिलती है कि यदि जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सकते हैं, तो सभी इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकते हैं।

#### कार्बन उत्सर्जन में कमी और प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी उपयोगी है मेट्रो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेट्रो सफर के संदर्भ में कहा कि मेट्रो जैसे आधुनिक परिवहन साधन समय की बचत के साथ पर्यावरण-संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बड़े शहरों में लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बेहद आवश्यक है। इससे न केवल ट्रैफिक जाम कम होगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा कि भारत तेजी से आधुनिक और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जहां परिवहन व्यवस्था को अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री टेटवाल सार्वजनिक बस से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुंचे



**भोपाल, निप्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने के संदेश से प्रेरित होकर कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर से पचोर तक सार्वजनिक परिवहन बस सेवा से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुँचे। मंत्री टेटवाल ने कारकेड और औपचारिक प्रोटोकॉल से अलग आम नागरिकों के बीच बस में यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित का संदेश दिया। मंत्री टेटवाल ने विगत दिनों पचोर में पेट्रोल पंप पर हुई दु:खद घटना में प्रभावित परिवारों से भेंट की। टेटवाल ने नागरिकों से भी अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण और देशहित के बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

### सीएम ने छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर किया नमन

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रभक्त और योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संभाजी महाराज ने असहनीय यातनाओं को सहकर भी अपना धर्म नहीं छोड़ा और मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मां भारती की सेवा में उनका योगदान सदा अविस्मरणीय रहेगा।

### दतिया में बढ़ा भाजपा का कुनबा, यादव समाज के कई प्रभावशाली चेहरे भाजपा में शामिल



**भोपाल, निप्र।** दतिया जिले के जौहरिया गांव सहित आसपास के कई गांवों से यादव समाज के बड़ी संख्या में सम्मानित लोगों ने आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के भोपाल स्थित निवास पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। डॉ. मिश्रा ने सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए भाजपा की पट्टिका पहनाई और कहा कि प्रदेश में भाजपा की विकासवादी राजनीति तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीद्व के नेतृत्व पर समाज का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से चेतराम यादव, पंजाब सिंह यादव, राजवीर यादव, सहाव सिंह यादव, संदीप यादव, नीरज यादव, अनीस यादव, रवि यादव, शिवकांत यादव, जितेंद्र यादव, अंकित यादव, अखलेश यादव, नीराज झाँ, विनय झाँ, मोनू माहव, पंकज झाँ तथा वनवास गांव के नितेश विश्वकर्मा शामिल रहे। राजनीतिक जानकार इस घटनाक्रम को दतिया क्षेत्र में भाजपा के बढ़ते जनाधार और सामाजिक समीकरणों में अहम बदलाव के रूप में देख रहे हैं।

### शुक्ल श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल



**भोपाल (विनय उजाला)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ग्राम अमरैया दुआरी में नरेन्द्र शुक्ला के निवास में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना दायित्व : तोमर



**भोपाल, निप्र।** विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 'संपर्क अभियान : 2026' के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये आयोजित विशेष शिविर का शुभारंभ ग्वालियर के तानसेन नगर जोन के नवीन पार्क स्थित कैंप से किया। शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लेने ऊर्जा मंत्री इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन से पहुंचे। उन्होंने समाधान योजना का लाभ उठाने की भी लोगों से अपील करते हुए बताया कि यह योजना कल 15 मई तक के लिए और है।

## मप्र पुलिस विभाग में जल्द हो सकते हैं बड़े स्तर पर तबादले

# एएसपी, डीएसपी और इंस्पेक्टर के जल्द होंगे ट्रांसफर

मनोहर राजपूत

**भोपाल (विनय उजाला)। सूत्रों के अनुसार एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के अधिकारियों की तबादला सूची पर प्रदेश सरकार ने सहमति दे दी है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय में डीजीपी सहित वरिष्ठ अधिकारियों की अंतिम दौर की बैठक भी हो चुकी है।**



जानकारी के मुताबिक कानून व्यवस्था, प्रशासनिक आवश्यकता और लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों को ध्यान में रखते हुए यह तबादला सूची तैयार की गई है। कई जिलों में पदस्थ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। पुलिस विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सूची जल्द जारी हो सकती है। तबादलों को लेकर पुलिस महकमे में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और अधिकारी-कर्मचारी संभावित नई पदस्थापना को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं, ट्रांसफर नियम भी आसान कर दिए हैं।



### सूची में जिलों के प्रभारी मंत्रियों को विश्वास में लिया

पुलिस विभाग की सूची में जिले के प्रभारी मंत्रियों को विश्वास में लिया गया है। पुलिस अफसरों की अंतिम बैठक पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को हो चुकी है। डीजीपी कैलाश मकवाना, स्पेशल डीजी आदर्श कटियार, स्पेशल डीजी अनिल कुमार, पंकज श्रीवास्तव, एडीजी ए साई मनोहर, एडीजी चंचल शेखर, इंटेलिजेंस आईजी डॉ, आशीष सिंह बैठक में मौजूद थे। इस दौरान जिलों और शहरों में बढ़ते अपराध, आम जन पर पुलिस का विश्वास, अपराध पर नियंत्रण को लेकर भी चर्चा हुई। पुलिस विभाग के अफसरों ने कहा कि जिलों में नए पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर हुए हैं। अब अपराधों पर अंकुश जरूर लगेगा।

# अब बिजली खरीद समझौतों के लिए कैबिनेट की पूर्व मंजूरी होगी अनिवार्य

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने निर्णय लिया है कि नई दीर्घकालीन और मध्यकालीन बिजली खरीद समझौते (PPA) और बिजली आपूर्ति समझौते (PSA) मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही लागू किये जा सकेंगे। यह निर्णय शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अब तक समझौते कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा अनुमोदित किए जाते थे, लेकिन अब सभी नए समझौतों के लिए कैबिनेट स्तर की मंजूरी प्राप्त करने का प्रस्ताव किया गया है। ऊर्जा विभाग और राज्य सरकार पहले से मौजूद लगभग 1,795 छोटे, बड़े एवं लघु तथा दीर्घ अवधि के बिजली खरीद समझौतों और 26,012 मेगावाट की क्षमता के फलस्वरूप वर्तमान में प्रदेश में निर्बाध विद्युत सप्लाई कर रही है। साथ ही मध्यप्रदेश एनर्जी सरप्लस राज्य के रूप में कार्य कर रहा है। इस नीति में बदलाव का प्रमुख कारण यह है कि दीर्घकालीन बिजली खरीद समझौते अत्यंत महत्वपूर्ण वित्तीय प्रतिबद्धताएं हैं, जो वर्षों तक सरकार को प्रभावित करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये समझौते राज्य के हित में हो और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करें। एक अन्य कारण यह भी है कि वर्तमान में नई तकनीकी के कारण बायोमास, सोलर बेट्री स्टोरेज, पम्प हाउड्रो स्टोरेज, न्यूक्लियर एनर्जी जैसी कई नई तकनीकों से उत्पादित होने वाली ऊर्जा के अनुबंधों के प्रस्ताव आ रहे हैं, इस बारे में राज्य शासन और वित्त विभाग के परामर्श की आवश्यकता महसूस हो रही है।

# सीवर लाइन निर्माण से क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल रेस्टोरेशन कराएं : शुक्ल



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सीवर लाइन निर्माण और पेयजल व्यवस्था के कार्यों की विशेष निगरानी आवश्यक है।**

निर्माण एजेंसी सीवर लाइन निर्माण से क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल रेस्टोरेशन कराए। गुलाब नगर के समीप माडल रोड में सीवर लाइन का कार्य 10 दिनों में पूरा कराकर सड़क में सुधार का कार्य कराएं। शहर में बनाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों को चालू कराकर सीवरेज लाइन से घरों को जोड़ें। आयुक्त नगर निगम निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करते हुए समय पर राशि जारी करें।

### उप मुख्यमंत्री बोले निर्माणाधीन 6 टंकियों का कार्य जून तक पूरा कराकर पानी की आपूर्ति करें

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत-2 योजना से शहर में पानी की 12 बड़ी टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 6 टंकियों का निर्माण कार्य 30 जून तक पूरा करा दें। टंकी का निर्माण कार्य पूरा होने के साथ-साथ घरों में कनेक्शन देने का कार्य भी तत्परता से कराएं। इनसे लगभग 5 हजार घरों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति होने लगेगी।

## प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 प्रभावी, आयुक्त भोंडवे ने किया सतर्क

# कचरा न छांटने, गंदगी फैलाने पर जुर्माना, होगी जेल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने सभी नगरीय निकायों को 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026' का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब शहर से कचरा केवल हटाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि 'वेस्ट टू वेल्थ' की परिकल्पना को साकार करते हुए रिसायकल के लिए इसका जिम्मेदारी से प्रबंधन करना आवश्यक है।**




इन नवीन नियमों के तहत अब प्रत्येक घर में कचरे का अलग-अलग संग्रहण अनिवार्य किया है, अब नागरिकों को गीला, सूखा और घरेलू हानिकारक कचरा पृथक डस्टबिन में देना होगा। इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से गीले कचरे से जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा तथा सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्चक्रण होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 'स्वच्छता अब सिर्फ आदत नहीं, बल्कि एक अनिवार्य जिम्मेदारी है।' खुले में कचरा फेंकने, प्लास्टिक जलाने या सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने जैसी गतिविधियों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक प्रक्रिया के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा।

### लापरवाही और नियमों के उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

इसके अतिरिक्त, थोक कचरा उत्पादकों (बीडब्ल्यूजी) को भी अपने परिसर में ही कचरे का ऑन-साइट प्रसंस्करण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सुरक्षित पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य के निर्माण के लिए राज्य के 406 नगरीय निकाय पूर्णतः कटिबद्ध हैं, जिनमें 28 नए निकाय पहली बार इस प्रतिस्पर्धा में शामिल हो रहे हैं। नागरिकों की छोटी पहल से बड़े बदलाव का लक्ष्य लेकर चल रहे इन निकायों द्वारा जमीनी स्तर पर की जा रही तैयारियों का मूल्यांकन विभिन्न श्रेणियों में किया जाएगा। सर्वेक्षण में मैदानी स्तर पर उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा विभागीय अमले की दक्षता बढ़ाने के लिए प्रदेश में 51 क्षमता वर्धन कार्यशालाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है।

## मुख्य सचिव ने सभी विभागों को दिए निर्देश

# बाढ़-राहत, बचाव संबंधी एसओपी का पालन करें : जैन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राज्य स्तरीय समिति की बैठक में बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी निर्देश दिये हैं कि जरूरत पड़ने पर सभी विभाग उन्हें दी गई जिम्मेदारियों के अनुरूप कलेक्टर के समन्वय में बाढ़ राहत और बचाव संबंधी कार्य करेंगे।**



उन्होंने विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे निर्धारित एसओपी के अनुसार 30 मई तक सभी जरूरी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर लें। मुख्य सचिव जैन गुरुवार को मंत्रालय में वर्षा पूर्व बाढ़ से बचाव संबंधी आवश्यक प्रबंधों की राज्य स्तरीय बैठक में समीक्षा कर रहे थे। गृह विभाग इस कार्य के लिए नोडल होगा। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित सहित अन्य विभाग प्रमुख वीडियो कॉफ्रेंसिंग से बैठक में शामिल हुए। सेना के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में राहत आयुक्त विवेक पोरवाल ने विगत वर्षों की बाढ़ और बारिश की स्थिति तथा विभागों को सौंपे गए कार्यों की जानकारी का प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य सचिव जैन ने अगले 15 दिनों में सौंपे गये दायित्वों को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### मानसून पूर्व हुई राज्य स्तरीय बैठक

मानसून पूर्व बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए हुई राज्य स्तरीय बैठक में गृह विभाग को सेना से समन्वय, बाढ़ बचाव उपकरणों की तैयारी, प्रशिक्षित तैराकों की सूची और नियंत्रण कक्ष से समन्वय की जिम्मेदारी दी गई। राजस्व विभाग को सभी कलेक्टर को चेक-लिस्ट अनुसार तैयारी, आपदा की स्थिति में क्षति आकलन और समय पर राहत वितरण सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अस्थायी शिविरों के लिए भवन चयन, जर्जर भवनों के चिन्हांकन की कार्रवाई, निचले क्षेत्रों से आबादी का स्थानांतरण और खुले बोरवेल/कुओं की सुरक्षा के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग को पुलों पर बेरियर, जर्जर भवनों की मरम्मत और चेतावनी बोर्ड लगाने का कार्य सौंपा गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, आलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, आलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560